माघ शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 24 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 184, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु 16

जंगली पोकर के अपने टाइप के लोग कैम्पेन में अनिल 2

## एक नजर

### लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन

**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री जोशी (86) को दिल का दौरा पड़ने के बाद 21 फरवरी को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी अविभाजित शिवसेना से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। वे 1995 से 1999 तक मुख्यमंत्री रहे। जोशी संसद सदस्य भी चुने गए थे, वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष रहे। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### सुहानी के परिजनों को आमिर ने बंधाया ढांढस

**फरीदाबाद।** फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर की मौत के बाद अभिनेता आमिर खान ने गुरुवार को यहां उनके परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। सुहानी भटनागर (19) की 16 फरवरी को मौत हो गई थी। सुहानी के करीबी रिश्तेदार नवनीत भटनागर ने बताया कि आमिर खान गुरुवार शाम छह बजे फरीदाबाद स्थित सुहानी के घर पहुंचे।

# जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में इंडी गठबंधन पर जमकर बोला हमला

## करखियांव में किया 13 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

- **बनास काशी संकुल समारोह को संबोधित करते मोदी ने कहा काशी का अपमान युवा नहीं भूलेंगे**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थानीय भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन को सीधे निशाने पर रखा।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल के उद्घाटन समारोह और पूर्वांचल के लिए 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का कहना है कि काशी के नौजवान नशेड़ी हैं। मोदी को गाली देते-देते दो दशक बिता दिए, अब ये लोग यहां के नौजवानों पर भड़ास निकाल रहे हैं। बोले कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि काशी और उप्र.का नौजवान विकसित यूपी बनाने में जुटा है। अपना भविष्य बनाने में लगा हुआ है। उप्र. के युवा कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा किया गया अपमान कभी नहीं भूलेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि परिवारवादी हमेशा युवा शक्ति और मेधा से डरते हैं। उन्हें लगता है कि सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगा। इन्हें वही पसंद आते हैं जो दिन रात इनकी जय-जयकार करते रहें। राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण यह है कि इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। ये राममंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातों से हमला करते हैं। मुझे नहीं पता था कि कांग्रेस को श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोट बैंक से बाहर कुछ सोच ही नहीं पाते। जब चुनाव आता है तो ये लोग साथ आते हैं।

### इहां सब गुरू ह, गठबंधन क पैंतरा ना चली

**वाराणसी।** मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि 'ई बनारस हव, इहां सब गुरू ह। इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। भाषण की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए मोदी ने कहा कि काशी की धरती पर आज एक बार फिर आवे क मौका मिलल हव। जब तक बनारस नाही आइत तब तक हमार मन नाहीं मानेला। 10 साल पहिले आप लोग हमके बनारस क सांसद बनइला, अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बना देलस।

### पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को मिलेगी गति

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री ने वाराणसी में जिन 13 हजार करोड़ से ज्यादा की 45 परियोजनाओं की शुरुआत की उनसे, पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को गति मिलेगी। इसमें रेल, रोड, एयरपोर्ट, पशुपालन, उद्योग, खेल, कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, अध्यात्म, पर्यटन, एलपीजी गैस जैसे अनेक क्षेत्रों से जुड़े कार्य हैं। रोजगार के नए अवसर बनेंगे। संत रविदास की जन्मस्थली से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

### जो कभी नहीं हुआ, मोदी ने वह कर दिखाया: योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, काशी को प्रधानमंत्री द्वारा 45 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गईं। जो कभी नहीं हुआ, वह पीएम ने कर दिखाया। योगी ने अंगवस्त्र व कामधेनु की मूर्ति देकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने जीआई उत्पादों के पांच कारीगरों जमालुद्दीन अंसारी, श्रीकांत मिश्र, सत्या सिंह, अमृता सिंह और सिद्धार्थ मौर्य को अधिकृत उपयोगकर्ता का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

# खनौरी जाने से रोकने पर किसानों ने किया पथराव, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

## प्रदर्शनकारियों ने मनाया काला दिवस, भाजपा नेताओं के पुतले फूंके

हिसार/अमृतसर, एजेंसी

पुलिस ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा की ओर बढ़ रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसूगैस के गोले दागे और लाठी चार्ज भी किया। विरोध में किसानों की ओर से भी पथराव किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिसार-नारनौंद रोड पर ये किसान खेरी चोपटा गांव से खनौरी सीमा जा रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन पर आंसूगैस के गोले दागे। किसान पिछले कुछ दिनों से पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। वे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के 'दिल्ली चलो' आह्वान पर वहां इकट्ठा हुए हैं।

दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शुक्रवार को काला दिवस मनाया और राज्य की सीमा पर दो जगह डेरा डाले प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भाजपा के नेताओं के पुतले फूंके। हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच हिंसा में मारे गए किसान शुभकरण सिंह के प्रति शोक व्यक्त करने के लिए एसकेएम ने काला दिवस मनाने का आह्वान किया था। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) ने पंजाब के 17 जिलों में 47 स्थानों पर प्रदर्शन किया और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंके। अमृतसर में, किसानों ने मुख्य प्रवेश बिंदु न्यू गोल्डन गेट पर भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का पुतला फूंका।

होशियारपुर जिले में भी प्रदर्शन किया गया, किसानों ने केंद्र और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### मारे गए किसान के परिवार को एक करोड़ देगी पंजाब सरकार

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खनौरी सीमा पर मारे गए किसान शुभकरण सिंह के परिवार को मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये और उसकी बहन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में बुधवार को झड़प में बठिंडा के किसान सिंह (21) की मौत हो गई थी और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मान ने पंजाबी भाषा में एक पोस्ट में कहा कि दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। किसान नेता सिंह के मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की भी मांग की थी।

### प्राथमिकी दर्ज होने तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे

**चंडीगढ़।** किसान नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि मारे गए शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक पंजाब सरकार घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करती। पटियाला में किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने जोर दिया था कि मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अब अधिकारियों ने बताया कि यह संभव नहीं है। पंधेर ने कहा कि हमने (शुभकरण के) परिवार से कहा कि इसमें दो दिन या 10 दिन लगे। हमारे लिए पैसे महत्वपूर्ण नहीं है। प्राथमिकी दर्ज करन के बाद ही अंतिम संस्कार होगा।

# पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **सुसाइड नोट में लिखा, क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी**
- **शैक्षिक प्रमाण पत्र भी जला दिए कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा की घटना**

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती का पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने बीएससी तक के शैक्षिक प्रमाण पत्र जला कर शुक्रवार को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी। परिजनों ने कहा कि बेटे ने हाल ही में पुलिस भर्ती परीक्षा दी थी जिसका पेपर लीक होने की चर्चा से परेशान चल रहा था।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा निवासी ब्रजेश पाल (25) पुत्र लक्ष्मन पाल शुक्रवार सुबह जब कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने आवाज दी। जवाब न मिलने पर मां ने कमरे में झांका तो बेटा फंदे पर लटका था। पूर्व ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। कमरे में उसके कुछ शैक्षिक कागजात जले हुए मिले। सुसाइड नोट में लिखा था कि 'हमारी आधी उम्र पढ़ते-पढ़ते निकल गई है। ऐसी डिग्री का क्या फायदा जो एक नौकरी तक न दिला सकी। सुसाइड नोट में बीएससी तक के कागजात जलाने की बात भी लिखी है। लिखा है कि उसकी मौत के लिए माता-पिता को परेशान न किया जाए। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि युवक ने नौकरी न लगने का कारण बताते हुए सुसाइड नोट लिख फांसी लगाई है। इसमें किसी को दोषी नहीं ठहराया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अखिलेश यादव ने कहा जान देना समाधान नहीं

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि ये बेहद दुखद खबर है कि बेरोजगारी की त्रासदी से निराश होकर कन्नौज में एक युवा ने फांसी लगाकर जान दे दी और और ऐसा करने से पहले उसने अपनी सारी डिग्रियां जला डालीं। कहा कि जान देना कोई समाधान नहीं होता, संघर्ष ही रास्ता निकालता है। भाजपा सरकार में नौकरी की उम्मीद बेमानी है। जो भाजपा अपनी सरकार बनाने के लिए हर हथकंडा अपनाती है, वो नौकरी देने के नाम पर क्यों मुकर जाती है।

# विनय शंकर तिवारी के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### बैंक लोन धोखाधड़ी मामला

- **दिल्ली, गोरखपुर समेत कई जगह हुई जांच, दस्तावेज भी खंगाले गए**
- **विनय तिवारी और उनके भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर से भी पूछताछ**

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सपा नेता विनय शंकर तिवारी के अलग-अलग शहरों में स्थित 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी विनय तिवारी की गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ रुपये के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर की गई है। ईडी ने लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम में आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी की। इस मामले में ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है।

गोरखपुर धर्मशाला स्थित विनय तिवारी के आवास तिवारी हाता पर सुबह ही ईडी के तकरीबन एक दर्जन अफसर पहुंचे और दस्तावेज खंगाले। इस दौरान आवास पर मौजूद पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके बड़े भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी से भी ईडी के अफसरों द्वारा पूछताछ किए जाने की खबर है। लखनऊ में महानगर स्थित विनय शंकर तिवारी के आवास पर भी सुबह ही ईडी की टीम पहुंच गई। वहां सिर्फ स्टाफ होने के चलते गेट खुलने तक तकरीबन एक घंटे तक उन्हें बाहर ही खड़ा रहना पड़ा। यहां छानबीन के दौरान बाहर ईडी के अफसरों की ओर से प्रिंटर आदि भी मंगवाए जाने की सूचना है।

# झोपड़ी में आग लगने से 4 बच्चियां जिंदा जलीं

**संवाददाता, फरीदपुर (बरेली), अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा बिलसंडी में शुक्रवार को मकान की छत पर बनी झोपड़ी में रखे पुआल और भूसे में आग लग गई। आग लगने से लुकाछिपी खेल रहे चार बच्चों की जलकर मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर गांव वाले पहुंचे, आग बुझाई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। गांव नवादा बिलसंडी में अमिताभ, भीम, अर्जुन अपने परिवार के साथ एक छोटे से मकान में रहते हैं। छत पर दो झोपड़ी बनाकर उसमें पुआल और भूसा भी रखा था। अमिताभ की बेटी मानवी (2), नीतू (5), भीम की बेटी प्रियांशी (6) और अर्जुन की बेटी आराध्या (6) छत पर लुकाछिपी खेल रहे थे। अचानक भूसा-पुआल में आग लग गई। झुलसने से चारों बच्चों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में चार की मौत, एक घायल

### दुर्घटना

- **फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में हुआ हादसा**

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार :** फतेहगढ़ कोतवाली स्थित जिला जेल के पास शुक्रवार रात दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार युवकों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना मोहम्मदाबाद के गांव भरतपुर रसूलपुर के रहने वाले बृजमोहन (23) अपने चचेरे भाई अजय (18) के साथ फतेहगढ़ में अपनी बुआ के यहां से भरत पुर आ रहे थे। इस दौरान फतेहगढ़ कोतवाली स्थित जिला जेल के पास बने जायका होटल के पास आमने-सामने दो बाइकों में टक्कर हो गई। इससे दोनों मोटर साइकिलों पर सवार पांच युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। जब तक लोग उपचार के लिए ले जाते तब तक चार की मौत हो गई। इन चचेरे भाइयों की पहचान गांव भरतपुर के यदुवीर सिंह ने की।

वहीं दूसरी तरफ खूंटादेव के रहने वाले अमन ने बताया कि अंकित पुत्र सुभाष निवासी खूंटा देव तथा महेंद्र सिंह पुत्र रामपाल निवासी हुसैनपुर नोखण्डा व उसका भाई आशीष एक बाइक पर सवार थे। जिनमें अंकित और महेंद्र की घटना स्थल पर मौत हो गई। आशीष गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल आशीष पुत्र गुड्डू निवासी खूंटा देव थाना कमालगंज महेंद्र और अंकित के साथ याकूतगंज में किसी शादी में शामिल होने जा रहे थे।

# कप्तान-बल्लेबाज के तौर पर आत्मविश्वास से भरी स्मृति

## डब्ल्यूपीएल सीजन-2: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कोच ल्यूक विलियम्स का मानना है

**बेंगलुरू, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कोच ल्यूक विलियम्स का मानना है कि स्मृति मंधाना कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज के तौर पर दोहरी भूमिकाओं में खरी उतर रही है और आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं। डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में मंधाना दोहरी भूमिका का बोझ नहीं सह पाई थी और उनकी बल्लेबाजी खराब हो गई थी। वह पहले सत्र में 8 मैचों में 149 रन ही बना सकी थी। विलियम्स ने कहा कि वह मेहनत कर रही है। आत्मविश्वास से भरी हैं और अपने खेल तथा कप्तानी को लेकर उत्साहित हैं। कप्तानी और पारी की शुरूआत की जिम्मेदारी बड़ी है। उन्होंने यूपी वारियर्स के खिलाफ डब्ल्यूपीएल 2024 के पहले मैच से पूर्व कहा कि उसे टीम से काफी सहयोग मिल रहा है। उसकी मदद के लिए कई सीनियर खिलाड़ी हैं और वह दोनों भूमिकाओं को पृथक रखने की कोशिश कर रही है। पिछले सत्र में आरसीबी पांच टीमों में चौथे स्थान पर थी। विलियम्स ने कहा कि मंधाना की कप्तानी में टीम इस बार स्थिर लग रही है। उन्होंने कहा कि मैने द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव टीम के साथ सहायक कोच के तौर पर स्मृति के साथ काफी समय बिताया है। पिछले डब्ल्यूपीएल सत्र से काफी सबक लिया है। बतौर टीम और व्यक्तिगत स्तर पर भी। महिला बिग बैश लीग में एडीलेड स्ट्राइकर्स को खिताब दिला चुके ऑस्ट्रेलिया के विलियम्स ने कहा कि इस बार आरसीबी के पास स्पिन और तेज गेंदबाजी में काफी विकल्प हैं।

### यूपी वारियर्स की निगाहें बेहतर प्रदर्शन पर : एलीसा

**मुंबई।** कप्तान एलिसा हीली ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंकाई सुपरस्टार चामरी अटापट्टू के यूपी वारियर्स में शामिल होने से टीम में चयन को लेकर दुविधा होगी जो टीम के लिए अच्छी बात है। यूपी वारियर्स में काफी विदेशी खिलाड़ी हैं, जिसमें हीली के अलावा ग्रेस हैरिस, सोफी एक्लेस्टोन, तहलिया मैकग्रा, डेनियल वाट और अटापट्टू शामिल हैं। अटापट्टू को इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल की जगह शामिल किया गया। हीली ने कहा कि उनका जुड़ना हमारे लिए अच्छा रहा। निश्चित रूप से बल्ले और गेंद दोनों से टीम में गहराई होना अहम है। चामरी का शामिल होना अच्छा है। उन्होंने कहा कि इससे प्रबंधन और मेरे लिए अंतिम एकादश का चयन करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड से 3 मैच की श्रृंखला जीती

**आकलैंड (न्यूजीलैंड), एजेंसी**

एडम जम्पा के 4 विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड को 17 ओवर में 102 रन पर समेटकर दूसरा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच 72 रन से जीत लिया और 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच छह विकेट से जीता था। अब तीसरा टी-20 रविवार को ईडन पार्क में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलियाई टीम पावरप्ले में एक विकेट पर 72 रन बनाने के बावजूद 19.5 ओवर में 174 रन के स्कोर पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 22 गेंद में पांच छक्कों से 45 रन बनाए, जिससे टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम यह स्कोर बना सकी। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 12 रन देकर चार और बेन सीयर्स ने 29 रन देकर दो विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 9.5 ओवर में 59 रन के अंदर छह विकेट गंवा दिए। न्यूजीलैंड को खेल शुरू होने से पहले ही झटका लगा जब रचिन रविंद्र घुटने की हल्की चोट के कारण बाहर हो गए और डेवोन कॉनवे को भी विकेटकीपिंग करते हुए अंगूठे में चोट लग गई, जिससे उन्हें एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल ले जाया गया। जब पता चला कि कोई फ्रेक्चर नहीं है, तब कॉनवे मैदान पर लौटे, लेकिन वह फिर भी बल्लेबाजी नहीं कर पाए। न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 29 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। ग्लेन फिलिप्स (42) और जोश क्लार्कसन ने पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद टीम का स्कोर जल्द ही छह विकेट पर 74 रन हो गया। फिर टीम 17 ओवर में 102 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में बल्लेबाजी करते ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श।

## खेल डायरी

### भारतीय टीम के सामने हांगकांग की चुनौती

**टर्किश कप**

**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** पहले मैच में एस्तोनिया को हराने के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम टर्किश कप के दूसरे मैच में शनिवार को हांगकांग के खिलाफ इस लय को जारी रखने उतरेगी। भारत ने पहले मैच में एस्तोनिया को 4-3 से हराया था जो सीनियर महिला टीम की किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली जीत थी। इससे छाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम का मनोबल बढा होगा। फीफा रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज हांगकांग के खिलाफ भारत का यह पांचवां मैच होगा। भारत ने पिछले चारों मैच जीते हैं, जिनमें 11 गोल दागे और दो गोल गंवाएं। आखिरी बार 2019 में एक दोस्ताना मुकाबले में भारत ने प्यारी शाशा के गोल के दम पर जीत दर्ज की थी। प्यारी ने एस्तोनिया के खिलाफ पहले मैच में भी गोल दागा। भारत इस समय तीन अंक और प्लस एक का गोल औसत लेकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि हांगकांग का खाता भी नहीं खुला है और वह आखिरी स्थान पर है।

### कपूर, संधू पहले दौर के बाद संयुक्त 26वें स्थान पर

**मस्कट।** भारतीय गोल्फर शिव कपूर और युवराज संधू ने 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि की 'इंटरनेशनल सीरीज ओमान' के पहले दौर में दो अंडर 70 का समान कार्ड खेला, जिससे वे संयुक्त 26वें स्थान पर हैं। स्पेन के डेविड पुईग ने 7 अंडर पार 65 के कार्ड से एकल बढ़त बनाई। अन्य भारतीयों में एस चिक्कारंगप्पा (71) संयुक्त 37वें जबकि करणदीप कोचर, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 59वें स्थान पर हैं। अनिर्बान लाहिड़ी, गगनजीत और अजीतेश संधू एक ओवर के कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर हैं। हनी बेसोया (74) संयुक्त 91वें और जीव मिल्खा सिंह (75) संयुक्त 108वें स्थान पर हैं। उन पर कट से चूकने का खतरा है।

### अभय गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह टोरंटो में चैलेंजर टूर के 9000 डॉलर ईनामी राशि के गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने फ्रांस के मेशियो लेवी को 13-11, 11-7, 11-3 से हराया। हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल कांस्य जीतने वाले अभय का सामना अब मिस्र के अब्दुलरहमान अब्दुलखालिक से होगा। पिछले महीने अभय ने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए टूर्नामेंट जीता था। शिकागो में विंडी सिटी ओपन के दूसरे दौर में भारत के रमित टंडन मिस्र के आठवीं वरीयता प्राप्त तारिक मोमिन से 11-5, 4-11, 4-11, 8-11 से हार गए।

### एफआईएच प्रो लीग : आस्ट्रेलिया से बदला लेने पर भारत की नजर

**राउरकेला।** पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के अगले मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के अपराजेय अभियान में नकेल डालने की कोशिश करेगी। भारत ने पिछले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ अच्छी हॉकी खेली, लेकिन शूटआउट में 2-4 से हार गई। भारत इस समय छह मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया सारे छह मैच जीतकर अपराजेय है। अपने घरेलू अभियान का अंत जीत के साथ करने के अलावा भारत की नजरें बदला चुकता करने पर भी लगी होंगी। इस महीने की शुरूआत में भुवनेश्वर में भारत को आस्ट्रेलिया ने 6-4 से हराया था। आस्ट्रेलिया को हराने के लिये हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# रूट ने इंग्लैंड को संभाला, आकाश का दमदार आगाज

## चौथे टेस्ट के पहले दिन जो ने 226 बॉल में बनाए 106 रन, आकाश ने 24 रन देकर इंग्लैंड के लिए 3 विकेट

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**रांची, एजेंसी**

भारत को आकाश दीप के रूप में शानदार तेज गेंदबाज मिला लेकिन जो रूट ने शतक जमाकर अकेले इंग्लैंड को संकट से निकालते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को 7 विकेट पर 302 रन तक पहुंचाया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रूट 226 गेंद में 106 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ ओली रॉबिनसन ने 26 रन बना लिए हैं।

दोनों ने इंग्लैंड को आकाश दीप के दिए झटकों से निकाला। बिहार के आकाश दीप बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने पहले घंटे में ही गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले सत्र में इंग्लैंड के 5 विकेट 112 रन पर गिर गए थे। पिछले तीन टेस्ट में 29, 2, 5, 16, 18, 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम से खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कॅरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने नौ चौके लगाए। 5 मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड 1-2 से पीछे है, जिसे विशाखापत्तनम और राजकोट में पिछले दोनों टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी।

इससे पहले आकाश ने दस गेंद के भीतर बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जाक क्रॉली (42) के विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स को पगबाधा आउट किया। आकाश दीप ने दूसरे ही ओवर में क्रॉली का ऑफ स्टम्प उखाड़ दिया था लेकिन वह नो बॉल थी। नई गेंद के उनके जोड़ीदार मोहम्मद सिराज लय के लिए जूझते दिखे जिन्हें खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई। क्रॉली ने उन्हें लगातार 3 चौके और मिडविकेट पर छक्का लगाया। उन्होंने 4 के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद 32 गेंद में 32 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से स्पिनर जडेजा को गेंद सौंपी। आकाश दीप ने दसवें ओवर में दो विकेट लिए, जिसमें दो बार रिव्यू का इस्तेमाल हुआ और एक भारत के पक्ष में रहा। उनका पहला विकेट डकेट बने जिनका कैच विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल ने लपका। अंपायर के नॉट आउट करार देने पर रोहित ने रिव्यू लिया और अंपायर को फैसला बदलना पड़ा। पोप को आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। अगली गेंद पर जो रूट भी चकमा खा गए लेकिन रिव्यू लेने पर पता लगा कि गेंद आफ स्टम्प से बाहर जा रही थी। अगले ओवर में आकाश दीप ने क्रॉली को आउट किया जो क्लीन बोल्ड हुए। इसके बाद से रूट और बेयरस्टो ने 50 से अधिक रन की साझेदारी की। फॉर्म के लिये जूझ रहे बेयरस्टो ने कुछ अच्छे स्ट्रोक्स खेले लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। उन्हें अश्विन ने पगबाधा आउट किया जब वह स्वीप लगाने की कोशिश में थे। भारत ने एक बार फिर सटीक रिव्यू लिया। इस विकेट के साथ ही अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सौ विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। रूट और बेन फोक्स (126 गेंद में 47 रन) ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। सिराज ने चाय के बाद फोक्स को रविंद्र जडेजा के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी का अंत किया। सिराज ने टॉम हार्टली को पवेलियन भेजा।

टेस्ट मैच के दौरान शतक लगाने पर जो रूट को बधाई देते ओली रॉबिन्सन।

रांची : जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड के ओली पोप का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | | | 302/7 (90 ओवर) |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 106 | 226 | 9/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन नाबाद | 31 | 60 | 4/1 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, **गेंदबाजी:** सिराज 13-3-60-2, आकाश दीप 17-0-70-3, जडेजा 27-7-55-1, अश्विन 22-1-83-1, यादव 10-3-21-0, जायसवाल 1-0-6-0

# मुश्किलों के बाद आकाश को मिली मंजिल

**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पदार्पण करने वाले आकाशदीप की मां लाडुमा देवी अपने बेटे को पदार्पण 'कैप' मिलते देखकर भावुक हो गई। उनकी आंखों में आंसू के साथ गर्व भी था। जब गुरुवार को आकाशदीप ने अपनी मां को फोन कर कहा कि मां, मैं कल भारत के लिए टेस्ट में मेरा पदार्पण होगा, तुम्हें आना होगा। तो वह बिहार के रोहतास जिले के बड्डी गांव से रांची के जेएससीए स्टेडियम पहुंचीं। उनके साथ आकाशदीप की दो भतीजी और उनका चचेरा भाई बैभव कुमार भी था।

आकाशदीप ने पहले घंटे में इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाकर मैच को प्रभावित किया, इससे लंच तक मेहमान टीम का स्कोर 5 विकेट पर 112 रन था। उनकी मां ने कहा कि उसके पिता हमेशा उसे सरकारी अधिकारी बनाना चाहते थे लेकिन क्रिकेट उसका जुनून था और मैं उसका हमेशा साथ दिया। मैं उसे छुपकर क्रिकेट खेलने भेज देती थी। उस समय अगर कोई सुनता कि तुम्हारा बेटा क्रिकेट खेल रहा है तो वे कहते, 'ये तो आवारा मवाली बनेगा', लेकिन हमें उस पर भरोसा था और छह महीने में मेरे मालिक (पति) और बेटे के निधन के बावजूद हमने हार नहीं मानी। आकाशदीप के पिता रामजी सिंह सरकारी हाई स्कूल में 'फिजिकल एजुकेशन' शिक्षक थे और वह कभी भी अपने बेटे को क्रिकेटर नहीं बनाना चाहते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें लकवा मार गया और पांच साल तक बिस्तर पर रहे।

उन्होंने फरवरी 2015 में अंतिम सांस ली। इसी साल अक्टूबर में आकाशदीप के बड़े भाई धीरज का निधन हो गया। इसके बाद अब बड़े भाई की पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिम्मेदारी भी उनके ही ऊपर थी। लाडुमा देवी ने कहा कि अगर उसके पिता और भाई जीवित होते तो वे आज खुशी से फूले नहीं समाते। यह जिंदगी का सबसे यादगार दिन है। मुझे बेटे पर फक्र है।

# बॉलीवुड हलचल

## राकेश का गाना जीजा जी 2.0 रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का गाना लहंगा में मारा देब ताला जीजा जी 2.0 रिलीज हो गया है। इस गाने को राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि यह गाना 2024 में आने वाले रंगों के उत्सव को अभी से सेलिब्रेट करने को हमने बनाया है। हमारे यहां फाल्गुन मास में होली की तैयारी पहले दिन से गीत संगीत में शुरू हो जाती है। इसलिए हमने अभी से ही यह गाना रिलीज कर दिया है और आगे आने वाले दिनों में और भी कई गाने लेकर आएंगे। यह गाना होली गीत है जो की अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में होली से पहले सुनाई देती है और लोग बड़े चाव से इसे गाते और सुनते भी हैं। हमने इस गाने में होली गीत की शैली को जीवंत करने की कोशिश की है उम्मीद करता हूं कि सबों को पसंद आएगी और आप इस होली गीत को खूब अपना प्यार और आशीर्वाद देंगे।

### सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' के पहले गाने का टीजर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम टीजर रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने का टीजर जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'क्या हम कह सकते हैं... योद्धा के पहले गाने जिंदगी तेरे नाम के साथ प्यार 'हवा' में है, जो 24 फरवरी को आ रहा है। गाने के टीजर में सिद्धार्थ के साथ राशि खन्ना दिखाई दे रही हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है जिसके करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। वहीं इसे सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने निर्देशित किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

## जंगली पोकर के 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन में अनिल

**मुंबई।** स्किल गेम कंपनी, जंगली गेम्स इंडिया प्रा. लिमिटेड ने जंगली पोकर के नए कैम्पेन 'अपने टाइप के लोग' में बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर को शामिल किया है। जंगली पोकर खिलाड़ियों के बीच हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में, 18-30 आयु वर्ग के 26% प्रतिभागियों ने युवा बॉलीवुड सितारों की तुलना में अनिल कपूर को पसंद किया। अनिल कपूर की मुख्य भूमिका वाले 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन का उद्देश्य पोकर को सभी उम्र, जेंडर या पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ खेल के रूप में स्थापित करना है, साथ ही इससे जुड़ी पुरानी मान्यताओं को भी खत्म करना है। कैम्पेन के बारे में बात करते हुए, जंगली गेम्स के चीफ मार्केटिंग ऑफीसर, भरत भाटिया ने कहा, हम अनिल कपूर के साथ साझेदारी करके और 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन शुरू करके रोमांचित हैं। हमें विश्वास है कि उनकी भागीदारी हमें विश्वसनीयता, जीवंत, करिश्माई ऊर्जा और हमारा संदेश पहुंचाने के लिए उनका ट्रेडमार्क 'झकास' एटिट्यूड प्रदान करेगी। हमारी सोच यह है कि दर्शकों को यह दिखाया जाए कि कैसे जंगली पोकर एक सभी के खेलने के योग्य गेम है, जो एक स्वस्थ वातावरण में जीवन के सभी क्षेत्रों और कौशल वाले लोगों के लिए बनाया गया है। हम गेमिंग उद्योग में बड़ा बदलाव लाने उद्देश्य से विश्वास और जिम्मेदार गेमिंग के अपने मूल्यों को आगे भी विस्तार देना जारी रखेंगे। इस साझेदारी से उत्साहित, अनिल कपूर ने कहा, जंगली पोकर के साथ उनके नए कैम्पेन के लिए साझेदारी करना वास्तव में एक शानदार अनुभव है। मैं इस सफर का हिस्सा बनने और यह दिखाने के लिए उत्सुक हूं कि कैसे यह हर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एक सर्वव्यापी गेमिंग एडवेंचर है। इसकी टैगलाइन 'अपने टाइप के लोग' मेरे व्यक्तित्व के साथ भी मेल खाती है और यह साझेदारी जबर्दस्त साबित होगी। यह देखना बहुत जरूरी है कि कैसे जंगली पोकर कैसे पोकर की धारणा को नए सिरे से परिभाषित करता है और जिम्मेदार गेमिंग की भावना को बढ़ावा देता है।

## करिश्मा कक्कर और चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज

**मुंबई।** गायिका करिश्मा कक्कर और अभिनेत्री चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में चांदनी कुशवाहा अपने प्रेमी के हरकतों की उलाहना देते हुए उसको समझाते हुए कह रही हैं कि...होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... सुधर जा सुधर जा, आदमी बन जा... होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... अइसन काला लागता सीख आइला ह अपना भाभी से, साड़ी सरकइला बुलेटवा के चाभी से, रंग देला अंग पूरा कलर गुलाबी से... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत दीपक दिलकश ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है।

### नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन रिलीज

**मुंबई।** गायक-अभिनेता नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली में मले साबुन रिलीज हो गया है। होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को नीलकमल सिंह ने गाया है और इसके म्यूजिक वीडियो में उनके साथ नीलम गिरी नजर आईं हैं। यह गाना सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। नीलकमल सिंह ने कहा कि होली को हमारे गानों के साथ रंग बिरंगी बना लीजिये। अभी एक से बढ़ कर एक गाना हम लेकर आने वाले हैं। सारेगामा हम भोजपुरी, भोजपुरी म्यूजिक के लिए एक उत्कृष्ट प्लेटफॉर्म है, यहां हमने साथ मिलकर अब तक एक से बढ़ कर एक गाने को रिलीज किया है, जिसे लोगों ने पसंद किया है। आगे भी इसी तरह हम मनोरंजन भरपूर डोज लेकर आते रहे हैं। फ़िलहाल होली के अवसर पर होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को खूब प्यार और आशीर्वाद मिले, यही कामना है। गौरतलब है कि गाना देवरा होली मे मले साबुन के गीतकार आशुतोष तिवारी हैं। संगीतकार शुभम राज (एसबीआर) हैं। प्रोडक्शन आकाश विश्वकर्मा का है। गाने के निर्देशक और कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

## एक नजर

### छेड़छाड़ के आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम साहनीपुर गांव निवासी कल्लू उर्फ अनुज पुत्र नारायण के विरुद्ध थाना मंगलपुर में छेड़छाड़, पाक्सो सहित अन्य मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अभियुक्त कल्लू उर्फ अनुज फरार चल रहा है। संदलपुर चौकी इंचार्ज अवनीश वर्मा ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा की है। थाना प्रभारी निरीक्षक जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ नोटिस चस्पा की गई है। एक माह में हाजिर न होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### युवती को ले जाने में रिपोर्ट

**रसूलाबाद।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी महिला ने दो लोगों पर नाबालिक बेटी को ले जाने का आरोप लगाकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 21 फरवरी की रात को ग्राम मकरंदपुर कहिंजरी निवासी सागर व कपिल उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गए। साथ ही घर में रखे अस्सी हजार रुपये व जेवर भी ले गए। थाना प्रभारी ने मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि दो नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर तलाश में दबिश दी जा रही है।

### बाइकों में भिड़ंत, एक घायल

**कानपुर देहात।** कानपुर के बर्रा आठ निवासी श्याम पाल अपनी मोटरसाइकिल से औरैया की तरफ जा रहे थे। तभी मुंगीसापुर में सामने से आ रही बाइक सवार ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे अनियंत्रित होकर श्याम पाल सड़क पर गिर कर घायल हो गए। बिहार घाट चौकी इंचार्ज ने निशांत महेंद्रू ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजकर परिजनों को सूचना दी।

### बुक स्टॉल में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**मूसानगर।** बुधवार रात कस्बे में बुक स्टॉल में चोरी के मामले में नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि गजनेर रोड स्थित बुक स्टॉल की दुकान में काउंटर का ताला तोड़कर तीन हजार रुपये की चोरी करने वाले नामजद आरोपी को मुखबिर की सूचना पर हलिया मोड से गिरफ्तार किया गया है।

# मौसम की बेरुखी, किसानों की बढ़ी बेचैनी

## खेतों पर फसल समेटने में जुट गए किसान, अगले दो दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार:** जनपद में मौसम का मिजाज बार-बार करवट बदल रहा है। बारिश और ओले गिरने के बाद शुक्रवार को कभी बदरा तो कभी चटक धूप का सिलसिला जारी रही। बूंदाबांदी भी किसानों की धड़कनें बढ़ाती रही। दिन में ठंडी हवाओं ने मौसम को सर्द रखा। कुछ क्षेत्रों में खेतों पर किसान फसलों को समेटने व थ्रेसरिंग कराने में मशगूल रहे।

जिले में 20 फरवरी को अचानक मौसम का रुख बदलने से बारिश के साथ आलोवृष्टि हुई थी। इसके बाद से बढ़ते तापमान में गिरावट आई थी और ठंडी हवा लोगों को सर्दी का अहसास करा रही थी। शुक्रवार को भी बदली व ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ। पूरे दिन बदली व धूप के बीच सूर्यदेव की लुकाछिपी जारी रही। शाम होते ही सर्दी का असर बढ़ने से लोग गर्म कपड़े फिर से निकालने को विवश हो गए।

खेत में लाही की फसल को भरते किसान। अमृत विचार

कुछ क्षेत्रों में मौसम साफ होने व धूप निकलने के बाद लोग खेतों में भीगी फसल को समेटते दिखे, जबकि शिवली व सरवनखेड़ा क्षेत्रों में धूप निकलने के बाद पकी लाही की फसल की थ्रेसरिंग कराने में किसान जुटे दिखे।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिमी हवाएं करीब दस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिन तक मौसम साफ रहेगा। बारिश की संभावना नहीं है।

### ओलावृष्टि-बारिश से फसल नुकसान का आकलन शुरू

20 फरवरी को बारिश के साथ ओले गिरने से भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के जरैला, गदाईखेड़ा बढ़ौली कल्ला व पुखरायां तथा रसूलाबाद क्षेत्र के मिर्जापुर लखोटिया, लदपुरवा, नौहा नौगाव, अंता, गुदैला आदि गांवों में लाही चना, धनियां आदि फसलों को भारी नुकसान हुआ। इसके साथ फसलों को हुए नुकसान के आकलन शुरू हो गया है। उप निदेशक कृषि रामबचन राम ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र के किसानों से 72 घंटे के अंदर फसलों के नुकसान की सूचना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामित बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 18002005142 के साथ ही बीमा कंपनी के प्रतिनिधि मनीष कुमार के मोबाइल नंबर 8303300845 पर देने को कहा गया है। इसके साथ ही किसान जिला कृषि अधिकारी व उनके माती स्थित दफ्तर में भी सूचना दे सकते हैं।

### मौसम बदलने के साथ ही बढ़े मरीज

जनपद में बदले मौसम के साथ ही बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। सरकारी से लेकर प्राइवेट अस्पतालों में जुखाम, बुखार, खांसी, बदन दर्द, सिरदर्द, आंखों में जलन, पेट दर्द आदि बीमारियों से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में करीब साढ़े चार सौ से अधिक मरीज पहुंचे।

# जगतपुरी के दो घरों से जेवरात-नकदी चोरी

संवाददाता, पुखरायां

- दोनों परिवारों के सदस्य रिश्तेदारी में गए थे बाहर

**अमृत विचार:** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के जगतपुरी में अलग-अलग दो घरों में चोरी की घटना हुई। घरों को खाली पाकर चोरों ने ताला तोड़कर लाखों को नगदी सहित जेवरात पार दिए। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया है।

कस्बे के जगतपुरी के निर्मला ने बताया कि उसके बहनोई साहबलाल अपने परिवार सहित दस दिन पूर्व गुजरात के राजकोट चले गए थे। वह ठेकेदारी का कार्य करते हैं। उनका मकान दो मंजिला बना हुआ है। जिसमे नीचे कमरे में पीआरडी जवान शिवेंद्र किराए पर डेढ़ वर्ष से रहते हैं। वह गुरुवार रात ड्यूटी में गए हुए थे। तभी खाली घर पाकर चोरों ने बाहर और कमरों का ताला तोड़कर एलइडी टीवी, सोने का पैंडल, ऑफ पेटी, पायल व ढाई हजार रुपये पार कर दिए।

वहीं फिरोजाबाद के सिरसागंज निवासी कुलदीप सिंह दो वर्ष पूर्व से जगतपुरी में घर बनवाकर रह रहे थे। वह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। 10 फरवरी को वह परिवार सहित मुंबई में शादी समारोह में गए हुए थे। घर खाली होने पर चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर पास के पड़ोसी ओमप्रकाश के घर के गेट में ताला फंसाने के साथ कुंडा बाहर से बंद कर दिया। जिससे कोई बाहर न आ सके। इसके बाद घर में घुसकर अन्य कमरों का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी पार कर दिए।

# बीडीसी, प्रधान भाजपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के तीन सौ अधिक समर्थक भाजपा में शामिल हो गए। रसूलाबाद से ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ चुके जय नारायण शुक्ला उर्फ बबलू शुक्ला और लखनऊ में सदस्यता ले चुके पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर ने 30 बीडीसी, 20 प्रधानों और पूर्व प्रधानों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला की अध्यक्षता में रनियां विधानसभा संयोजक डॉक्टर सतीश शुक्ला ने पटका एवं फूलमाला पहनकर सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास करने वाली पार्टी है। पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों को अपनाकर आज भाजपा में 18 करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। 2024 में पार्टी 400 का आंकड़ा पार करने वाली है। मोदी एवं योगी की सरकार सभी वर्गों का ध्यान रखकर समान रूप से विकास कर रही है। पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था दुरुस्त हुई है। पहले गुंडा माफिया और बाहुबलियों की सरकार थी। महिला, दलित व किसान सभी लोग भय के माहौल में जीते थे। योगी सरकार में अपराधी थर-थर कांप रहे हैं। इन सभी नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

भाजपा में शामिल हुए लोगों के साथ जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला। अमृत विचार

### राजपुर के तीन निर्दल सभासद भी शामिल

राजपुर नगर पंचायत से तीन निर्दलीय सभासद सभासद अजय शुक्ला, निर्मल कटियार भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि युवा ही देश को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे। यहां वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर सतीश शुक्ला, कन्हैया कुशवाहा, शिववीर भदोरिया, पूर्व विधायक राम प्रकाश कुशवाहा, विजय मिश्रा, जय नारायण शुक्ला उर्फ बबलू, मनोज शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा, धनंजय पांडेय, रामजी पांडेय आदि मौजूद रहे।

# रजबहा पटरी खनन में एक के खिलाफ केस दर्ज

**शिवली।** मैथा तहसील क्षेत्र के भेवान गांव के पास गुरुवार रात खनन माफिया द्वारा रजबहे की पटरी खोदने के मामले में सिचांई विभाग के जेई ने एक आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के भेवान स्थित लगभग दस मीटर चौड़ी भेवान-शिवली रजबहा की पटरी को खनन कराने वालों ने गुरुवार की रात रजबहे के बराबर दूसरा रजबहा खोदकर पास के ही एक खाली पड़े प्लाट में भर दी थी। मामले में शुक्रवार को सिचांई विभाग के अवर अभियंता जगदीश निषाद ने नाया पुरवा गांव के मान सिंह के विरूद्ध खनन करने पर तहरीर दी। कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। विवेचना के दौरान जो भी प्रकाश में आएगा। उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# भट्ठा मजदूर का पेड़ पर लटका मिला शव

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार:** घर से ईंट भट्ठे पर जाने के लिए घर से निकले हैद्रापुर गांव के एक मजदूर का शव संदिग्ध हालत में आम के पेड़ में गमछे के फंदे के सहारे लटकता मिला। मामले की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

शिवकुमार उर्फ दीनू।

बरौर थाना क्षेत्र के हैद्रापुर गांव की रहने वाली गुड़िया ने बताया कि उनका पति शिवकुमार उर्फ दीनू (45) पुत्र रामबाबू लालपुर गांव के एक ईंट भट्ठे पर काम करता था। वह तीन-चार दिन में भट्ठे से वापस घर आ जाता था। 17 फरवरी को वह घर से ईंट भट्ठे जाने की बात कहकर निकला था। जब कई दिन बीत गए और वह वापस नहीं आया तो उसकी खोजबीन की गई, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका।

- 17 फरवरी को ईंट भट्ठे पर जाने के लिए घर से निकला था
- खेत सींचने गए किसान को बदबू आने पर हुई जानकारी

शुक्रवार को गांव के ही किसान सुभाष खेत पर पानी लगाने गए थे। वह खेत पर पानी लगाने के लिए जीन डाल रहे थे। इसी दौरान उसे खेत में बदबू सी आई। उन्होंने खेत में खड़े आम के पेड़ की ओर देखा तो उस पर शिवकुमार का शव गमछे के सहारे फंदे पर लटक रहा था। उन्होंने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और कोहराम मच गया। जानकारी पर पहुंची बरौर पुलिस ने घटना की जानकारी फॉरेंसिक टीम को दी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। घटना से पत्नी गुड़िया, पुत्री छवि, पूनम, आकांशा, पुत्र अनुज, शीलू का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

घटनास्थल पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# जन-जन तक योजनाएं पहुंचाएगी भाजपा

संवाददाता, पुखरायां/डेरापुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को नगर पालिका मीटिंग हाल में भाजपा की लाभार्थी संपर्क अभियान की मंडल स्तर की कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

पुखरायां नगर पालिका हाल में शुक्रवार को कार्यशाला में लोकसभा प्रभारी व पूर्व जिलाध्यक्ष मदन पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार की जो लाभकारी योजनाएं पहुंची हैं, उनसे संपर्क स्थापित कर भाजपा की रीतियां एवं नीतियों को बताया जाएगा। विधानसभा प्रभारी शिवकुमार मिश्रा ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए एक समान योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाती है। विधानसभा संयोजक अतुल चंदेल ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को एक-एक लाभार्थी तक पहुंचना है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मुकुल पांडेय, पुखरायां मंडल प्रभारी योगराज सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष पूनम दिवाकर, विधानसभा विस्तारक शुभम गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेणुका सचान, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अक्षय त्रिवेदी समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। इसी तरह डेरापुर में मंडल अध्यक्ष अवधेश कमल के नेतृव में सिठमरा मंडल लाभार्थी कार्यशाला की बैठक हुई।

पुखरायां में बैठक करते भाजपा नेता।

- पुखरायां व डेरापुर में भाजपा पदाधिकारियों की हुई बैठक

# पूर्व कैबिनेट मंत्री ने की मुलाकात

**रसूलाबाद।** लोकसभा चुनाव निकट आते ही सियासी गहमगहमी तेज है। पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया समाजसेवी अतहर खान भुट्टो के आवास पर पहुंचे, जहां समर्थकों ने उनका फूल-माला पहनाकर जोरदार ढंग से स्वागत किया।

सपा नेता हाजी फैजान खान ने कहा कि सपा में दरवाजे हमेशा ही खुले रहते हैं। इस मौके पर बबलू राजा, आलोक बाजपेई, सभासद सुहैल अहमद, राजू तिवारी, सभासद हाशिम खान, फरहान मिनी, पूर्व सभासद केके यादव, आशीष यादव, अरबाज सिद्दीकी, शाहनवाज कुरैशी, राजू तिवारी, शाहरुख मंसूरी, सिराज मंसूरी, साजिद कुरैशी, फारूख खां, दिलीप पाल आदि मौजूद रहे।

# न्यायमूर्ति ने मीडिएशन सेंटर की आधारशिला रखी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अध्यक्ष उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग लखनऊ न्यायमूर्ति ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के मीडिएशन सेंटर का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मीडिएशन सेंटर का निर्माण छह माह में बनकर तैयार हो जाएगा।

शुक्रवार को अध्यक्ष उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग लखनऊ न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने मीडिएशन सेंटर का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास करते हुए कहा कि मीडिएशन सेंटर में लोगों के बैठने के साथ-साथ अधिवक्ताओं को बैठने के लिए भी स्थान रहेगा। साथ ही मिडिएशन सेंटर में विभिन्न मामलों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर हल कराया जाएगा। आज बहुत सारे मामले ऐसे आते हैं, जिन्हें मध्यस्थता करके हल कराया जा सकता है। इससे जहां एक तरफ विवादों के निपटान में तेजी आएगी।

इस मौके परएचजेएस निबंधन राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग लखनऊ प्रदीप कुमार, जिला जज जयप्रकाश तिवारी, आयोग सदस्य कुमकुम सिंह, वरिष्ठ सदस्य हरिश्चंद्र गौतम समेत सदस्य व अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### इंदलपुर लालू के सामुदायिक शौचालय में लटका ताला

**रसूलाबाद।** इंदलपुर लालू ग्राम पंचायत स्थित सामुदायिक शौचालय के गेट पर ताला लटकता है। जिससे ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पाता है। केयरटेकर बिना कार्य ही मानदेय उठा रहे हैं। ज़िम्मेदार अधिकारियो की अनदेखी के चलते केयर टेकर मनमानी करने पर उतारू है और बिना देखभाल किए सांठगांठ कर समय से मानदेय उठा रहे है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जबसे गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण हुआ है। तब से अभी तक इसका नियमित संचालन नहीं हो सका है और सामुदायिक शौचालय के गेट पर अक्सर ताला लगा रहता है। जिससे कारण वह लोग शौचालय का उपयोग नहीं कर पाते हैं। शौचालय की कभी साफ-सफाई भी नहीं होती है और महज दिखावे के रूप में बना खड़ा है। इस बावत खंड विकास अधिकारी धन प्राप्त यादव ने बताया कि उन्होंने मौके पर जाकर सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया है। उसमें ताला लगा पाया गया है। शौचालय का प्रतिदिन नियमित रूप से संचालन कराने के लिए पंचायत सचिव महेश कुमार को निर्देशित किया गया है। यदि भविष्य में ताला लगा पाया जाता है तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इंदलपुर लाल के सामुदायिक शौचालय में लटकता ताला।

### हाईवे में अवैध कट, हादसों का बढ़ा खतरा

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के महटौली से लेकर कांधी गांव तक नेशनल हाईवे पर एनएचआई की लापरवाही से बने दर्जनों अवैध कट हादसों को दावत दे रहे है। जिसके चलते आए दिन मार्ग दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है।दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने हाईवे पर चिंहित ब्लैक स्पाट को समाप्त करते हुए अवैध कट बंद कराने के निर्देश दिए हैं। उसके बाद भी कानपुर-इटावा हाईवे पर सिकंदरा थाना क्षेत्र के महटौली गांव औरैया बॉर्डर से लेकर कांधी पुलिस चौकी तक अवैध कट खुले पड़े हैं। जिससे लोग हाईवे पार करते है और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। तीन दिन पूर्व में राजेश निवासी मैनपुरी की अवैध कट के सामने मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके पूर्व भी कई लोगों की अवैध कट पार करते समय मौत हो चुकी हैं। लेकिन एनएचआई के अधिकारी अभी भी इन्हें बंद नहीं कर पाए गए हैं। इस संबंध में एनएचआई आरपीओ अवनीश कुमार ने बताया कि कई बार अवैध कट बंद किए गए हैं। लेकिन स्थानीय लोग बैरीकेटिंग तोड़ कर चोरी कर ले जाते हैं और डिवाइडर को तोड़कर अवैध कट बना लेते हैं।

हाईवे के डिवाइडर को तोड़कर बनाया गया अवैध कट।

### घटिया इंटरलॉकिंग निर्माण पर जांच के आदेश

**रसूलाबाद।** ग्राम पंचायत इंदलपुर लालू में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन पीली ईंट का खुलेआम प्रयोग हो रहा है। लोगों की सूचना पर बीडीओ ने जांच कराए जाने की बात कही है। रसूलाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत इंदलपुर लालू में ग्राम निधि से इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण का कार्य हो रहा है। जिसमें खड़ंजा की पुरानी ईंट और गुणवत्ताहीन सामग्री का खुलेआम उपयोग हो रहा है। इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने पर स्थानीय लोगों ने खंड विकास अधिकारी को सूचना दी। लोगों ने बताया कि खड़ंजा की पुरानी ईंट का इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में जमकर उपयोग किया जा रहा है। इस बावत खंड विकास अधिकारी धनप्राप्त यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच करने के लिए जेई को निर्देशित किया गया है।

धर्म-अध्यात्म

मूसानगर में देर रात तक चलती रहीं हवनोत्सव की तैयारियां, मेला का भी होगा आयोजन

# बालाजी धाम में सवामनी हवनोत्सव आज, उमड़ेगी आस्था

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार:** कस्बा स्थित बालाजी मंदिर धाम में माघी पूर्णिमा को आयोजित होने वाले 27वें हवनोत्सव और मेले की तैयारियां शुक्रवार देर रात तक लगभग पूरी कर ली गई हैं।

श्री बालाजी धाम मंदिर के महंत ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि माघ पूर्णिमा पर हवनोत्सव का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। साथ ही विशाल मेले का आयोजन भी होता है, जिससे हवन और दर्शन पूजन करने के लिए कानपुर नगर व देहात समेत जनपद उन्नाव, फतेहपुर, हमीरपुर, जालौन, औरैया, इटावा सहित अन्य प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचती है। भक्तों को बालाजी के दर्शन के लिए अलग-अलग लाइन से आने जाने के इंतजाम किए गए हैं।

बालाजी मंदिर में हवनोत्सव को लेकर की गई सजावट।

श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में की गई बैरीकेडिंग।

शाम तीन बजे आरती व चार बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। यज्ञाचार्य दुर्गा प्रसाद शास्त्री सवामनी हवन कार्यक्रम संपन्न कराएंगे। जिसके लिए कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। व्यवस्था में राजकुमार सिंह, आनंद शर्मा, नरेश सविता, देवेश, विनय शर्मा, राजू चौहान, सतीश चंद्र गुप्ता सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहेंगे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मेला ग्राउंड और आने जाने वाले रास्तों सहित चिंहित प्वाइंटों पर पुलिस की तैनाती रहेगी।

### माघी पूर्णिमा पर घाटों में श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी

मूसानगर स्थित मुक्ता देवी यमुना घाट पर बैरीकेटिंग कर स्नान करने की व्यवस्था की गई है। मुक्तादेवी घाट पर यमुना नदी के उत्तर वाहिनी होने के चलते इस घाट पर स्नान के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं। थाना प्रभारी मूसानगर ने बताया कि घाट पर भी पुलिस की तैनाती रहेंगी। जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

# सब्जी और मसाला के बांटे गए बीज

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद में किसानों को जिला उद्यान अधिकारी डॉ. बल्देव प्रसाद की उपस्थिति में लौकी, तरोई, करेला, खीरा, कद्दू तथा मसाला फसल कार्यक्रम में मिर्च, प्याज आदि के बीज वितरित किए गए। जिला उद्यान अधिकारी ने चौपाल में किसानों को बताया कि विभागीय पोर्टल पंजीकरण कराकर फल, शाकभाजी, मसाला व पुष्प के बीज कार्यालय में आवेदन पत्र की हार्ड कापी जमा कर निशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। साथ ही ड्राप मोर काप (माइक्रो इरीगेशन) योजना अंतर्गत पोर्टेबिल स्प्रिंकलर में 65 से 75 प्रतिशत, ड्रिप व मिनी स्प्रिंकलर में 80 से 90 प्रतिशत अनुदान सिंचाई संयत्रों की स्थापना पर देय है।

आर्यनगर में सड़क पर खड़े होते वाहन, रोज लगता है जाम। अमृत विचार

सड़क तक लगीं दुकानें और उसके आगे खड़े होते वाहन। अमृत विचार

पैदल राहगीर फुटपाथ पर चलते हैं, मगर जब फुटपाथ बचा ही नहीं है तो कहां चलेंगे। आलम यह है कि पैदल लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है। ऐसे में वाहनों की टक्कर लग जाती है।
–निशा सिंह

दुकानदार फुटपाथ पर अपनी दुकान लगाता है, बची जगह पर अपना वाहन खड़ा कर देता है। ऐसे में जो लोग खरीदारी करने आते हैं, वे भी मनमानी तरीके से अपने वाहन सड़क पर लगा देते हैं। –सुनील कश्यप

नर्सिंगहोम और शॉपिंग मॉल के पास सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। उन स्थानों पर तो सड़क ही गली नजर आती है। मॉल के बाहर तो लोग कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं। कोई देखने वाला नहीं है। –सत्य प्रकाश

पुलिस चौकी समीप ही है, उसके बाद भी सड़क पर अतिक्रमण और पार्किंग हो रही है। लोग विरोध करते हैं तो दुकानदार व अस्पताल कर्मी झगड़े पर उतारु हो जाते हैं। मारपीट कौन करे। – राम प्रकाश वर्मा

# सड़क पर पार्किंग, हर कदम जाम से जूझते लोग

## ○ आर्यनगर क्षेत्र में चारों तरफ जाम का किला, भेदने में छूटते पसीने ○ नर्सिंगहोम, अपार्टमेंट व शॉपिंग मॉल की मनमानी

**आर्यनगर की पीड़ा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रशासन जाम और अतिक्रमण से निपटने के लिए सारे जतन कर रहा है, लेकिन इससे लाभ कोई नहीं है। आर्यनगर चौराहा से किसी भी रोड पर निकलें, जाम में उलझना ही पड़ेगा। इन रोडों पर अतिक्रमण के साथ सड़क पर पार्किंग की प्रमुख समस्या है। लोग रोड पर ही अपने चार पहिया वाहन आड़े-तिरछे खड़े कर देते हैं। जाम के बीच हार्न का शोर दिमाग खराब कर देता है। बेनाझाबर की तरफ से आर्यनगर जाने पर घुसते ही जाम मिलता है। इस रोड पर लगातार कई नर्सिंगहोम, मेडिकल स्टोर के कारण सड़क गली लगने लगती है। नर्सिंगहोमों की पार्किंग फुटपाथ पर है और कर्मचारियों व डाक्टरों के वाहन भी सड़क पर किनारे खड़े होते हैं। नर्सिंगहोम में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, अगर है तो दो-चार वाहनों के लिए।

इस रोड पर आगे बढ़ेंगे तो कई अपार्टमेंट और शॉपिंग मॉल हैं। इनके बाहर भी दर्जनों चार और दो पहिया वाहन फुटपाथ से लेकर सड़क तक खड़े होते हैं। शॉपिंग मॉल आने वाले खरीदार तो मनमर्जी वाहन खड़ा कर देते हैं। इस जाम से निकले तो आगे रेस्टोरेंट के अतिक्रमण पसीना छुटा देते हैं। लोगों ने बताया शाम होते ही शराब व बीयर की दुकानों के बाहर तो पूरी बारात जमा होती है। शाम को पांच बजे से शुरू होकर रात 10 बजे तक तो पूरा क्षेत्र वाहनों के हार्न से गूंजता रहता है। पांच मिनट का यह रास्ता पार करने में वाहन चालकों को 20 मिनट लग जाते हैं।

अवैध सब्जी मंडी भी जाम का एक कारण है। अमृत विचार

### गलियों में भी अतिक्रमण

चौराहा से बृजेंद्र स्वरूप पार्क को जाने वाली रोड पर वाहनों की पार्किंग के साथ दुकानदारों का अतिक्रमण रहता है। वहीं रोड तो दूर, गलियों में भी अतिक्रमण रहता है। रोड पर घुसते ही बाएं हाथ पर गली में एक गैस एजेंसी है। यहां गली में ही सिलेंडर वाहन और सिलेंडर रखे होते हैं। गली से लोगों का निकलना दूभर होता है।

### सड़क पर ही फलमंडी

आर्यनगर चौराहे के एक कोने में तीन-चार फल की दुकानें लगती हैं। टट्टर लगी इन दुकानों का पूरा सामान सड़क पर ही रखा होता है। ठेला फुटपाथ पर खड़ा होता है। दूसरी तरफ भी कुछ ऐसा ही हाल है। यहां सब्जी की दुकानें लगती हैं।

### नो पार्किंग बोर्ड बेमतलब

गैंजेस क्लब वाली रोड पर सड़क के दोनों तरफ चार पहिया वाहन खड़े होते हैं। ये तब है जब घरों, प्रतिष्ठानों और क्लब के बाहर नो पार्किंग को बोर्ड लगा है। उसके बाद भी इस रोड पर करीब 100 वाहन सड़क के किनारे खड़े मिल जाएंगे।

### चौराहे की हर रोड पर जाम का चक्रव्यूह

आर्यनगर चौराहे से बेनाझाबर, कानपुर विद्या मंदिर, राजीव पेट्रोल पंप, बृजेंद्र स्वरूप पार्क किसी भी रोड पर जाएं, सड़क पर वाहनों की लंबी पार्किंग मिलना तय है। पीएनबी रोड पर बेकरी के बाहर तो हर समय आधा दर्जन से अधिक चार पहिया वाहन खड़े मिल जाएंगे। किसी भी रोड पर सड़क पर खड़े दो पहिया वाहनों की गिनती ही नहीं की जा सकती है। इन सबके बीच दुकानदारों का अतिक्रमण अलग से होता है।

### चौराहे पर ही चौकी, पर कोई डर नहीं

आर्यनगर चौराहे पर बेनाझाबर जाने वाली रोड पर एक कोने में पुलिस चौकी बनी है। यहां दिनभर दरोगा व सिपाही बैठे मिल जाएंगे। इसके बाद भी दुकानदार फुटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण किए रहते हैं। फल और सब्जी वाली दुकानें चौकी के ठीक सामने ही लगती हैं। रोड पर वाहनों की पार्किंग पुलिस के सामने होती हैं। किसी को पुलिस का कोई डर नहीं है। पुलिस इनको रोकने की हिम्मत भी नहीं जुटाती।

# अच्छी, साफ और सुंदर दिखने वाली सब्जियां कर रहीं बीमार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बाजारों में दिखने वाली अच्छी, साफ, सुंदर व चमकदार सब्जियां शरीर को नुकसान पहुंचा रही हैं। अंधाधुंध कीटनाशकों के प्रयोग से उनका केवल 30 फीसदी हिस्सा फसलों को प्राप्त होता है और बाकी 70 फीसदी हिस्सा हवा, पानी व मृदा में जाता है, जो मानव शरीर के लिए बेहद हानिकारक होता है। यह जानकारी सीएसए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार सिंह ने जीएसवीए मेडिकल कॉलेज में दी।

मेडिकल कॉलेज के बॉयोकेमिस्ट्री विभाग ने शुक्रवार को एलटी-वन में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के प्रोजेक्ट तहत कार्यशाला का आयोजन किया। जिसका विषय "पेस्टीसाइड और स्वास्थ्य हम किस ओर जा रहे है" रहा। उद्घाटन सीएसए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आनंद कुमार सिंह, कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला समेत अन्य विशेषज्ञों ने किया। सीएसए के कुलपति ने बताया कि बाजारों में अच्छी व चमकदार दिखने वाली सब्जियां शरीर के लिए अधिक नुकसानदेह होती हैं क्योंकि इन्हें कृत्रिम तरीकों से केमिकलों से चमकदार बनाया जाता है और साफ किया जाता है। फसलों में मानक से अधिक कीटनाशक के प्रयोग से जमीन पर इसका असर पड़ता है। प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि गांवों के लोगों में भी कैंसर की समस्या अधिक बढ़ी है। इसलिए हैवी मेटल और कीटनाशकों के प्रयोग से गाल ब्लैडर में होने वाले कैंसर के संबंध में एक शोध कार्य किया जा रहा है। यूसीएमएस मेडिकल कॉलेज दिल्ली से डॉ. बीडी बनर्जी ने बताया कि भोजन व पानी में कीटनाशकों के अवशेष बचे होने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करते सीएसए कुलपति प्रो .आरके सिंह, प्राचार्य प्रो .संजय काला, हैलट प्रमुख अधीक्षक डॉ .आरके सिंह समेत अन्य।

### प्लास्टिक खिलौने बच्चों के लिए नुकसानदायक

अहमदाबाद में आईसीएमआर के इंडियन ऑक्यूपेशनल इंस्टीट्यूट के डॉ. पी शिवा पेरूमल ने कीटनाशकों के अवशेष के सटीक अनुमान लगाने के लिए एलसी एमसी और जीसी एमएस, एमएस मशीनों द्वारा किए जाने वाले एनालिसिस को कैसे समझा जाए, इस पर जानकारी दी। गांगाराम अस्पताल की एसोसिएट प्रो. रश्मि राणा ने प्लास्टिक में उपलब्ध थैलेट्स के प्रभाव से पुरुषों में नपुंसकता की बीमारी होने की जानकारी दी। बताया कि प्लास्टिक के खिलौने भी बच्चों के लिए नुकसान दायक हो सकते हैं। कर्नाटक से आए डॉ .राकेश कुमार जोशी ने पेस्टीसाइड के न्यूनतम उपयोग को दर्शाकर कैसे कम से कम नुकसान मानव को पहुंचे, इसपर चर्चा की। दिल्ली एम्स के डॉ .दुष्यंत कुमार, आईआईटी रुड़की के डॉ. राकेश शर्मा ने भी पेस्टीसाइड पर व्याख्यान दिया।

### डीएनए में होता बदलाव

प्राचार्य प्रो .संजय काला ने बताया कि कीटनाशक सब्जियों के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं उसके बाद पेस्टीसाइड खून में जाता है और तब शरीर कई प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त होता है। खून में पेस्टीसाइड मिलने से डीएनए में बदलाव होता है। इसलिए सब्जियों को अच्छी तरह से धोना चाहिए। अगर हो सके तो सब्जियों को गर्म पानी से धोने के बाद उसे अच्छी तरह से पकाना चाहिए।

# बुजुर्ग ने पुल की रेलिंग से फांसी लगा जान दी

**कानपुर।** दो दिन पहले जान देने का प्रयास करने वाले वृद्ध ने शुक्रवार सुबह मुरे कंपनी पुल की रेलिंग से क्लच वायर से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

कैंट स्थित फाई साहब का हाता निवासी किशन स्वरुप वर्मा (60) पत्नी सुनीता, बेटे बृजेश, हेमंत, पवन व बेटी उजाला के साथ रहते थे। हेमंत ने बताया कि पिता शराब के लती थे। रोकने-टोकने पर लड़ते थे। शुक्रवार सुबह पांच बजे किशन चाय पीकर घर से निकले थे। कैथरीन अस्पताल के सामने सुबह करीब छह बजे किशन ने क्लच वायर का फंदा बनाकर मुरे कंपनी पुल की रेलिंग से लटक कर आत्महत्या कर ली।

# अवैध शराब बनाने वालों को बेचते थे केमिकल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पेट्रोलियम और शराब कंपनियों को रोजाना लाखों की चपत लगाने वाले पांच आरोपियों को शुक्रवार को सचेंडी पुलिस ने जेल भेजा। गुरुवार रात एसटीएफ ने आरोपियों को किसान नगर से गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि एथाइल एल्कोहल को वह ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब बनाने वाले लोगों को बेचते थे।

इसके साथ ही केमिकल पेंट बनाने वाली कंपनी व फार्मेसी में भी इसकी सप्लाई करते थे। एसटीएफ ने आरोपियों के पास से चार लाख कीमत का एथाइल एल्कोहल बरामद किया।

पनकी स्थित इंडियन ऑयल से शहर समेत आसपास के जिलों में पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति की जाती है। लखनऊ एसटीएफ अधिकारियों को काफी समय से डीजल, एथाइल एल्कोहल व केमिकल टैंकर चालकों की मिलीभगत से चोरी होने की शिकायत मिल रही थी।

जिसकी जांच एसटीएफ कानपुर यूनिट के इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह व सब इंस्पेक्टर राहुल परमार कर रहे थे। गुरुवार रात एसटीएफ को सचेंडी थानाक्षेत्र के किसान नगर में डीजल, एल्कोहल व केमिकल के लोड टैंकरों से चोरी की सूचना मिली। सब इंस्पेक्टर राहुल परमार के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम ने आबकारी टीम के साथ छापेमारी कर गुमटी नंबर पांच निवासी शनि उर्फ कमलजीत सिंह, पनकी रतनपुर निवासी विजय पाल, कल्याणपुर कला निवासी मूलचंद्र सैनी, ग्वालटोली निवासी साहब शरन व कानपुर देहात, रसूलपुर गांव निवासी सोहराब को गिरफ्तार किया था।

एसटीएफ ने आरोपियों के पास से एक टैंकर डीजल, 12 ड्रम डीजल, चार लाख कीमत का 2800 लीटर एथाइल एल्कोहल, आठ हजार नकद समेत अन्य सामान बरामद किया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि गिरोह का सरगना लकी सोनकर है, जिसने हाईवे किनारे एक गोदाम खोल रखा है। वह चोरी के डीजल को आसपास के ग्रामीण इलाकों में सस्ती दरों में बेचता है। बताया कि एथाइल एल्कोहल अवैध शराब बनाने वालों को बेचा जाता है। एसटीएफ सब इंस्पेक्टर राहुल परमार ने बताया कि सरगना लकी सोनकर फरार है।

सोहराब, विजय पाल, साहब, मूलचंद्र सैनी और सनी। अमृत विचार

- एसटीएफ ने पांच आरोपियों को किया था गिरफ्तार
- गिरोह का सरगना फरार हाईवे पर खोल रखा गोदाम

# खेलते-खेलते नहर में गिर गया बच्चा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दामोदर नगर में घर के बाहर खेलने के दौरान दो वर्षीय बच्चा नहर में गिर गया। घर से करीब 250 मीटर की दूरी पर बच्चे का शव नहर में उतराता मिला।

मजदूर राजेश पासवान पत्नी रेशमा बेटी खुशबू, नन्नू व दो साल के बेटे सूर्या के साथ दामोदर नगर नहर पटरी के किनारे रहता है। राजेश ने बताया कि शुक्रवार सुबह उनका दो साल का बेटा सूर्या घर के बाहर गेंद से खेल रहा था। सूर्या खेलते खेलते झोपड़ी के पीछे नहर किनारे चला गया और नहर में जा गिरा। काफी देर तक सूर्या के न मिलने पर परिजनों ने आसपास तलाश की। बाद में सूर्या का शव घर से 250 मीटर दूरी पर नहर में उतराता मिला। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं।

सूर्या।

# योजनाओं में शिथिलता न बरतें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में शुक्रवार को डीएम राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें पीएम स्वनिधि में लंबित ऋणों व डिजिटल अनएक्टिव वेंडर्स को एक्टिव किए जाने में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पीएम स्वनिधि योजना के तहत बैंक स्तर पर लंबित प्रथम के 928, द्वितीय के 816 द्वितीय व तृतीय के 391 ऋण के आवेदन पत्रों का तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। डिजिटल अनएक्टिव वेंडर्स को एक्टिव करने व प्रोफाइलिंग में पात्रों को योजना से जोड़ने के लिए सभी बैंकर्स, अग्रणी जिला प्रबंधक, अधिशासी अधिकारी, डूडा के परियोजना अधिकारी से चर्चा हुई। डीएम ने निर्देश दिए कि बैंकें लंबित ऋण आवेदन पत्रों को जल्द निस्तारित करें। अधिशासी अधिकारी, निकाय प्रभारी को निर्देश दिए कि योजना की समीक्षा कर प्रगति लाएं। परियोजना अधिकारी से कहा कि जो बैंक शिथिलता बरत रहीं हैं, उनके खिलाफ शासन व सरकार को पत्र भेजें।

डीएम ने योजनाओं की प्रगति जांची। अमृत विचार

- डीएम ने पीएम स्वनिधि योजना की बैठक ली

**हर-हर गंगे** | हजारों श्रद्धालु लगाएंगे घाटों पर डुबकी, दान पितृतर्पण का होता विशेष महत्व

# माघी पूर्णिमा पर आज होगा गंगा स्नान, तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माघी पूर्णिमा पर शनिवार को हजारों श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाएंगे। इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कई घाटों पर मेला भी लगेगा। इसके लिए दुकानें सज गई हैं।

माघी पूर्णिमा पर स्नान के लिए नगर के कई घाटों पर भीड़ उमड़ती है। घाटों पर स्नान के साथ दान-पुण्य, पितृ दान और तर्पण आदि धर्म कार्य किए जाते हैं। सरसैया घाट पर मेला लगता है। शुक्रवार से ही सड़क पर दुकानें लगनी शुरू हो गई हैं। गंगा बैराज पर भी स्नान घाट पर सफाई की गई है। भैरोघाट पर सफाई की गई। भोग, प्रसाद और पूजा सामग्री समेत खिलौनों की दुकानें लग गई हैं। भगवतघाट पर सीढ़ियों पर काफी मिट्टी, गंदगी फैली दिखी। घाट के आसपास बड़ी-बड़ी घास खड़ी है।

घाटों से दूर हैं गंगा। अमृत विचार

### नालों की दुर्गंध से होकर होगा गंगा स्नान

सरसैयाघाट के पास बहता गंदा पानी (नाला) के बीच से होकर लोगों को गुजरना पड़ेगा। नाले पर बालू की बोरियों को डालकर रास्ता बनाया गया है। उससे गुजरने पर भीषण दुर्गंध बेहाल करती है।

पूजा-पाठ के लिए अस्थाई दुकानें लगीं। अमृत विचार

पूर्णिमा तिथि 23 फरवरी को दोपहर 3 :33 बजे से शुरू हो रही है। पूर्णिमा तिथि का समापन 24 फरवरी को शाम 5 : 59 बजे होगा। मान्यता के अनुसार उदया तिथि को ही मान्य किया गया है। इसलिए माघ पूर्णिमा शनिवार 24 फरवरी को ही मानी जाएगी।
–पंडित मनोज कुमार द्विवेदी

### दान का बहुत महत्व

माघी पूर्णिमा की मान्यता के अनुसार सूर्य उदय होने से पहले उठकर किसी नदी या तीर्थ स्नान पर जाकर स्नान करें, फिर उगते सूर्य को तांबे के लोटे से जल दें। जल में लाल चंदन मिलाना चाहिए। अगर तीर्थ स्थान या नदी न पहुंच पाए तो घर में ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करें, इससे तीर्थ जैसा पुण्य प्राप्त होता है। धर्माचार्यों ने बताया कि यह भी मान्यता है कि माघी पूर्णिमा पर उपवास रखने से सुख-सौभाग्य, धन-संतान व स्वास्थ्य सुख की प्राप्ति होती है। इस दिन भोजन, कपड़े, तिल, गुड़, घी, फल आदि के दान से गोदान का फल प्राप्त होता है। इस दिन तिल और कंबल का दान का भी विशेष महत्व है। आचार्यों के अनुसार माघ माह की पूर्णिमा को चंद्रमा मघा नक्षत्र में रहता है। यह पितरों का नक्षत्र माना गया है। इसी कारण इस दिन श्राद्ध का बहुत महत्व है। इससे पितरों को तृप्ति मिलती है।

# शोधार्थी कृषि शोध कार्य की प्रगति देखते रहें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसए में कृषि शोध कार्य को बारीकी से परखा गया। शोध में बीज और सब्जियों में किए जाने वाले प्रयोग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने खेत में बनी प्रयोगशाला में जाकर शोध की प्रगति देखी। शोधार्थियों को टिप्स भी दिए गए कि वे रोजाना अपने शोध की प्रगति जरूर देखें।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने शोध कार्यों को परखा। इस दौरान विश्वविद्यालय की ओर से बीज उत्पादन के अंतर्गत विकसित किए जा रहे सब्जी मटर बीज एपी 3 की स्थिति पर संतुष्टि भी जताई। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. सी एल मौर्य ने बताया कि विद्यार्थी प्रशिक्षण प्रक्षेत्र पर एमएससी व पीएचडी के 90 छात्र छात्राओं के शोध का परीक्षण किया गया। इस परीक्षण में बीज विज्ञान, कीट विज्ञान, पादप रोग विज्ञान, कृषि रसायन व मृदा विज्ञान, मृदा संरक्षण व जल प्रबंधन के क्षेत्र से जुड़े शोध शामिल किए गए। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने छात्र-छात्राओं से कहा कि कृषि संबंधी शोध प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शोध पर बारीकी से निगरानी करना चाहिए।

- सीएसए के कुलपति ने कृषि के नवीन प्रयोगों को सराहा

# बदले मौसम से बढ़े मरीज, अस्पताल में 11 सौ पर्चे

## बुखार खांसी व गले में इंफेक्शन के आ रहे सबसे ज्यादा मरीज, डाक्टर बोले, बदलते मौसम में लापरवाही पड़ सकती है भारी

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसम बदलने के साथ सरकारी सहित प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की खूब भीड़ पहुंच रही है। सबसे ज्यादा बुखार जुकाम खांसी पेट दर्द व गले में इंफेक्शन के मरीज पहुंच रहे हैं । इस मौसम में बच्चों के साथ-साथ वृद्ध लोगों का विशेष ध्यान रखने की सलाह डाक्टरों ने दी है। सुबह व रात में सर्दी और दिन में तेज धूप नुकसानदायक है। वहीं खानपान से लेकर गर्म कपड़ों के पहनने में लापरवाही बीमार कर सकती है। अभी तक जिला अस्पताल में जहां मरीजों की संख्या कम थी, वहीं अब ओपीडी में मरीजों का मेला सा लगने लगा है।

**कुछ ऐसे हो रही लापरवाही:** पिछले दो दिनों से मौसम में ज्यादा बदलाव हुआ है। दो दिन से हल्की बारिश के साथ ठंडी हवाएं भी चल रही हैं लेकिन दोपहर में तेज धूप निकल रही है। बारिश से पहले ऐसा लगने लगा था, जैसे गर्मी आ गई और तेज धूप निकलने पर लोग लापरवाही भी करने लगे।

पैथालॉजी के बाहर जांच कराने के इंतजार बैठे मरीज । अमृत विचार

### ओपीडी में मरीजों की भरमार है

एक सप्ताह पूर्व तक जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में काफी कमी थी। अब फिर से मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर ओपीडी में मरीजों की भरमार है। फिजीशियन से लेकर बाल रोग विशेषज्ञ ईएनटी सर्जन के पास इस समय सबसे ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर जहां 900 तक पर्चे बना रहे थे। अब इन पर्चों की संख्या 1100 पार हो गई है। कभी-कभी यह संख्या 1200 तक भी पहुंच जाती है।

**900** से 1100 पहुंच गई पर्चों की संख्या

**50** से 60 थ्रोट इंफेक्शन के मरीज आ रहे

### नवजात से लेकर सभी बच्चों का रखें विशेष ध्यान

जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा मूलचन्द्रा का कहना है कि बदलते मौसम में नवजात बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है क्योंकि इन बच्चों की सांस की नली पतली होती है। इसलिए वह संक्रमण का जल्दी शिकार होते हैं। उन्होंने बताया ओपीडी में जुकाम बुखार खांसी के साथ डायरिया पेट दर्द के मरीज भी सामने आ रहे हैं। हालांकि डायरिया के मरीजों को भर्ती करने की जरूरत नहीं हो रही है । बच्चों को इस मौसम में गर्म कपड़े पहनाकर रखें। ठंडा खाना व बाहर की चीज बच्चों को कतई न दें। इसके अलावा बच्चों को साफ व गुनगुना पानी ही पिलाएं। जिन घरों में छोटे बच्चे हैं वह लोग अभी पंखा बिल्कुल न चलाएं ।

- तेज धूप निकलने पर लोग लापरवाही भी करने लगे
- दो दिन से ठंडी हवाएं भी चल रही, दोपहर में तेज धूप

### थ्रोट इंफेक्शन व कान बहने के सबसे ज्यादा मरीज

ईएनटी सर्जन राजीव चौधरी का कहना है कि बदलता मौसम शरीर को कमजोर कर देता है और बीमारियां बढ़ती हैं। इस समय उनके पास 50 से 60 थ्रोट इंफेक्शन के मरीज आ रहे हैं। साथ ही कान बहने के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। थ्रोट इंफेक्शन के कारण खांसी व गले में दर्द तथा खाना निगलने में भी लोगों को दिक्कत हो रही है। कान में दर्द भारीपन की शिकायत के मरीज भी सामने आ रहे हैं। ऐसे मरीजों को इस मौसम में काफी बचाव करने की जरूरत है। गर्मी से सर्दी और सर्दी से गर्मी में जाने से बचना चाहिए। साथ ही ठंडी चीजों का परहेज करना चाहिए।

### सांस के रोगी न करें इस समय लापरवाही

जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डा एनके सक्सेना का कहना हैं कि खास तौर से अस्थमा और सांस के मरीजों को इस मौसम में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। बदलते मौसम मे ऐसे मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। एलर्जी होने का खतरा बढ़ जाता है। ओपीडी में उनके पास जुखाम बुखार खांसी के अलावा सांस के मरीज भी काफी आ रहे हैं। सांस के मरीजों को ठंडी चीजों से दूर रहना चाहिए।

### घुटने व जोड़ों के दर्द के मरीज बरतें सावधानी

जिला अस्पताल के आर्थोपेडिक सर्जन डा सुधीर चौधरी का कहना है कि सर्दी में मांसपेशियां जकड़ जाती हैं जिसके कारण कमर दर्द जोड़ों का दर्द घुटने का दर्द कंधे के दर्द की समस्या बढ़ जाती है। इन्हीं समस्याओं के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। गर्म कपड़े पहनें वहीं घुटनों में नी कैप भी पहननी चाहिए। बदलते मौसम में बुजुर्ग लोगों को ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत है।

## सार-संक्षेप

दिव्यांग बच्चों की बस को सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी। अमृत विचार

### एक्सपोजर विजिट के तहत दिव्यांग बच्चों ने किया भ्रमण

**फतेहपुर।** समेकित शिक्षा के तहत परिषदीय स्कूलों के दिव्यांग बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। बस को सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव के नेतृत्व में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को ज्ञानवर्धक एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण के लिए शुक्रवार को एक्सपोजर विजिट का कार्यक्रम कराया गया। जिसमें बच्चों को विकास खंड खजुहा में स्थित बागबादशाही, बारादरी एवं बावन इमली का भ्रमण कराया गया। कलेक्ट्रेट फतेहपुर से मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा द्वारा सदर तहसील के सभी विकास खण्डों से आए बच्चों को हरी झंडी दिखाकर बस से रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों के अभिभावकों से बात करते हुए बच्चों को सामाजिक एवं ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को सकुशल एक्सपोजर विजिट कर वापस आने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्पेशल एजुकेटर्स, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

### चोरी का प्रयास करते समय चोर को पकड़ा

**बिंदकी।** लोहा वेल्डिंग की दुकान में रात को चोरी करते समय आरोपी चोर को दुकानदार ने पकड़ लिया। पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने आरोपी चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।गुरुवार की रात को नगर के तहसील के गेट नंबर दो के सामने स्थित शिवम शुक्ला के लोहा वेल्डिंग की दुकान में एक चोर सामान की चोरी कर रहा था। आरोपी को देखकर कुत्ते भोंकने लगे। यह सुनकर दुकानदार शिवम शुक्ला अपने दो मंजिल मकान से नीचे उतरा देखा तो चोर छिपा हुआ था। दुकानदार के शोर मचाने पर कई लोग पहुंच गए और चोर को पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

### मारपीट में दंपति समेत तीन लोग घायल

**थरियांव।** महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे पति व बेटे को भी पीट दिया। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की तहरीर पर पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। थाना क्षेत्र के तलकापुर गांव निवासी चंदा देवी पत्नी रमेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले के एक व्यक्ति चार लोग घर के पास पड़ी पुस्तैनी जमीन के चलते नशे में गाली गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर चंदा देवी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान पति व पुत्र भी मौके पर आ गए। उन्हें भी लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### यातायात नियमों की दी जानकारी

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी अजय कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की। इसी दौरान आम जनमानस को जागरूक कर प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई।

### दुकानदार के साथ की गई मारपीट

**बिन्दकी।** झावन खेड़ा गांव में दिलीप सैनी पुत्र बनवारी लाल की चाय नाश्ता व हरी सब्जी की दुकान है। पीड़ित दिलीप सैनी के अनुसार उसकी दुकान में कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के पारा दान गांव निवासी अन्ना पुत्र सग्गीलाल आया। उस समय वह अपने मोबाइल से एक जरूरी व्यक्ति से बात कर रहा था तभी अन्ना ने लूडो खेलने के लिए मोबाइल मांगा। जब उसने मोबाइल नहीं दिया तो उसने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### चोरी गई बाइक लावारिस खड़ी मिली

**बिन्दकी।** फरीदपुर मोड़ स्थित एक गेस्ट हाउस सोमवार की रात को बारात में गए बाराती भोला निवासी महरहा रोड कस्बा बिंदकी कोतवाली बिंदकी की बाइक चोरी हो गई थी। गुरूवार को चोरी हुई बाइक जाफराबाद गांव के पास लावारिस मिली।

# धूप-बदली देख अन्नदाताओं की बढ़ी धड़कन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसम की मार किसानों को तबाह कर रही है। मौसम के बार-बार करवट बदल रहा है। बारिश व ओलों के बाद शुक्रवार को भी बदली व धूप के बीच लुका छिपी जारी रही। जिससे किसानों की धड़कने बढ़ रही हैं। दिन में पारा गिरने व ठंडी हवाओं ने मौसम को सर्द रखा। वहीं कुछ क्षेत्रों में धूप निकलने के बाद खेतों में पहुंचे किसान फसलों को समेटने व थ्रेसरिंग कराने में मशगूल रहे।

जिले में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। बीते दिनों बारिश व ओले गिरने के कारण जहां किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है वहीं रात में पारा सामान्य से कुछ नीचे रहा। वहीं ठंडी हवा ने लोगों को सर्दी का अहसास कराया। शुक्रवार को भी बदली व ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ। पूरे दिन बदली व धूप के बीच लुकाछिपी जारी रही। साढे तीन किमी प्रति घंटा से चलने वाली ठंडी उत्तर पश्चिमी हवा ने मौसम को सर्द कर दिया। शाम होते ही सर्दी का असर बढ़ने से लोग गर्म कपड़े फिर से निकालने को विवश हो गए। कुछ क्षेत्र में मौसम साफ होने तथा धूप निकलने के बाद लोग खेतों में भीगी फसल को समेटते दिखे। किसान पकी लाही की फसल की थेसरिंग कराने में किसान जुटे दिखे।

- दिन में सामान्य से दो डिग्री नीचे रहा पारा, चलती रही ठंडी हवा
- विपरीत मौसम देख पकी फसलों को समेटने में जुटे दिखे किसान

मौसम की मार से खराब हो रही फसलें । अमृत विचार

### दिन भर चली ठंडी हवा

मौसम के पलटवार से शहरी परेशान हो गए। सुबह से 10 से 12 किमी रफ्तार से चल रही पछुआ ने कान ढंकने को मजबूर कर दिया। वहीं बदन गर्म कपड़े हटा चुके लोग एक फिर जैकेट, स्वेटर, शॉल सहित अन्य ऊनी कपड़ों में नजर आए। दोपहर 2 .30 बजे 4 .30 बजे तक धूप ने कुछ राहत दी

### तेज हवाओं संग छाएंगे बादल

बीते बुधवार को हुई बारिश और गिरे ओलों के बाद मौसम ने यू टर्न लिया। गुरुवार को पूरब-पश्चिम, उत्तर दिशाओं से चल रही हवाओं से सर्दी ने पलटवार किया। वहीं 48 घंटों में अधिकतम तापमान करीब 09 डिग्री नीचे सरका और 24 पर टिक गया। जबकि न्यूनतम पारा 13 डिग्री होने की वजह से रात में सर्दी रही। अभी भी बूंदाबांदी के आसार हैं।

### फसलों के नुकसान का आंकलन शुरू

बारिश के साथ ओले गिरने से लाही, चना, धनियां आदि फसलों को भारी नुकसान हुआ। इसके साथ फसलों को हुए नुकसान के आंकलन की कवायद शुरू हुई है। उप निदेशक ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों के किसानों से 72 घंटे के अंदर फसलों के नुकसान की सूचना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामित बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर के साथ ही बीमा कंपनी के प्रतिनिधि के मोबाइल नंबर पर देने को कहा गया है। इसके साथ ही किसान जिला कृषि अधिकारी व उनके कार्यालय में भी सूचना दे सकते हैं।

### अभी मौसम में नहीं होगा कोई खास बदलाव

जनपद में मौसम में अभी कोई खास बदलाव नहीं होगा। आसमान में बदली रहने के साथ ही ठंडी हवाएं जारी रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक की मानें तो शुक्रवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12 .6 डिग्री रहा। उन्होंने बताया कि अभी आसमान में हल्के मध्यम बादल छाए रहने तथा शुक्रवार को स्थानीय स्तर पर छिटपुट बारिश होने की संभावना है।

# नहर में उतराता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

घटना स्थल पर जांच करने पहुंची फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को राम गंगा नहर में अज्ञात युवक का शव उतराता मिला। जिसे देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के मदद से शव को बाहर निकाला। मृतक की फ़ोटो सोशल मीडिया में पोस्ट करने पर परिजन पहुंचे और शिनाख्त करने के बाद हत्या की आशंका जताई।

हथगाम थाना क्षेत्र के सरायं इदरीश गांव में राम गंगा नहर में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। पहचान होने के बाद खखरेरू के पौली गांव से पहुंचे अबरार ने बताया कि उनका बेटा सरफराज (25) बाहर नौकरी करता है और दो जनवरी को बीमार होने पर घर आया था। 21 फरवरी को बैंक से पैसा निकालने के लिए गया था। उसके बाद से गायब हो गया। सोशल मीडिया से उन्हें शव मिलने की जानकारी हुई। पिता ने बेटे की हत्या का आशंका जताई है।

अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि एक युवक का शव नहर में बहते हुए देखकर ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दिया। मृतक की फोटो सोशल मीडिया में देखकर परिजन ने मृतक की शिनाख्त की। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गलत तरीके से ड्यूटी कर रहे छह कक्ष निरीक्षकों पर रिपोर्ट

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा की प्रदेश टॉपटेन सूची में नाम दर्ज कराने वाले सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम के छह शिक्षक गलत विषय और योग्यता अंकित कर परीक्षा ड्यूटी करते पकड़े गए। डीएम के आदेश पर सभी शिक्षकों के खिलाफ सदर कोतवाली और राधानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की है।

डीएम ने गलत परिचय पत्र जारी करने के लिए डीआईओएस को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तीन शिक्षक राजकीय इंटर कॉलेज फतेहपुर स्थित परीक्षा केंद्र और तीन शिक्षक स्वकेंद्र में कक्षनिरीक्षक की ड्यूटी करते पकड़े गए हैं। एडीएम ने बताया कि निरीक्षण में राजकीय इंटर कॉलेज में तीन तीन स्वकेंद्र एसबीएम में ड्यूटी कर रहे थे। राजकीय इंटर कॉलेज फतेहपुर में तीन कक्ष निरीक्षकों के आईडी कार्ड पर अंकित उनके पढ़ाए जाने वाले विषय का नाम, शैक्षिक योग्यता तथा हस्ताक्षर गलत मिले। सरस्वती बाल मंदिर, रघुवंशपुरम में भी तीन कक्ष निरीक्षक ऐसे मिले हैं, जो स्वकेंद्र में ड्यूटी कर रहे थे। राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रमाकांत सिंह ने सदर कोतवाली में कक्षनिरीक्षक योगेश कुमार, सोहनलाल तिवारी, अवध कुमार के खिलाफ नकल अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

- प्रदेश में टापटेन सूची में नाम दर्ज कराने वाला विद्यालय भी शामिल

# बेकाबू वाहन ने युवक को रौंदा

**थरियांव।** गुरूवार देर रात अज्ञात वाहन कि टक्कर लगने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराई तो युवक बांदा जनपद का निकला। पुलिस कह सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मचा रहा।

थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा चौकी के बिलंदा नेशनल हाइवे के पास एक युवक हादसे का शिकार हो गया। युवक की पहचान बांदा के घनसोल गांव निवासी शिवनंदन के रूप में हुई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि शिवनंदन फतेहपुर में रह कर मजदूरी का काम करता था। वह गांव बिलंदा गया था। वापस लौटते समय हाईवे तेज रफ्तार वाहन उसे रौंदते हुए निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# यूपी बोर्ड: कड़ी निगरानी में दूसरे दिन भी हुई परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा एवं चाकचौबंद व्यवस्था के बीच शुक्रवार को दूसरे दिन भी हुईं। दोनों पालियों में कुल मिलाकर 387 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के साथ ही अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे।

प्रथम पाली में हाईस्कूल में अरबी-फारसी की परीक्षा में पंजीकृत 29 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 5 गैर हाजिर रहे तो 24 ने परीक्षा दी। इसी पाली में इण्टरमीडिएट के नागरिक शास्त्र की परीक्षा में पंजीकृत 5116 परीक्षार्थियों में 4795 ने परीक्षा दी और 321 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। इसी तरह से द्वितीय पाली में हाईस्कूल

की संगीत गायन एवं इण्टरमीडिएट की सामान्य आधारित विषय, कृषि शस्य विज्ञान, कृषि शस्य विज्ञान एग्रोनॉमी विषय के प्रश्नपत्रों की परीक्षा आयोजित हुई। हाईस्कूल में संगीत गायन विषय के लिए कुल 146 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। जिनमें 143 ने परीक्षा दी और 03 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह से इंटरमीडियट में सामान्य आधारित विषयों की परीक्षा में पंजीकृत 1404 परीक्षार्थियों में 58 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज हुई, जबकि 1346 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दोनों पालियों में 387 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। दूसरे दिन किसी भी परीक्षा केन्द्र पर कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। परीक्षा से पहले मुख्य गेट पर ही परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई। उसके बाद परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक समेत अन्य सचल दलों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। दूसरी तरफ अफसरों का पूरा जोर इस बात पर रहा कि कहीं भी नकल नहीं होने पाए। सभी केंद्रों पर अफसर व्यवस्थाओं को जांचते रहे।

राजकीय इंटर कालेज में स्थापित कंट्रोल रूम रहा सक्रिय। अमृत विचार

### ड्यूटी करने नहीं पहुंचे कई कक्ष निरीक्षक

बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से विधिवत शुरू हो गईं। पहले दिन जहां परीक्षा को लेकर केंद्रों पर काफी गहमागहमी रही। वहीं सख्ती भी काफी दिखाई दी। हालांकि कई परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षक ड्यूटी करने नहीं पहुंचे। ऐसे में वहां उन कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था कर ड्यूटी कराई गई। बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पूर्व जिले के 12 परीक्षा केन्द्र के व्यवस्थापकों ने परीक्षा प्रभारी को कई कक्ष निरीक्षकों के न आने की शिकायत दर्ज कराई। परीक्षा प्रभारी विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि 12 विद्यालयों के करीब 25 कक्ष निरीक्षक अपनी डयूटी पर नहीं पहुंचे। जिससे परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न हुआ। हालांकि समय रहते रिजर्व में रखे गए कक्ष निरीक्षकों को भेज कर परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराई गई है। इसकी सूचना परिषद को भेज दी गई है।

> बोर्ड परीक्षा में जिन शिक्षकों को केन्द्र व्यवस्थापक, वाहय केन्द्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षकों के रूप में डयूटी लगाई गई है, वह लोग यदि अपने दायित्वों का निवर्हन करने में बहानेबाजी करेंगे तो उन्हें अनुपस्थित मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
>
> -विनोद श्रीवास्तव, परीक्षा प्रभारी

रोजगार | नियुक्ति होने के बाद भी करीब 75 फीसदी युवा आ जाते वापस

# नहीं भा रहीं प्राइवेट नौकरियां, छोड़ रहे जॉब

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के लिए शासन स्तर पर प्रयास तो किए जा रहे हैं लेकिन युवाओं को प्राइवेट नौकरी शायद नहीं भा रही है। यही कारण है कि रोजगार मेले के तहत नौकरी पाने वाले करीब 75 फीसदी युवा नौकरी छोड़ रहे हैं। यह बात दीगर है कि कोई सरकारी नौकरी की चाहत रखता है तो कोई दूर जाने से कतरा रहा है। जिला सेवायोजन विभाग द्वारा लगातार रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

इस वित्तीय वर्ष में सेवायोजन विभाग द्वारा कई रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 1523 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों ने नौकरी दी। इस दौरान अहमदाबाद, गुजरात समेत अन्य कई प्रदेशों की कम्पनियों ने हिस्सा लिया और 11 हजार रुपये प्रतिमाह से लेकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह के वेतन पर चयन किया गया। लेकिन अधिकांश युवा सरकारी नौकरी की चाहत में प्राईवेट नौकरी से तौबा कर रहे हैं। विभाग की मानें तो अभ्यर्थी दूर होने का हवाला देते हैं। जॉब छोड़कर वापस आ जाते हैं। इसकी कम्पनियां शिकायत भी दर्ज कराती रहती हैं।

### युवाओं से किया जाता सम्पर्क

जॉब छोड़ने वाले युवाओं से सेवायोजन विभाग लगातार सम्पर्क करता रहता है। सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि ऐसे युवाओं की समस्याएं जान उनकी काउंसिलिंग की जाती है ,समझाया जाता है कि जॉब करते हुए आगे की मंजिल तलाशी जा सकती है।

### रोजगार मेले के लिए मिलता बजट

एक वित्तीय वर्ष में रोजगार मेला आयोजित करने के लिए शासन से विभाग को करीब 50 हजार रुपये की धनराशि दी जाती है। जिससे विभिन्न दिवसों में रोजगार मेले का आयोजन होता है। मेले में हिस्सा लेने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होता है।

- सेवायोजन विभाग रोजगार मेले के माध्यम से कराता सेवायोजित

> जॉब मिलने के बाद जो युवा नौकरी छोड़ रहे हैं, उनकी काउंसिलिंग की जा रही है। अधिकांश युवा पहली बार घर छोड़कर बाहर जाते हैं तो घर की याद में भी वापस आ जाते हैं। कुछ सरकारी नौकरी की तलाश में हैं। युवाओं को जॉब दिलाने के लिए लगातार मेलों का आयोजन हो रहा है। अब तो ब्लाक स्तर पर भी आयोजन किए जा रहे हैं।
>
> -उज्जवल कुमार, सेवायोजन अधिकारी

# गोकशी के 7 आरोपियों पर गैगस्टर की कार्रवाई

**फतेहपुर।** गोकशी और मांस तस्करी के सात आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों को पांच अगस्त को गोकशी के मामले में गिरफ्तार किया था। डीएम की अनुमति के बाद हथगाम थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी ने मुकदमा दर्ज कराया है।

आरोप है कि मुल्लनपुर निवासी कौनयन अली का संगठित गिरोह गोकशी करता है। वह कौनयन गैंग का लीडर है। गैंग के सदस्य मुल्लनपुर के ही मो. हैदर अली, मो. कासिम अली, सिद्दीक मोहम्मद इस्माइल उर्फ शोएब, दरियापुर निवासी साबिर अली, सुल्तानपुर घोष थाने के इजुरा बुजुर्ग निवासी सफी मोहम्मद, थरियांव थाने के मोहम्मदपुर कला निवासी मो. तौफीक हैं।

# बैठक में एल्डर्स कमेटी का हुआ गठन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** आदर्श अधिवक्ता संघ बिंदकी की आम बैठक सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी का भी गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता रमाकांत तिवारी को मनोनीत किया गया। गठन के बाद एल्डर्स कमेटी ने अपना काम भी प्रारम्भ कर दिया।

आदर्श अधिवक्ता संघ बिंदकी के अध्यक्ष सुशील कुमार बाजपेयी ने बताया कि बहुत जल्द ही एल्डर्स कमेटी अधिवक्ता संघ के चुनाव की घोषणा करेगी। इसके साथ ही बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई जिससे अधिवक्ताओं की समस्याओं का समय रहते निस्तारण कराया जा सके। एल्डर्स कमेटी में तीन अन्य अधिवक्ताओं का भी चयन किया गया जो एल्डर्स कमेटी को अपने सुझाओ के साथ सहयोग करेंगे। महामंत्री सत्यार्थ सिंह ने कहा कि सभी साथी अधिवक्ता हित में काम करें। कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायन यादव, पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र प्रसाद मिश्र, विप्र नारायण तिवारी, लक्ष्मी शंकर यादव, सुरेश सिंह चौहान आदि रहे।

बैठक कर एल्डर्स कमेटी का गठन करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### एल्डर कमेटी के सदस्य

एल्डर कमेटी का अध्यक्ष रमाकांत तिवारी, सहयोगी रमेश चन्द्र गुप्ता व राम नरेश सिंह के अलावा आनंद शंकर वर्मा, राम करन सिंह चैहान, राम किशोर वर्मा, गंगाराम सोनकर को बैठक में मनोनयन किया गया है। एल्डर कमेटी ने काम करना भी शुरू कर दिया है।

### सब्सिडी की राशि नहीं पहुंचने पर उज्जवला योजना के उपभोक्ता बैंक के लगा रहे चक्कर

# उज्जवला गैस सब्सिडी पर एजेंसी वालों ने डाला डाका!

- शासन द्वारा दी जानी है उज्जवला योजना के लाभार्थियों को शत प्रतिशत सब्सिडी
- लोगों का आरोप एजेंसियां सब्सिडी खाते में नहीं भेजकर हजम करने में लगी हैं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में उज्जवला और सामान्य गैस कनेक्शन के उपभोक्ताओं के खाते में पिछले कई माहों से सब्सिडी की राशि नहीं पहुंच रही है। उपभोक्ताओं के खाते में सब्सिडी की राशि नहीं आने से काफी हलकान हैं। खास बात तो यह है कि उज्जवला योजना के उपभोक्ताओं को नवंबर से फरवरी माह तक एक सिलेंडर बुकिंग पर समूची सब्सिडी वापस किया जाना है लेकिन एजेंसियां सब्सिडी खाते में नहीं भेजकर हजम करने में लगी हुई हैं। इससे उपभोक्ताओं को बैंक में चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

इस पर गैस एजेंसी के संचालक का कहना है कि उज्जवला और सामान्य गैस कनेक्शन के उपभोक्ताओं के खाते में सब्सिडी की राशि दी जा रही है। जिन उपभोक्ताओं का खाता किसी कारणवश बंद हो गया या खाते का केवाईसी न होने से बंद हैं, उन खाते में सब्सिडी की राशि नहीं जा रही है। वह एजेंसी में अपना अपना पासबुक और गैस कनेक्शन का पेपर लेकर आएं। बता दिया जाएगा कि किस कारण से उनके खाते में सब्सिडी नहीं जा रही है। वहीं उज्जवला योजना के उपभोक्ता ने बताया कि पिछले जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में लक्ष्मी भारत गैस एजेंसी बकेवर में बुकिंग करायी थी लेकिन एजेंसी ने सब्सिडी की समूची राशि नहीं भेजी जबकि सिलेंडर की पूरी राशि वापस किया जाना था। आरोप है कि जब एजेंसी से संपर्क किया गया तो बैंक का स्टेटमेंट और गैस कनेक्शन के पेपर मांगे गए, उपभोक्ता ने मोबाइल पर लिंक बुकिंग मैसेज को दिखाया तो एजेंसी कर्मचारी मानने को तैयार नहीं हैं। वे बैंक से एक साल का स्टेटमेंट लाकर देने पर अडिग दिखे। बता दें कि बैंक स्टेटमेंट लेने पर निर्धारित शुल्क जमा करनी पड़ती है। इन दिनों एसबीआई शाखा बकेवर में लगा प्रिंटर काफी दिनों से खराब होने से बैंक पास बुक प्रिंट नहीं हो पा रही है। जो कोढ़ में खाज से कम नहीं है। इस तरह एजेंसी अपनी करतूतों को छुपाने के लिए तरह-तरह के बहाने बाजी करती रहती हैं। कभी एजेंसी मैनेजर नहीं आने का हवाला देकर फिर आने की सलाह दी जा रही। कभी कोई बहाना बनाकर टरकाया जा रहा है। उपभोक्ता थकहार कर अपने घर बैठ जाते और मिलने वाली सब्सिडी की राशि से उन्हे वंचित होना पड़ रहा है। तमाम उपभोक्ता कुछ इसी तरह की समस्या से जूझ रहे हैं। बैंक में सब्सिडी के लिए चक्कर काट रहे हैं। जिले की कई एजेंसी के मनमानेपन से उपभोक्ता परेशान हैं। एजेंसी चाहे तो इन परेशान उपभोक्ताओं के कनेक्शन पेपर देखकर समस्या का निस्तारण कर सकती हैं लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।

"हमने ऐसी बातों को गंभीरता से लिया है। जल्द अभियान चलाने वाले हैं। अगर किसी एजेंसी पर ऐसी शिकायत पाई गई तो सख्त कार्रवाई करेंगे।

–अभय सिंह, डीएसओ

**एजेंसी पहुंच समस्या का निस्तारण कराएं**

इस बावत लक्ष्मी भारत गैस एजेंसी के मैनेजर अरूण से बात की गई तो कहा कि अभी बाहर हैं, उन्होंने भी कनेक्शन धारक का स्टेटमेंट देने की बात दोहराई है तथा एजेंसी पहुंच समस्या का निस्तारण कराये जाने की बात कही है।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोरों पर मारा छापा

**फतेहपुर।** अवैध रूप से दवाई बेचे जाने की शिकायत पर शुक्रवार को ड्रग इंस्पेक्टर ने खागा नगर के दो मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। इससे मेडिकल स्टोर संचालकों के बीच हड़कंप मचा रहा। कई मेडिकल स्टोर संचालक दुकान बंद करके खिसक लिए। कई मेडिकल स्टोर संचालक बेची गईं दवाइयों के बिल नहीं दिखा पाए। उन्होंने बताया कि मेडिकल स्टोर संचालक से प्रेग्नेंसी टैबलेट की डिटेल मांगी गई जिसको संचालक उपलब्ध नहीं करा पाए। वहीं उनसे नारकोटिक्स का डिटेल भी मांगा। जिसको वह नहीं दिखा सके। इसको लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

निरीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि शिकायत मिल रही थी कि कुछ मेडिकल स्टोर पर बिना बिल के ही दवाइयां बेची जा रही हैं। मांगने के बाद भी ग्राहकों को बिल नहीं दिए जा रहे हैं। शिकायत पर उन्होंने शुक्रवार को दो मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। इस दौरान जब मेडिकल स्टोर संचालक से दवाइयां के बिल दिखाने के लिए कहा तो वह बिल नहीं दिखा पाए। वहीं संचालक टिटनेस के इंजेक्शन की डिटेल उपलब्ध नहीं करा पाए।

# 2.80 करोड़ के बजट का अनुमोदन

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक मुख्यालय परिसर में ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों की खुली बैठक हुई। जिसमें ब्लॉक क्षेत्र से विकास संबंधी कुल 90 प्रस्ताव मिले। विकास खंड के मीटिंग हाल में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक प्रमुख शत्रुघ्न निषाद ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता ने भी सरकार की योजनाओं से क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अवगत कराया।

शत्रुघ्न निषाद ने बताया कि सभी ग्राम पंचायत क्षेत्र के बीडीसी सदस्यों से विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए हैं। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायतों से निस्वार्थ भाव से कार्य करने तथा ग्रामीण क्षेत्र में विकास करने की बात कही। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। जब तक अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ नहीं पहुंचेगा तो सरकार की मंशा पूरी नहीं होगी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे खंड विकास अधिकारी विश्वनाथ पाल ने कहा कि प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के द्वारा कुल 90 प्रस्ताव मिले हैं। 77 सदस्यीय क्षेत्र पंचायत की बैठक में 2.80 करोड़ रूपए के बजट का अनुमोदन किया गया। वर्ष 2024-25 में उपरोक्त बजट से विकास कार्य कराए जाएंगे। जिसमें मनरेगा योजना में 11.98 लाख ग्राम पंचायत को मनरेगा के तहत मिलने वाले बजट का अनुमोदन किया गया। क्षेत्र पंचायत में मनरेगा योजना से 2.39 लाख रूपये का लेबर बजट का अनुमोदन किया गया। अन्य कार्यदाई संस्थाएं सिंचाई, राष्ट्रीय जलागम, उद्यान एवं वन विभाग के द्वारा कराई जाने वाले कार्यों के लिए 1.59 लाख रूपये का बजट प्रस्तावित किया गया। जिसमें कुल 15.98 लाख रूपये से असोथर विकास खंड क्षेत्र के श्रमिकों में खर्च होगा। ब्लॉक क्षेत्र में कमेटी बनाकर विकास कार्यों को कराया जाएगा। इस दौरान बैठक में भाग लेने वाले सभी ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत में भत्ता के रूप में दिए गए।

ब्लॉक प्रमुख शत्रुघ्न निषाद और खंड विकास अधिकारी विश्वनाथ पाल, संतोष द्विवेदी, लाला सिंह, उदय सिंह मौर्य प्रधान संघ अध्यक्ष असोथर, अनूप सिंह, पूर्व प्रमुख लल्ली सिंह आदि रहे।

क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते विधायक विकास गुप्ता। अमृत विचार

**नहीं पहुंचे विभागीय अधिकारी**

क्षेत्र पंचायत की बैठक में सिंचाई विभाग, विद्युत, बाल विकास, पूर्ति विभाग, उद्यान, लघु सिंचाई विभाग व भूमि संरक्षण विभाग सहित जिला स्तरीय कोई भी अधिकारी कर्मचारी बैठक में शिरकत नहीं किया है। जबकि सभी विभागों को एजेंडा दिया गया था। यहां तक की स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग से भी किसी की उपस्थिति बैठक में नहीं थी।

# रास्ता खोदकर ठेकेदार हो गया लापता, अब ग्रामीण परेशान

संवाददाता, धाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत धाता के सरोजनी नायडू वार्ड में जल जीवन मिशन के तहत चल रही हर घर जल हर घर नल योजना के तहत कई ग्राम पंचायतों में पानीं टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें ठेकेदारो के द्वारा रास्ते को खोदकर पाइप लाइन डलवाई जा रही है। वहीं जब ठेकेदारों का काम पूरा हो जाता है तो कीचड़ भरे रास्ते को बगैर सुधारे निकल जाते हैं। जिससे ग्रामीणों में ठेकेदारों की मनमानी से भारी आक्रोश व्याप्त है।

नगर पंचायत के मंझपुरवा गांव में जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइप लाइन डलवाई गई थी। इसके बाद ठेकेदार उस रास्ते को उसी हाल में छोड़ दिया गया है। इनदिनों हो रही बारिश की वजह से रास्ता दलदल हो गया है। जिससे लोगों को जहां आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं बुजुर्गो एवं स्कूली बच्चों के लिए रास्ते से निकलना जोखिम भरा रहता है। जिसको लेकर ग्रामीणों मे भारी आक्रोश है। गांव के इद्दी निशा, फातिमा बानो, मो हुसैन ने बताया कि घर के सामने पानी भरा रहता है। पूरे गांव के रास्ते को खोदकर पाइप लाइन डाली गई है। ठेकेदार ने उन रास्तों को दोबारा दुरुस्त नहीं किया है। जिससे ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है। कई जगह पर जलभराव भी हो गया है। वहीं क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में ठेकेदारों की मनमानी के चलते रास्ते बाधित हो गए। जबकि शासन द्वारा पाइप लाइन डालने के बाद रास्ते को दुरुस्त कराने का निर्देश है। ठेकेदार कार्य में मनमानी कर रहे हैं। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

घर के बाहर दरवाजे पर जलभराव। अमृत विचार

# सुजानपुर रजबहा का पुल दे रहा हादसों को दावत

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक मुख्यालय से रामनगर कौहन होते हुए बांदा जनपद के मार्का गांव सहित सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर असोथर ब्लॉक मुख्यालय के प्राइवेट बस स्टॉप स्थित सुजानपुर रजबहा का पुल क्षतिग्रस्त होकर खतरनाक बन चुका है। राहगीर अपने जान पर खेलकर वहां से गुजरते हैं। जबकि यह सड़क ब्लॉक मुख्यालय असोथर से जनपद समेत बांदा जनपद के गांवों को भी जोड़ती है। पुल की सरिया जर्जर होकर दिख रही हैं, छत टूट कर गिर रही है और रेलिंग भी टूट चुकी है। जिसके कारण पुल से गुजरते समय यात्रियों में डर बना रहता है।

बांदा जनपद के मंझिला गांव के राहगीर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि फतेहपुर जिले के गांवों में रिश्तेदारी में आना जाना बना रहता है। यह पुल काफी दिनों से ध्वस्त पड़ा हुआ है। शासन, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण अब यह पुल बुरी तरह जर्जर होता जा रहा है। इस पुल पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जबकि इस पुल का महत्त्व बहुत ज्यादा है।

जर्जर पुल बयां करता हुआ अपनी बदहाली। अमृत विचार

**इस्टीमेट बन रहा**

नहर विभाग के जेई सुरेश सचान ने कहा कि जर्जर पुलों का इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजने की तैयारी शुरू है। शासन से बजट मिलने पर पुलों को बनाया जाएगा।

**पुल का है अंतर्राज्यीय महत्वः** स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पुल असोथर ब्लॉक मुख्यालय, गाजीपुर, फतेहपुर, थरियांव, विजयीपुर व दूसरे जनपद बांदा के मार्का, बबेरू, कमासिन, चित्रकूट जिले आदि प्रखंडों को जोड़ता है। असोथर नगर पंचायत व क्षेत्रीय ग्रामीणों को इस सड़क से फतेहपुर जनपद व अन्य शहरों तक जाने के लिए लोगों को इसी पुल से होकर गुजरना पड़ता है। इस कारण इस पुल का अंतर्राज्यीय महत्व है।

**बोले क्षेत्रीय ग्रामीण**

असोथर निवासी अंकुर मोदनवाल ने बताया कि इस पुल पर रोज छोटी-मोटी घटनाएं होती रहती हैं। क्योंकि पुल की चौड़ाई कम है। जिससे गाड़ियों को आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। पिछले वर्ष होली के दिन इस पुल पर तीन लोगों की नहर में गिरकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी।

नगर पंचायत के मुराइन मोहल्ला निवासी दुर्गेश मौर्य ने कहा कि इस पुल पर रात दिन राहगीरों का आवागमन रहता है। जो कि कॉफी खतरनाक है तथा गंभीर दुर्घटनाओं की ओर संकेत कर रहा है। जिस पर जिम्मेदारों की नजर नहीं जाती है। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत किया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है।

नगर पंचायत निवासी बालकृष्ण मौर्य ने बताया कि काफी सालों से पुल के दोनों तरफ की छत और रेलिंग पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। किसी भी समय बड़ी घटना होने की संभावना है। वहीं रेलिंग टूटने के कारण बड़ी गाड़ियों को निकलने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

भाकियू उपाध्यक्ष रविदेव सिंह गौतम एडवोकेट ने कहा कि सुजानपुर रजबहा के कई पुल कई वर्षों से जर्जर व क्षतिग्रस्त पड़े हुए हैं। कई बार जिम्मेदारों को लिखित सूचना देने के बावजूद नहर विभाग के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं किया है।

## युवक पर चाकू से किया हमला

**फतेहपुर।** पुरानी रंजिश में पड़ोसियों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थरियाव थाना क्षेत्र के महमदपुर निवासी अंशू बुधवार को बाइक से बिन्दकी गया था। वह शाम को वापस गांव जा रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़े पुल के पास गांव के मान सिंह और उमेश दो अन्य साथियों के साथ आकर बाइक रुकवा ली। आरोपी गालीगलौज कर मारपीट करने लगे। चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल ने बताया कि गांव में दो दिन पहले भी आरोपी गाली गलौज कर रहे थे। जिसकी पुलिस से शिकायत की थी।

# खिले से गुल बड़े सुन्दर मगर गुलाम बन बैठे...

- संत सम्मेलन में जुट रहे दूर-दूर के संत महात्मा
- कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का भी किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अवधेश नगर में चल रहे सन्त सम्मेलन के तीसरे दिन शुक्रवार को गुरुदेव स्वामी अजून शब्दानन्द पुरी महाराज, स्वामी महेशानन्द महाराज समेत अन्य संतों ने भक्तों को स्वधर्म के माध्यम से समाज को संदेश दिया।

संतों ने कहा कि परिवार एक सवाल है, समाज एक सवाल है, व्यापार एक सवाल है, समझना तो पड़ेगा ही वर्ना समझ समझ का खेल है, जो ना समझे वो फेल है। उन्होंने स्वधर्म मंच के माध्यम से समाज को संदेश प्रसारित किया कि खिले से गुल बड़े सुन्दर मगर गुलाम बन बैठे, निज धर्म को जाना नहीं सत्कर्म पहचाना नहीं, खयाल जीने का यहां नादान बन बैठे। कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर साध्वी शतरूपा कानपुर, साध्वी अर्चना वृन्दावन, साध्वी चेतना लखनऊ, गन्धर्व कलाकार अय्याज भाई जहानाबाद, चन्दू भैया इटावा, राजू सिंह व रज्जन लाल बाजपेई चांदपुर, लल्लू भैया, नन्ना भैया ने स्वर लहरी का भक्तों का रसास्वादन कराया।

संत सम्मेलन में जुटे महात्मा। अमृत विचार

# थरियांव-मलांव संपर्क मार्ग ध्वस्त, निकलना मुश्किल

- कई गांवो को जोड़ने वाले मार्ग के हालत जर्जर
- 20 वर्षों से मार्ग की दोबारा नहीं हो सकी मरम्मत

संवाददाता थरियांव

**अमृत विचार।** हसवा विकास खंड का थरियांव-मलांव मार्ग पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुका है। बेहद जर्जर मार्ग से राहगीरों का निकलना बड़ा दूभर हो रहा है। 20 वर्षो से डामरीकरण न होने के चलते मार्ग गढ्ढों में तब्दील हो गया है। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके इस ओर न तो किसी अधिकारी की नजर पहुंच रही है और न ही जनप्रतिनिधियों की।

इस मार्ग की हालत ऐसी हो चुकी है कि सड़क के बोल्डर उखड़ कर बाहर आ गए है। हालत यह है कि पांच किमी सड़क पर सफर करने वाले राहगीरों को झटके पे झटके दे रहा है। रोजाना आने जाने वाले राहगीरों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण आते-जाते हैं। ज्यादातर तो बाइक व साइकिल से ही निकलते हैं। इस सड़क से स्कूल जाने वाले छात्र भी शामिल है।

इसी जर्जर मार्ग से गुजरते हैं रोजाना सैकड़ों ग्रामीण। अमृत विचार

**2003 में हुआ था निर्माण**

प्रधानमंत्री मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत इस मार्ग का निर्माण 2003 में कराया गया था। थरियांव से मलांव सहित कई गांव को जोड़ने वाले मार्ग में ब्रम्हणपुर, शिवपुर, लक्ष्मणपुर, मडासराय, खरसोला, चक्जौनुद्दीनपुर, मुराव, नौबस्ता, भैरमपुर, सखियाव, नहवैया, रजाबाद मलांव व मीरपुर गांव के ग्रामीण आते-जाते हैं। इस मार्ग से पूरे दिन में करीब सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण दो पहिया वाहन से गुजरते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब से यह मार्ग बना है उसके बाद से मार्ग की मरम्मत नहीं की गई। जबकि इस मार्ग में कोई ओवरलोड वाहन नहीं चलता बावजूद इसके यह सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल हो गई है। कई बार अफसरों से शिकायत की गई है।

**किसान आंदोलन** | दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन का असर जिले में भी दिखा

# एमएसपी व कर्ज माफी के समर्थन में उपवास

- बैठक कर किसानों ने आंदोलन का समर्थन करने लिया फैसला

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

**अमृत विचार।** दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन का मामला अब ग्रामीण इलाकों तक गूंजने लगा है। लगातार किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलन तेज़ कर रहे हैं। शुक्रवार को रायपुर भसरौल ग्राम पंचायत में किसानों ने बैठक करते हुए दिल्ली में जारी किसान आंदोलन के बारे में चर्चा कर आंदोलन का समर्थन करने का निर्णय लिया।

विजयीपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल में बैठक के दौरान किसानों का कहना था एमएसपी व कर्ज माफी की मांग कर रहे किसानों से सरकार को वार्ता करनी चाहिए। किसानों की दोनों ही मांगे जायज हैं। इससे देश के हजारों किसानों का जीवन सुधर जाएगा। हजारों किसान परिवारों के अच्छे दिन आ सकते हैं। किसानों ने बैठक में तय किया कि एमएसपी व कर्ज माफी के लिए जारी आंदोलन को वह अपना समर्थन देते हैं। दिल्ली पहुंच कर भले ही वह किसानों के साथ नहीं खड़े हो पा रहे हैं। सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए सभी किसान, एक दिन अन्न छोड़कर उपवास रखेंगे। शाम को मंदिर में पूजापाठ के बाद अन्न ग्रहण किया जाएगा। बैठक में रायपुर भसरौल ग्राम पंचायत के धर्मेंद्र दीक्षित, विमल पासवान, अनिल त्रिपाठी, नरैनी गांव से धनंजय दीक्षित, मटिहा से रामबाबू तिवारी, सरकंडी से कल्लू अवस्थी, मझिगवां से शत्रुघ्न यादव, बरौलिया से राजकुमार, रानीपुर बहेरा से राजेश कुमार, सेलरहा से लल्ला सिंह, अंजना भैरो से भोला अवस्थी, अश्वनी त्रिपाठी, त्योंजा से अशोक कुमार, मुरांव गांव में जगन्नाथ, खागा कस्बा निवासी रवि आदि किसानों ने एक दिन के उपवास का संकल्प लिया।

सड़क पर उतर कर आंदोलन कर रहे समर्थन। अमृत विचार

रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# ताड़का वध होते ही लगे जय श्रीराम के जयकारे

संवाददाता, चौडगरा फतेहपुर

**अमृत विचार।** मलवां विकास खंड के पहुर गांव में शीतला माता मन्दिर परिसर में आयोजित रामलीला में कलाकारों ने विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध की लीलाओं का मंचन किया। ताड़का वध होते ही पंडाल में मौजूद दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। दशरथ और विश्वामित्र के बीच हुए संवाद को लोगों ने खूब सराहा।

राक्षसों ने जब संत महात्माओं का यज्ञ करना दूभर कर दिया तो विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार में पहुंचे और उन्होंने श्रीराम व लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगा। पूर्व प्रधान गणेश दीक्षित,आलोक गौड़, नरेंद्र सिंह गौतम, शिवम तिवारी, तोयज दुबे, निर्मल सिंह कछवाह, संजय सिंह, शिव सिंह, हिमांशु सिंह गौतम, निर्भय सिंह ईदि रहे।

## सार-संक्षेप

**बेकाबू बाइक से गिरकर युवक घायल**

**बिंदकी।** कोतवाली क्षेत्र के बिंदकी की कुंवरपुर मार्ग में फिरोजपुर मोड़ के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार बाइक से गिरकर फिरोज निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना मलवां घायल हो गया। हादसे में घायल फिरोज को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

**घायल बुजुर्ग की उपचार दौरान मौत**

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव निवासी स्व. सुखवा का पुत्र रामदीन तीन दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

**दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे**

**थरियांव।** थाना क्षेत्र के तलकापुर निवासी ज्ञानमती पत्नी राजेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के कई लोगों ने मिलकर ज्ञानमती व उसके परिवार वालों को जमकर लात घुसो वा लाठी डंडे से पीटने लगे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा 112 पर सूचना देने पर आरोपी भाग निकले।

**एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन में परेड सलामी के बाद पुलिस जवानों को बीम, रस्सा, पुशअप आदि का अभ्यास कराया गया। वहीं उन्होंने आरक्षी बैरक आवास, एमटी शाखा, भोजनालय, चक्की, लाइन परिसर भ्रमण, क्वार्टर गार्ड रूम आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को निर्देश दिया।

**55 वाहनों का हुआ चालान**

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर शुक्रवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 55 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 13 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

# अक्षय फलदायक है माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

● गुरु महिमा और सत्संग के संवाहक हैं संत रविदास

**अमृत विचार।** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माघी पूर्णिमा पर भगवान श्री विष्णु माता गंगा में अवतरण कर पूरे दिन वास करते हैं। समस्त देवताओं का आगमन भी होता है। ऐसे पुनीत अवसर पर भी गंगा स्नान, दान पुण्य आदि जो कर्म करते हैं वह अक्षय फल वाला होता है। एक वर्ष पूर्णिमा तथा माघ कल्प वास का फल माघी पूर्णिमा गंगा स्नान का फल मिलता है। संत रविदास जी की जयंती इसकी महिमा को और भी बढ़ाता है।

यह विचार आचार्य पं. बलराम त्रिपाठी ने व्यक्त किए। उन्होने कहा कि प्रभु जी तुम चंदन हम पानी को चरितार्थ करने वाले महान संत रविदास थे। उन्होंने कर्म को ही प्रधानता देते हुए, निज कर्म विशारद, प्रभु भक्ति में लीन रहते हुए तत्कालीन समय में एक महत्वपूर्ण प्रेरक व्यक्तित्व की सफल भूमिका निभाई। वे स्वामी रामानंद के शिष्यों में से एक अनूठी प्रतिभा के धनी थे। तत्कालीन काशी नरेश, चित्तौड़ नरेश महाराणा उदय सिंह की पत्नी झाली रानी, चित्तौड़ की कुलवधू मीराबाई ने संत रविदास का शिष्यत्व स्वीकार किया। संत रविदास तत्कालीन समय में सर्वमान्य संत थे।

पं. बलराम त्रिपाठी।

# रास्ते संकरे, शौचालय हैं नहीं... बना दिए मतदान केंद्र

पड़ताल

● जनपद में हैं 1519 मतदेय स्थल 346 में मिलीं कमियां

● सत्यापन में 22 फीसदी बूथों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं

अजय मिश्र, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र के चुनाव का औपचारिक ऐलान 10 से 15 मार्च के बीच हो सकता है। जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्र में 1052 मतदान केंद्र और 1519 मतदेय स्थल हैं लेकिन 346 बूथों पर कई तरह की कमियां हैं। मतदेय स्थल पर पोलिंग पार्टियों के पहुंचने के लिए रास्ते सकरे हैं। कहीं मार्ग कच्चे हैं। बिजली व शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है उसके बाद भी मतदान के लिए सूची में शामिल कर लिया गया है।

आंकड़े के मुताबिक करीब 22 फीसदी बूथों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हैं। यह खुलासा सेक्टर ऑफिसर की ओर से किए गए भौतिक सत्यापन के बाद हुआ है। उसकी रिपोर्ट निर्वाचन विभाग में दी गई है। यहां से 12 अधिकारियों को पत्र भेजकर बूथों पर सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया है। बताया गया है कि बूथों पर पहुंचने के लिए सही रास्ते नहीं हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप नहीं हैं। मतदाताओं के अलावा मतदान कार्मिकों के लिए भी पेयजल, शौचालय, बिजली, फर्नीचर आदि व्यवस्थाएं सही नहीं हैं। विभाग की ओर से बूथों पर कमियों की सूची विधानसभा वार जारी हुई है। इस बारे में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने कहा कि बूथों पर कमियां दूर करने के लिए पत्र भेजा गया है। एक सप्ताह में सही करने को कहा गया है।

### इन स्थानों पर हैं मतदान केंद्र व कमियां

जनपद में पंचायत घर, परिषदीय स्कूल, माध्यमिक विद्यालयों को मतदान केंद्र बनाया गया है। कई बूथों पर रैंप, भवन जर्जर, भवन क्षतिग्रस्त, रेलिंग नहीं, रैंप टूटा, रैंप ठीक नहीं, तार टूटा, लाइन खराब, मार्ग या भवन निर्माणाधीन, शौचालय नहीं, शौचालय क्रियाशील नहीं, ठीक नहीं, पानी सप्लाई बंद, पानी गंदा, हैंडपंप खराब होने की दिक्कतें हैं।

### इनको भेजी गई चिट्ठी

निर्वाचन विभाग की ओर से एक्सईएन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड व प्रांतीय खंड, एक्सईएन सिंचाई खंड, एक्सईएन जल निगम, एक्सईएन बिजली कन्नौज व छिबरामऊ, बीएसए, डीआईओएस, डीपीआरओ, जिला निबंधक सहकारी समितियां, एएमए जिला पंचायत व जिला कार्यक्रम अधिकारी को मतदान केंद्रों पर कमियों को सुधारने के लिए निर्वाचन विभाग ने चिट्ठी भेजी है।

**197** बूथों पर मार्ग संबंधी दिक्कतें

**53** स्थानों पर रैंप की कमियां मिलीं

**28** बूथों पर शौचालय संबंधी कमियां उजागर

**25** स्थानों पर बिजली की दिक्कतें पाईं गईं

**26** स्थानों पर पेयजल की समस्याएं थीं

**17** स्थानों पर फर्नीचर की दिक्कतें भी

## सार-संक्षेप

### त्याग, बलिदान और सेवा का संदेश देती रामायण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के तिर्वा रोड पर चल रही श्रीराम कथा का शुक्रवार को समापन हुआ। कथा व्यास मानस मंजरी रत्नीश द्विवेदी ने सीता हरण, लंका दहन, राम-रावण युद्ध, विभीषण का राज्याभिषेक सहित राजा राम के राज तिलक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रामायण हमें जीने की कला सिखाती है। श्रीराम कथा में कहा कि चौदह वर्ष वनवास पूर्ण करने के बाद भगवान जब वापस अयोध्या पहुंचे। तो अयोध्यावासी खुशी से झूम उठे। रामायण हमें आदर, सेवा भाव, त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की सम्पत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है, ऐसा सिखाती है। बताया कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने दीन-दुखियों, वनवासियों आदिवासियों के कष्ट दूर करते हुए, उन्हें संगठित करने का कार्य किया और उस संगठित शक्ति से समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया। हर राम भक्त का दायित्व है कि पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। अधर्म पर धर्म की जीत हमेशा होती आई है। श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग के दौरान पूरे पंडाल में पुष्पों की वर्षा भक्तों द्वारा की गई। इस दौरान समाजसेवी अशोक गुप्ता, पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता, सभासद भईयालाल दुबे, दीपक गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अखिलेश द्विवेदी, निशा गुप्ता, पंकज, पूजा गुप्ता, सोनी यादव, अनीता यादव आदि मौजूद रहे।

मानस मंजरी रत्नीश द्विवेदी का सम्मान करते सभासद।

# परिजनों के साथ खाना खाया, नहीं लगने दी किसी को हताशा की भनक

## सदर कोतवाली के भूड़पुरवा में शैक्षिक प्रपत्र जलाने के बाद आत्महत्या करने का मामला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भूड़पुरवा में बेरोजगारी से तंग युवक द्वारा शैक्षिक प्रपत्र जलाकर जान दे देने की घटना से हर कोई हतप्रभ है। युवक इतना परेशान हुआ कि पहले अब तक की शिक्षा के सभी कागज जलाए, सुसाइड नोट लिखा और फिर फांसी लगा ली। इससे पहले परिवार के साथ खाना खाया लेकिन किसी को अपनी मनःस्थिति की भनक तक नहीं लगने दी। इधर परिवार का इकलौता चिराग बुझने से परिजनों का बुरा हाल है।

ब्रजेश ने हाल ही में पुलिस भर्ती की परीक्षा दी थी। वह अपनी सफलता को लेकर आश्वस्त था। फिर ऐसा क्या हुआ तो इतना हताश हो गया। उसने गुरुवार की रात परिवार के साथ खाना खाया और फिर सोने चला गया। किसी को उसके इरादों की भनक तक नहीं लगी। सुबह होने पर कमरे से नहीं निकला तो मां ने अंदर झांका। वहां उसका शव फंदे से लटका था। यह देख कोहराम मच गया। पास मिले सुसाइड नोट में लिखा कि 'आज अपनी मां के साथ खाना खाया है। अब वह अपनी जिंदगी को समाप्त कर रहा है। माता-पिता से माफ करने की बात कही है। पिता से बहन की शादी अच्छी करने को लिखा। यह सुसाइड नोट 22 फरवरी को लिखा गया है।

परिजनों ने बताया कि बृजेश ने हाल ही में पुलिस भर्ती परीक्षा दी थी। उसने अपने दोस्तों को भी बताया कि उसका पेपर अच्छा हुआ है। वह पास हो जायेगा। गुरुवार को गांव में श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर साथियों के साथ गंगा जी भी गया था। रात में मां व बहन के साथ खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। इसके बाद उसने अपने कागजात जलाये, सुसाइड नोट लिखा और फांसी लगा ली।

पेपर लीक होने के बाद से वह मायूस रहने लगा था। वह अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी दो बहन भी हैं। इनमें एक की शादी हो चुकी है।


पोस्टमार्टम हाउस में पंचायतनामा भरती पुलिस व मौजूद लोग। अमृत विचार


सुसाइड नोट। अमृत विचार

● घटना से हर कोई हतप्रभ किसी को उम्मीद न थी

### मां बोली, बुझ गया घर का चिराग

कन्नौज। बेटे की मौत के बाद मां बोली उसके घर का चिराग बुझ गया। अब उसके घर की देखभाल कौन करेगा। बुढ़ापे में उसे सहारा कौन देगा। उसने शाम को खाना खाने के दौरान एक बार भी महसूस नहीं होने दिया कि वह आज अंतिम बार उसके साथ खाना खा रहा है। बहन का भी हाल बेहाल है। भाई के जाने के गम में वह भी बेहोश होकर गिर रही थी।

### घर से संपन्न था युवक

**कन्नौज।** ब्रजेश अपने पिता का इकलौता पुत्र होने के साथ ही संपन्न परिवार से था। पिता दिल्ली में किसी फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। ब्रजेश खुद की खेती करने के अलावा पढ़ाई करता था। नौकरी की तलाश में वह आवेदन करता रहता था। उसकी मंशा थी कि वह भी अन्य लोगों की तरह सरकारी नौकरी करे।

# भाजपा में टिकट की रस्साकशी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● सांसद के फोन पर बातचीत के दो ऑडियो एक हफ्ते में वायरल

**अमृत विचार।** दिन पर दिन नजदीक आते लोस चुनाव को के टिकट को लेकर भी रस्साकशी शुरू हो चुकी है। खासतौर पर सत्ता पक्ष भाजपा के लिए टिकट के दावेदार सक्रिय हैं। जहां एक तरफ मौजूदा सांसद प्रबल दावेदार हैं तो कुछ नए चेहरे भी लाइन में हैं। यही कारण है कि जनप्रतिनिधि समेत अन्य दावेदारों में जुबानी जंग तेज है। हाल ही में पार्टी के नेताओं के साथ उनकी इस तरह की बातचीत के ऑडियो भी वायरल हुए जो आम जन में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

कन्नौज लोकसभा का चुनाव 2019 में सुब्रत पाठक ने यहां से सपा प्रत्याशी व सांसद डिंपल यादव को शिकस्त दी थी। इसलिए इस बार भी वे टिकट के प्रबल दावेदार हैं। खबर है कि फिलहाल पार्टी में उनके नाम पर ही हामी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। सो कुछ और लोग जिनमें पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री सतीश पाल शामिल हैं भी 'कमल' निशान पर चुनाव लड़ने की इच्छा लिए लाइन में लग गए हैं। ऐसे में दावेदारों में जुबानी जंग भी तेज हो चुकी है। इस क्रम में ही इसी हफ्ते सांसद का ऑडियो वायरल हुआ जिसे उन्होंने पूरी तरह से फर्जी बताया था। इसमें कॉलर द्वारा एक अन्य भाजपा नेता को भद्दी गाली देने के साथ ही, चौराहे-चौराहे मारे जाने की धमकी और फिर बजरंगबली का नाम लेकर गाली सुनाई दे रही थी। इस संबंध में भाजपा नेता ने खुद को पार्टी का कार्यकर्ता बताकर कहा था कि जनप्रतिनिधि को इस तरह की बात नहीं करना चाहिए। यह मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि टेलीफोन पर बातचीत का एक और ऑडियो वायरल हो गया। इसमें पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री व भाजपा नेता सतीश पाल के साथ बातचीत हो रही है। इसमें सांसद उनको चेतावनी दे रहे हैं के वे जो कर रहे हैं उससे भविष्य में नुकसान होगा। वहीं पाल द्वारा साफ पूछा जा रहा है कि क्या धमकाने के लिए फोन किया है? इस मुंहाचाही के मूल में टिकट की दावेदारी ही है जिसका जिक्र बीच में है। तब सतीश कहते हैं 'हमें टिकट मिले तो हमारी मदद करना और तुम्हें मिलेगा तो हम करेंगे।' पता चला है कि राम के रथ पर सवार भाजपा से जीत सुनिश्चित मान टिकट और भी लोग चाह रहे हैं। कुछ पर तो सदर विधायक व समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण का हाथ होने की बात भी कही जा रही है। इसमें शहर के युवा चेहरे भी शामिल हैं। यही कारण है कि टकराव की स्थिति अप्रत्यक्ष रूप से सामने आ रही है। जनप्रतिनिधि के विवादित ऑडियो प्रचलित होने से आलोचना हो रही है।

संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अधिवक्ता सभा संगठन के विस्तार पर चर्चा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** लोकसभा चुनाव की तैयारी व अधिवक्ता सभा संगठन के विस्तार के सम्बंध में तहसील के बार एसोसिएशन सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव, प्रदेश महासचिव सर्वेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष, चंद्रजीत यादव, प्रदेश सचिव श्रीकांत यादव व शुभम, प्रदेश अध्यक्ष मोहित यादव ने अधिवक्ताओं की समस्या के संबंध में विस्तृत चर्चा की। साथ ही लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की। उच्च सदन में अधिवक्ताओं के लिए एक सीट भी रिजर्व कराने की बात भी कही, जिससे अधिवक्ताओं की समस्याओं को सदन में उठाने के लिए उनका कोई प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस दौरान लाल बहादुर यादव, राजेश शाक्य, अभिषेक कुमार, अमित राजपूत, भैयालाल वर्मा, बादाम सिंह शाक्य, अमित दिवाकर, अजय यादव, राकेश चंद्र, प्रणव यादव, प्रदीप ठाकुर, सलीम खान, अनीश खान, अमित अग्निहोत्री समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### युवक से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम आदि नगर निवासी अंशु कुमार का कहना है कि मामूली विवाद में गांव के अनिल यादव, फूल सिंह, विपिन यादव, कुंवर पाल ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिला पंचायत बोर्ड की बैठक 28 को होगी

**कन्नौज।** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक 28 फरवरी को दोपहर तीन बजे कलक्ट्रेट सभागार में होगी। एएमए जगप्रसाद मौर्य ने बताया कि विकास कार्य व समस्याओं पर चर्चा होगी। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्यों के अलावा, सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख व विभागों के अधिकारी शामिल होंगे।

### 28 को निपुण भारत मिशन की बैठक

**कन्नौज।** निपुण भारत मिशन के क्रियान्वयन व अनुश्रवण को लेकर मासिक समीक्षा बैठक 28 फरवरी को दोपहर तीन बजे डायट छिबरामऊ में होगी। प्राचार्य हरी सिंह शाक्य ने पत्र में कहा है कि इसमें बीएसए, सभी बीईओ, डायट मेंटर्स, एसआरजी, एआरपी व डीसी प्रशिक्षण शामिल होंगे। कुल 10 बिंदुओं पर चर्चा होगी।

### छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने के दो आरोपी गिरफ्त से दूर

**सौरिख,कन्नौज।** गांव के शोहदों से परेशान हाईस्कूल की छात्रा के आत्महत्या करने के मामले में आठ दिन बाद भी दो आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी गांव के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाईस्कूल की छात्रा थी। छात्रा ने गांव के शोहदों से परेशान होकर 16 फरवरी को आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने गांव के ही आशीष पुत्र सर्वेश, आनन्द पुत्र अवधेश तथा खड़िनी निवासी रमन शाक्य पुत्र रवि शाक्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रमन शाक्य को दो दिन बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाकी अभियुक्त पुलिस की पकड़ से दूर हैं। इससे छात्रा के परिजन दहशत में हैं।

### सीढ़ियों से गिर कर महिला की मौत

**कन्नौज।** सीढ़ियों से गिर कर महिला की मौत हो गई। सदर कोतवाली क्षेत्रके गांव सदिकापुर निवासी शेर आलम पुत्र फजल ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया। इस में बताया कि उसकी शादी करीब 17 वर्ष पहले सकीला बानो (30) से हुई थी। वह साण्डी रोड कस्बा विलग्राम जनपद हरदोई में किराये के मकान में रह रही थी। गुरुवार को उसकी तबीयत खराब हो गई। इलाज के लिये ले जाते समय सीढ़ियों से गिरने से गंभीर चोट आई। निजी अस्पताल में ले जाने पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# धूमधाम से मनाई गई संत गाडगे की जयंती

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

● आजादनगर के आंबेडकर पार्क में हुई गोष्ठी

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित आंबेडकर पार्क में संत गाडगे सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को संत गाडगे की 148 वीं जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसमें समिति के संस्थापक डॉ. एमके भारती ने कहा कि संत गाडगे ने अपने कीर्तन के माध्यम से समाज में फैले पाखंड और समाज विरोधी नीतियों, परंपराओं की आलोचना की थी। उन्होंने सदैव शिक्षा, स्वच्छता को महत्व देकर चारित्रिक गुणों को अपनाने की सलाह दी थी। उन्होंने रोगियों का उपचार, गरीबों पर दया और बेरोजगारों को रोजगार देने का संदेश दिया। पशु पक्षियों की सुरक्षा और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संघर्ष किया। बताया कि संत गाडगे ने अपनी पूरी संपत्ति बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को दान में दे दी थी। इससे पहले लोगों ने संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांलजि दी और जयंती मनाई। संस्था के लोगों ने संत गाडगे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने व उनको अपनाने की शपथ भी ली।

# बिना कैटल कैचर दौड़े कर्मचारी, फिर पैसा देकर पकड़वाए गोवंश

**सौरिख,कन्नौज।** सरकारी हुक्मरानों के आदेश पर बगैर कैटल कैचर के सरकारी फौज ने गोवंश पकड़ो अभियान चलाया। नाकाम होने पर पैसा देकर चार गोवंश पकड़वाए। खंड विकास अधिकारी निरंजन त्रिवेदी के आदेश पर नगर की सीमा पर सौरिख देहात ग्रामसभा में गोवंशों को पकड़ने का अभियान बगैर कैटल कैचर वाहन के रोजगार सेवक राजबहादुर की देखरेख में चलाया गया। दोपहर तक कामयाबी न मिलने पर उन्होंने 100 रुपये प्रति गोवंश के हिसाब से लोगों को लगाया तो उन्होंने कुछ देर बाद चार गोवंशों को पकड़कर हवाले किया।

# भाई ने जताई हत्या की आशंका

संवाददाता, तालग्राम-कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम बमरौली निवासी दिव्यांग की मौत के बाद घर पहुंचे पूर्व सपा विधायक अरविन्द सिंह यादव ने दुखी परिजनों को ढांढस बंधाया। हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की हे।

पूर्व विधायक ने कहा कि दिव्यांग संतोष बुधवार की शाम से लापता था। उसका शव रनवा सम्पर्क मार्ग के किनारे पड़ा मिला। इससे उसकी हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका है। कहा कि पुलिस प्रशासन मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करें। मामले से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी अवगत कराया जाएगा। उन्होने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। उधर मृतक के भाई कमलेश यादव ने भी पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद को प्रार्थना पत्र देकर भाई हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान विस क्षेत्र अध्यक्ष उमेश पाल, डॉ. जयनेन्द्र सिंह, सुमित उर्फ पारुल, रामू आदि रहे।

मृतक के परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त करते पूर्व विधायक। अमृत विचार

● पूर्व सपा विधायक ने व्यक्त की शोक संवेदना

समीक्षा | जिला पोषण समिति की बैठक में डीएम ने दिए देखभाल के निर्देश

# जनवरी में 805 बच्चे मिले अतिकुपोषित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनवरी में जिले में 805 बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित (सैम) और 2363 बच्चे कुपोषित (मैम) पाए गए। इनकी देखभाल की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं जिससे बच्चों का विकास किसी भी दशा में बाधित न हो।

यह निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधीनस्थों को दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी सहायिका की टीम बनाकर जिस ग्राम में ज्यादा संख्या में सैम बच्चे मिल रहे है, वहां घर-घर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। जिन सैम व मैम बच्चो का वजन कम है उन्हें सरकारी अस्पताल में 14 दिन के लिये भर्ती कराकर इलाज कराएं। बच्चे का वजन बढ़ने पर ही डिस्चार्ज किया जाये। परियोजना पोषण ट्रेकर पर कुल 202292 लाभार्थियों के सापेक्ष 201886 का आधार सत्यापन होने व 406 लंबित होने से शतप्रतिशत सत्यापन को कहा। पोषण ट्रैकर पर आधार व मोबाइल नम्बर सत्यापन हीलाहवाली करने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय करने की बात कही।

निर्देश दिए कि आरबीएसके टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का समय-समय से भ्रमण किया जाए। जिन केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई है वहां बढ़ाई जाए। कहा कि आँगनवाडी केन्द्र से समन्वय स्थापित कर 11 से 14 वर्ष की 701 किशोरियों जो विद्यालय नही जाती है को आयरन सप्लीमेंट की किट उपलब्ध करायें। सभी केंद्रों में राशन वितरण समय से होना चाहिए। समस्त सीडीपीओ रिव्यू करें कि किस दिनांक तक राशन मिलेगा। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा आदि उपस्थित रहें।

जिला पोषण समिति की बैठक लेते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**तिर्वा-कन्नौज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना ठठिया के अड्डापुर्वा गांव निवासी जितेंद्र पुत्र राधाकृष्ण अपने साथी शिव सिंह पुत्र पहुंची लाल के साथ साइकिल से 14 फरवरी को तिर्वा बाजार आया था। वापस जाते समय नहर के पास अज्ञात वाहन ने जितेंद्र की साइकिल मे टक्कर मार दी। शिव की सूचना पर पहुंचे परिजन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर मे 17 फरवरी को इलाज के दौरान मौत हो गई। भाई नाहर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पीछे से घुसी कार, इंजीनियर की मौत

संवाददाता तिर्वा/तालग्राम, कन्नौज

**अमृत विचार।** वाहन को ओवरटेक करते समय कार आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर वाहन में पीछे से घुस गई। इससे कार सवार बायो इंजीनियर की अस्पताल में मौत हो गई। जबकि चालक घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रयागराज जीटी रोड पायल सिनेमा मकान नं. 119/7 निवासी प्रशांत भार्गव (45) वर्ष, लखनऊ ऐशबाग तेली कालोनी निवासी शाजेब के साथ कार से आगरा स्थित बायो प्लांट को देखने जा रहे थे। कार को शाजेब चला रहा था। तभी शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे तालग्राम स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी संख्या 170 मुसाफिरपुर गांव के निकट वाहन को ओवरटेक करते समय कार पीछे से जा घुसी। इससे कार में सवार बायो इंजीनियर प्रशांत भार्गव व चालक शाजेब घायल हो गए। एक्सप्रेस-वे सहायक सुरक्षा अधिकारी आरपी कनौजिया ने कर्मियों की मदद से घायलों को यूपीडा एम्बुलेंस की मदद से राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा भर्ती कराया। जहां बायो इंजीनियर प्रशांत भार्गव को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि चालक शाजेब को गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया।


प्रशांत भार्गव।

एक्सप्रेस वे से क्षतिग्रस्त कार हटाती क्रेन। अमृत विचार

● तालग्राम क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

# तीन लाख कम हुआ लक्ष्य 38.55 लाख पौधे रोपेंगे

## डीएम ने विभागों को आवंटित लक्ष्य का पत्र अधिकारियों को भेजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में पौधरोपण का लक्ष्य पिछले साल के सापेक्ष कम हो गया है। आंकड़ों पर गौर करें तो करीब तीन लाख पौधे कम रोपे जाएंगे। वर्ष 2023-24 में लक्ष्य 41.54 लाख पौधों का था, जो घटकर 2024-24 के लिए 38.55 लाख हो गया है। डीएम ने सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित कर पत्र जारी कर दिया है। खास बात यह है कि करीब 20 फीसदी पौधे फलदार लगाए जाएंगे।

डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने 23 विभागों को चिट्ठी जारी की है। कहा है कि वर्ष 2024-25 में पौधरोपण अभियान का लक्ष्य सभी विभागों को मिलकर पूरा करना है। वर्तमान में अनंतिम आवंटन जारी हुआ है। डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि इस बार लक्ष्य कुछ कम हुआ है। उसका पत्र सभी को भेजा जा चुका है। वन विभाग समेत सभी संबंधित विभागों को पौधरोपण के लिए अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है। डीएफओ ने बताया कि इसको लेकर वन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बारिश के दौरान लक्ष्य के मुताबिक पौधे लगाए जाएंगे।

### विभागों को मिला इतना लक्ष्य

| विभाग | पौधों की संख्या |
|---|---|
| वन विभाग | 18,47,000 |
| पंचायती राज | 13,82,223 |
| ग्राम विकास | 10,79,777 |
| कृषि | 2,15,000 |
| पर्यावरण | 1,53,000 |
| उद्यान | 1,33,000 |
| राजस्व | 90,000 |
| नगर विकास | 23,000 |
| उच्च शिक्षा | 21,000 |
| स्वास्थ्य | 12,000 |
| लोक निर्माण | 16,000 |

| | |
|---|---|
| बेसिक शिक्षा | 11,000 |
| जलशक्ति सिंचाई | 16,000 |
| रेशम | 22,000 |
| उद्योग | 13,000 |
| प्राविधिक शिक्षा | 6000 |
| सहकारिता | 4760 |
| माध्यमिक शिक्षा | 7000 |
| पशु पालन | 7000 |
| ऊर्जा | 6300 |
| गृह | 8260 |
| परिवहन | 3000 |
| श्रम विभाग | 3200 |

### इन प्रजातियों के लगाए जाएंगे पौधे

इस बार बेर, जंगल जलेबी, शहतूत, सहजन, देशी बबूल, सिरस, अगस्त, कचनार, शीशम, खेजड़ी, पीपल, नीम, इमली, जामुन, अर्जुन, पाकड़, बरगद आदि प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। चारागाह व मवेशियों के अस्थाई आश्रय स्थलों में भी पौधे रोपे जाएंगे।

# करंट की चपेट में आए लाइनमैन की मौत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम बंजारन डेरा में ट्रांसफार्मर से जंपर जोड़ते समय करंट की चपेट में आकर झुलसे ठेका लाइनमैन की उपचार के दौरान मौत हो गई।

राजेश।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दीपकपुर निवासी राजेश पुत्र जगदीश सक्सेना बिजली विभाग में ठेका लाइनमैन था। मंगलवार को ग्राम बंजारन डेरा के पास लगे एक ट्रांसफार्मर में फाल्ट की सूचना पर वहां पहुंचकर जंपर जोड़ने लगा। तभी करंट की चपेट में आकर झुलस कर ट्रांसफार्मर के नीचे आ गिरा। ग्रामीणों ने उसे सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। हालात में सुधार न देख राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा तथा वहां से कानपुर रेफर कर दिया गया था। शुक्रवार को कानपुर में इलाज के दौरान राजेश की मौत हो गई। राजेश की पत्नी रेखा देवी, बेटी शालनी व बेटे कार्तिक तथा मां कृष्णा देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

मृतक राजेश के रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित किसान मेला में उपस्थित लोग। अमृत विचार

# किसानों को जैविक खेती के लाभ बताए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट परिसर में नमामि गंगे योजना के तहत जैविक किसान मेला का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही उसके फायदे भी गिनाए गए।

शुक्रवार को कार्यक्रम में किसानों को कीटनाशक तैयार करने के बारे में भी बताया गया। नीमास्त्र, जीवमृत, बीजामृत और डी कंपोजर बनाने की विधि के बारे बताया गया। इसमें प्रगतिशील किसानों को बुलाया गया था। साथ ही कलस्टर के एटीएम, बीटीएम, प्राविधिक सहायक व वरिष्ठ प्राविधिक सहायक भी आमंत्रित किए गए थे। किसानों से कहा गया कि वह जैविक खेती की ओर बढ़ें, इसके कई लाभ हैं। जैविक फल व सब्जी खाने से बीमारियां भी कम होती हैं। इस मौके पर डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ, डीडी कृषि प्रमोद सिरोही, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वीके कनौजिया, डॉ. अरविंद कुमार व डॉ. अमर सिंह व गोपाल तिवारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य लाल सिंह दोहरे शामिल हुए। जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने मेला में लगे स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। यहां जैविक उत्पाद भी रखे गए थे।

कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी, वैज्ञानिक व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

# मकान के अंदर मिला पूर्व सैनिक का शव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हृदय गति रुकने से हुई मौत पत्नी बच्चों को लेकर रहती मायके में

**अमृत विचार।** घर में अकेल रह रहा पूर्व फौजी मृत मिला। पोस्टमार्टम में हृदय गति रुकने से मौत की पुष्टि हुई। जानकारी पर पोस्टमार्टम हाउस में लोगों की भीड़ लगी रही।

बलराम सिंह।

गोल कुआं मानपुर कट जीटी रोड ओवर ब्रिज के निकट निवासी पूर्व फौजी बलराम यादव (39) पुत्र शेर सिंह अपने मकान में अकेला रहता था। शुक्रवार को उसका शव मकान के अंदर तखत के नीचे मिला। मकान में एक युवक किराये पर रहता है जो घर गया था। गुरुवार को वह शाम चार बजे के करीब कमरे पर पहुंचा तो बलराम तखत के नीचे पड़े थे। हिलाने पर भी जब वह नहीं उठे तो युवक ने परिजनों को इसकी जानकारी दी।

परिजन लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने भी जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। पाल चौराहा चौकी प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने शुक्रवार को पंचायत नामा भर कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें मौत का कारण हृदय गति रुकना आया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि बलराम सिंह यादव 2019 में फौज की नौकरी पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त होकर घर आया था। इस के बाद मानपुर चौराहा ओवर ब्रिज कट के निकट मकान बना कर रह रहा था। शराब अधिक पीता था। इसी शराब के चलते पत्नी दो वर्ष पहले कानपुर स्थित मायके में बच्चों को लेकर चली गई। तबसे बलराम घर में अकेला होने से अधिक शराब पीने लगा था। खानपान पर भी ध्यान नहीं देता था। संपन्न परिवार से होने के कारण मौत की जानकारी मिलते ही सगे संबंधियों का तांता पोस्टमार्टम हाउस में लगा रहा।

# 1519 बूथों की मतदाता सूचियों के सत्यापन का कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के सभी 1519 बूथों की मतदाता सूचियों का सत्यापन होगा। निर्वाचन आयोग ने इसके निर्देश दे दिए हैं। कहा गया है कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की घोषणा होने से पहले गलतियों को दूर कर दिया जाए। बीएलओ और सुपरवाइजर को इसके लिए अंतिम मौका दिया गया है। वोटर लिस्ट में अपात्रों के नामों की भरमार है। इसकी शिकायत भी आयोग तक हुई है। अमृत विचार ने भी नौ फरवरी के अंक में शीर्षक सूची में मुर्दों को भी बना दिया मतदाता नाम खबर प्रकाशित की थी।

सपा ने भी विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में मृतकों व बाहरी लोगों के नाम शामिल होने की शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी के अलावा चुनाव आयोग में की है। साथ ही शादी होने के बाद भी महिलाओं के नाम मायके की मतदाता सूची में होने, दो जगह नाम समेत कई खामियों को लेकर मामले को तूल दिया। उसके बाद वोटर लिस्ट का फिर से सत्यापन कर गलतियों को दुरुस्त करने को कहा गया है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि कन्नौज जनपद में ही नहीं, बल्कि हर जगह वोटरों का सत्यापन किया जा रहा है। सुपरवाइजरों को जिम्मेदारी अधिक दी गई है। कहा गया है कि लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद मतदाता सूची में कोई सुधार या फेरबदल नहीं हो सकेगा। इस वजह से समय रहते सूची दुरुस्त कर ली जाए।

सूची में मुर्दों को भी बना दिया गया मतदाता

नौ फरवरी को प्रकाशित की थी खबर।

- आचार संहिता लागू होने से पहले सुपरवाइजर व बीएलओ को मिला अंतिम मौका
- मृतकों, बाहरी व्यक्तियों व शादी होने के बाद महिलाओं को मायके में वोट बनाने का मामला

### पहली मार्च को डीएम व एसपी की बैठक

केंद्रीय निर्वाचन आयोग का दल 29 फरवरी के अलावा पहली व दूसरी मार्च को बैठक कर चुनाव तैयारियों का जायजा लेगा। बताया गया है कि पहली मार्च को डीएम व एसपी के साथ बैठक होगी। इसमें कन्नौज के भी दोनों अधिकारी लखनऊ में शामिल होंगे।

### 26 से मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण होगा

मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए पहले मास्टर ट्रेनरों को भी लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कराने की बारीकियां बताई जाएंगी। उसके बाद 60 मास्टर ट्रेनर कर्मियों को चुनाव का पाठ पढ़ाएंगे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 26 से 29 फरवरी तक मास्टर ट्रेनरों का कलक्ट्रेट परिसर में प्रशिक्षण होगा। इसमें तीन अधिकारी विशेष मास्टर ट्रेनर बनाए गए हैं।

# सड़क हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

**कन्नौज।** एक माह पहले जीटी रोड मानीमऊ कोल्ड के निकट खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी। मामले की रिपोर्ट मृतक के भाई ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव ददौरा खुर्द निवासी संतोष कुमार दुबे पुत्र गोकरननाथ 17 जनवरी को घर जाने के लिये हरदोई रोड तिराहा के निकट जीटी रोड कन्नौज कोल्ड स्टोरेज के सामने खड़े होकर वाहन की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर किया गया। वहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। लगातार चले उपचार के बाद 21 फरवरी को उनकी मौत हो गई। कानपुर में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौपा गया।

शुक्रवार को मृतक के भाई अजय कुमार दुबे ने सदर कोतवाली में ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## सार-संक्षेप

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव चुरैया निवासी राम शंकर पुत्र जगन्नाथ अपने साथी गांव के ही निवासी रामासरे पुत्र भजन लाल को गुरुवार को बाइक पर बैठा कर कन्नौज आये थे। शाम के समय वह गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह बाइक लेकर तहसीपुर पुल के निकट पहुंचे उसी समय तेज रफ्तार लोडर ने उनकी बाइक में जोर से टक्कर मार दी। इससे दोनों लोग उछल कर दूर जा गिरे। दुर्घटना में राम शंकर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रामासरे के गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद चालक लोडर लेकर मौके से भाग निकला। जानकारी पर सदर कोतवाली क्षेत्रके गांव कटरी फिरोजपुर निवासी मृतक का पुत्र राजीव कुमार मौके पर पहुंचा। उधर घटना की सूचना पर कुसुमखोर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के पुत्र ने अज्ञात चालक के खिलाफ तेजी व लापरवाही से लोडर चलाते हुए पिता की बाइक में टक्कर मारने और उनकी मौत हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

माल्यार्पण के बाद खड़े अधिवक्ता। अमृत विचार

### बाबा साहब का संविधान आज खतरे में: सिकंदर

**कन्नौज।** समाजवादी अधिवक्ता सभा का विस्तार किया। इस मौके पर नवनियुक्त अधिवक्ता सभा पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरण किये गये। सिकंदर सिंह यादव (प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा) ने कहा कि संविधान को खतरे में है। संविधान को बचाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अधिवक्ताओं के कंधे पर है। निश्चित रूप से सत्ता में बैठे लोगों को हटाने के बाद ही संविधान को बचाया जा सकता है। इसलिए आप सब अधिवक्ता साथी मिलकर संविधान को बचाने की लड़ाई के लिए तैयार रहें। आने वाले लोकसभा 2024 के चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करें। जिससे लोकतंत्र की रक्षा और संविधान की रक्षा हो सकेगी। अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने अधिवक्ताओं को एक लंबी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहने की अपील की। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, यस दोहरे, दिगंबर सिंह यादव, चंद्रजीत यादव, इदरीश खान, राम भजन पाल, पीपी सिंह बघेल, अमित यादव, अनुराग अवस्थी एवं कई समाजवादी अधिवक्ता साथी मौके पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शकील अहमद एडवोकेट जिला प्रवक्ता ने किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहम्मद कलीम खान ने की।

### कन्नौज में नए ईओ ने संभाला कार्यभार

**कन्नौज।** सुल्तानपुर से स्थानांतरित होकर आए नगर पालिका परिषद कन्नौज के अधिशासी अधिकारी शुभेंदु मोहन चौधरी ने शुक्रवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने नीलम चौधरी के बांदा तबादले के बाद रिक्त हुए ईओ पद पर योगदान आख्या दी है। बताया गया है कि नए ईओ मंगलवार से विधिवत कार्यालय में बैठेंगे।

### अमृत भारत शिलान्यास कार्यक्रम 26 को होगा

**गुरसहायगंज।** इज्जत नगर मंडल पीआरओ राजेंद्र सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 26 फरवरी को अमृत भारत शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय रेलवे स्टेशन पर किया जाएगा। इसका वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रधानमंत्री शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में सांसद सुब्रत पाठक व विधायक अर्चना पांडे, असिस्टेंट कमर्शियल मैनेजर ईश्वर दयाल राणा, रेलवे विभाग, भाजपा पदाधिकारी व रेलवे बोर्ड के सदस्य प्रतिभाग करेंगे। लगभग 08 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से नगर के रेलवे स्टेशन पर निर्माण तेजी से चल रहा है।

# माघ पूर्णिमा गंगा स्नान आज, तैयारी पूरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह ने 24 फरवरी को माघ पूर्णिमा स्नान को देखते हुए मेंहदीघाट घाटों की तैयारियों का निरीक्षण किया।

इस दौरान पार्किंग व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही फ्लड पीएसी और अन्य गोताखोरों को घाटों पर लगाया गया है। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर, थाना प्रभारी, टीएसआई व चौकी प्रभारी मौजूद रहे। इसी तरह क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार जलेसर घाट थाना गुरसहायगंज चौकी की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। पार्किंग व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नाविकों और गोताखोरों को मुस्तैद रहने को कहा।

महादेवी गंगा तट पर तैयारियों का जायजा लेते एएसपी डॉ. संसार सिंह। अमृत विचार

# 27 को गणित का पेपर रहेगा कड़ा पहरा

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में पहली पाली में नागरिक शास्त्र की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 2,510 परीक्षार्थियों में से 2,316 उपस्थित हुए। 194 छात्र-छात्राएं गैरहाजिर रहे।

दूसरी पाली में वैकल्पिक विषय की परीक्षा थी जो कुछ ही केंद्रों पर संपन्न हुई। वहीं अब 24, 25 व 26 फरवरी को कोई पेपर नहीं है। 27 फरवरी को गणित का इम्तिहान है। उसमें नकल रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों पर कड़ा पहरा रहेगा।

# टेलर की बिटिया ने रोशन किया जनपद का नाम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** इंटीग्रल मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ से एमबीबीएस कर रही टेलर हाजी अकील की बेटी खुशबू खान ने फाइनल में टॉप किया है। डॉ. खुशबू ने अपनी कामयाबी का श्रेय मम्मी पापा एवं गुरुजनों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश शाक्य एडवोकेट, गैलेक्सी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुखवीर सिंह चौहान, एडवोकेट नेम सिंह यादव, मोहम्मद शाहिद, जुबेर खान व दादा कानपुर टेलर्स, मो. शमी आदि ने बधाई दी है।

परिजनों के साथ डॉ. खुशबू।

व्यवस्था | जिले के सभी राजकीय माध्यमिक स्कूलों को भेजा गया 25-25 हजार रुपये का बजट

# 4.75 लाख से खरीदी जाएगी खेल सामग्री

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत जिले के सभी 19 राजकीय विद्यालयों में खेलकूद सामग्री खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये का बजट जारी हो गया है। चार लाख 75 हजार रुपये छात्र-छात्राओं के लिए सामग्री खरीदी जाएगी।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान के जिला परियोजना अधिकारी डॉ. पूरन सिंह की ओर से वर्ष 2023-24 के लिए राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के बैंक खातों में धनराशि भेजी जा चुकी है। कहा गया है कि जैम पोर्टल के जरिए सामग्री की खरीद होगी। जनपद में 13 राजकीय हाईस्कूल व छह राजकीय इंटर कॉलेज हैं। इसमें एक बालिका इंटर कॉलेज है। 15 मार्च से पहले धनराशि का सदुपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इनकी बनी है स्कूलों में कमेटी

विद्यालयों में खेलकूद सामग्री खरीदने के लिए कमेटी बनी हुई है। इसमें प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक अध्यक्ष हैं। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक, पंचायत या शहरी स्थानीय निकाय का सदस्य, अभिभावकों में एक स्त्री व एक पुरुष, ग्राम शिक्षा समिति से एक सदस्य, विद्यालय का व्यायाम शिक्षक/नामित शिक्षक को सदस्य बनाया गया है। जहां व्यायाम शिक्षक नहीं होंगे तो अन्य शिक्षक को नामित किया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि वही सामग्री खरीदी जाएगी जिसका उपयोग छात्र-छात्राएं कर सकें।

### यह हैं इंटरमीडिएट

राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा, रमाबाई बालिका इंटर कॉलेज छिबरामऊ, राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज गंगधरापुर, पं. दीनदयाल उ.मा. इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा और बिरौली तालग्राम व राजकीय इंटर कॉलेज समधन।

### यह हैं राजकीय हाईस्कूल

राजकीय हाईस्कूल मित्रसेनुपर, उम्मरपुर, भोजपुर निगोह, जोगिनीपुर्वा, किसई जगदीशपुर, डयोढ़ा, फुलवारी, बैसावारी, गुगरापुर, भंवरगाढ़ा, हुसेपुर करन, रामखेड़ा व मुरैया बुजुर्ग कन्नौज शामिल हैं।

- 13 राजकीय हाईस्कूल व छह इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को मिलेगा लाभ

### कक्षा नौ से 12 तक यह खेलकूद सामग्री

शॉट पुट, स्कीपिंग रॉप, डिस्कस, क्रिकेट बैट, बैडमिंटन, टेनिस बॉल, थ्रो बॉल, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट, हैंडबॉल, कैरम, बॉस्केटबॉल, फुटबॉल, जेबलिन, वजन मशीन, फुट पंप, फुटबॉल गोल पॉस्ट, फर्स्ट एड किट, फ्रिसबी, सौसेर कोन, स्टॉपवाच, चेसबोर्ड, मार्केट कोन्स, मार्किंग कोन, लूडो व योग मैट आदि शामिल हैं।

मां गंगा की आरती में शामिल भक्त व समिति के लोग। अमृत विचार

# माघ पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर गंगा की आरती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** माघ पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर मेंहदी घाट कन्नौज पर कान्यकुब्ज शिक्षा एवम समाज सेवा समिति ने गंगा महाआरती का आयोजन किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष नवाब सिंह यादव ने आए हुए श्रद्धालुओ से अपील करते हुए कहा मां गंगा हमारे सनातन धर्म में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। मां गंगा की आरती में शामिल होने से ही हम सबके बिगड़े काम बन जाते हैं। मन को शांति प्रदान होती है। इसलिए हम सब का ये कर्तव्य बनता है कि पतित पावन गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए एक दूसरे को प्रेरित करे और मां गंगा के इतिहास को अपनी आने वाली पीढ़ी को अवगत कराए इससे पहले मां गंगा की आरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आरती करके विश्व के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर 501 दीपक मां गंगा में प्रवाहित किए। इस मौके पर धर्मेन्द्र कुशवाहा पूर्व सभासद धर्मवीर पाल दीपक यादव शोभित दुबे उदय वीर सुरेन्द्र कुशवाहा नंद कुमार राम वीर कठेरिया सौरभ शर्मा रानू सक्सेना सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुरसहायगंज।** बीते तीन दिन से शिवजी की प्राण प्रतिष्ठा में लगा युवक करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्राम ज्ञानपुर निवासी पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी का भतीजा सौरव चतुर्वेदी (32) पुत्र राधा मोहन चतुर्वेदी शुक्रवार शाम लगभग छह बजे घर में मोबाइल निकलते समय करंट की चपेट में आकर घायल हो गया था। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को भंडारा चल रहा था। इसी बीच युवक घर पर मोबाइल निकालने आया और करंट से घायल हो गया।

सौरव।

लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

घायलों को देखते डीएम व अन्य। अमृत विचार

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को व्यथा सुनाते कल्पवासी।

आपबीती बताते कल्पवासी। अमृत विचार

# राम नगरिया मेले में लगी आग, किशोर की मौत

## सात कल्पवासी झुलसे, डीएम व एसपी के पहुंचने से पहले ही पुलिस ने मृत किशोर को एंबुलेंस से मॉर्च्युरी भिजवाया

कार्यालय संवाददाता,फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा तट पांचाल घाट पर लगे माघ मेला रामनगरिया में गुरुवार आधीरात के बाद आग लग गई। घटना में एक किशोर की जलकर मौत हो गई जबकि 7 लोग झुलस गए। आग से 50 से अधिक कल्पवासियों की दुकानें व राऊटी (तंबू), दो-तीन रसोई गैस सिलिंडर फट गए व दो बाइके जल गईं। घटना में झुलसे लोगों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन गंभीर झुलसे लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। डीएम व एसपी के पहुंचने से पहले ही पुलिस ने एक किशोर को मृत अवस्था में मोरचरी में रखवा दिया। गुस्साए लोगों ने शुक्रवार सुबह पुल पर जाम लगा दिया। लोगों ने कई बच्चों के गायब होने की बात कही है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है।

गोविंद।

जले तंबू व झोपड़ियां। अमृत विचार

कादरीगेट थाने के पाचाल घाट स्थित रामनगरिया में गुरुवार रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना के समय अधिकांश लोग अपनी राऊटी में गहरी नींद में सोए थे। कुछ लोगों ने शोरगुल करके मेलार्थियों को जगाया। करीब दो घंटे के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। प्रशासनिक अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे। आग में झुलसकर पंचालघाट निवासी राजेश पंडा के 14 साल के पुत्र गोविन्द की मौत हो गई। जबकि जयवीर (26) निवासी बिछवा जिला मैनपुरी, रामकिशन (52) निवासी अलापुर राजेपुर, मनीष (23) निवासी बछावा जिला हरदोई, कौशल किशोर (76) निवासी बेहटा गोकुल जिला हरदोई, शिवरतन (32) निवासी सरैया थाना मिर्जापुर जिला शाहजहांपुर, लीलादेवी (60) निवासी शिवमोहन नगर जिला हरदोई झुलस गए। सभी घायलों को लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां से जयवीर, सत्यवती व रामकिशन की हालत गम्भीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रसोई गैस सिलिंडर फटने से आग और भयानक होना बताया जा रहा है। डीएम डॉ वीके सिंह, एसपी विकास कुमार, एसडीएम गजराज सिंह, तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, सीएमओ अवनीन्द्र कुमार आदि अधिकारियों ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घायलों का हालचाल जाना। डीएम व एसपी के मेले में पहुंचने से पहले पुलिस ने एक झोपड़ी में झुलसकर मृत मिले गोविन्द को उठाकर मोरचरी में भिजवा दिया। परिजन सुबह तक अस्पताल और पुलिस के चककर लगाते रहे। गुस्साए लोगों ने पुल पर जाम लगा दिया। इससे इटावा-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर लम्बा जाम लग गया। कुछ मेलार्थी अपने बच्चों के गायब होने की बात कह रहे हैं। रात में ही डीएम व एसपी ने मेले का जायजा भी लिया। किशोर के परिजन बेहाल हैं।

- **गंगा पुल पर लगाया जाम, लोगों के लापता होने का आरोप, आग के कारणों का नहीं चला पता**

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इसकी जांच कराई जा रही है। अग्नि पीड़ितों की मेला राम नगरिया में जिला प्रशासन की ओर से हर सम्भव सहायता की जा रही है। अग्नि पीड़ितों को प्रशासनिक पंडाल में ठहरा दिया गया है। उनके खाने पीने की व्यवस्था जिला प्रशासन की तरफ से की जा रही है। आग से हुई क्षति का आंकलन राजश्व टीम से कराया जा रहा है।

**सुभाष चंद्र प्रजापति, अपर जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद**

हादसे के बाद मेले में कम रही भीड़। अमृत विचार

### मृत परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग

- **फर्रुखाबाद।** मेला रामनगरिया में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के शिविर में अग्नि हादसे की घटना पर शोक व्यक्त किया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कानपुर मंडल प्रभाकांत मिश्रा एवं जिला विधिक सलाहकार अजय कटियार ने सरकार से मृतक के परिवार को 10 लाख रुपए और घायलों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की।

आग से हुई क्षति की जांच पड़ताल करते राजस्व कर्मी। अमृत विचार

### गैस सिलेंडर में आग लगी

- **संवाददाता फर्रुखाबाद अमृत विचार।** कम्पिल थाना क्षेत्र में शुक्रवार को भोजन पकाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई, जिससे अफरा तफरी का माहौल बन गया। रुटौल निवासी रामकिशोर की बेटी की शादी हो चुकी है शुक्रवार को ससुराल से उसकी चौथी रस्म अदायगी के लिए ससुरालीजन विदा कराने के लिए आ रहे थे। उसी की तैयारी में खाना बनाया जा रहा था तभी अचानक सिलेन्डर में आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं गैस वितरण एजेंसी टीम ने आग बुझाई। जलते हुए सिलेन्डर को बाहर फेंक दिया गया। जिससे कुछ देर के लिए अफरातफरी भरे महौल में रास्ता रुका रहा। इसके बाद सिलेन्डर को टीम ने तत्परता के साथ उठाकर नाले के पानी में फेंक दिया। इसके बाद आवागवन शुरू हो गया।

धमाके के साथ फटे गैस सिलेंडर

# आग से मची अफरा-तफरी जान बचाकर भागे दुकानदार

मेले में उठ रही आग की लपटें। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आग की घटना के बाद चारो तरफ अफरा-तफरी का माहौल हो गया। हर कोई जान बचाकर भागने लगा। मेले में चीखपुकार के साथ भगदढ मच गईं। लोग अपने को बचाने के लिए राऊटी छोड़कर भागने लगे। कुछ लोगों ने खुद ही आग बुझाने का प्रयास किया। इधर दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे तक कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया। घटना के बाद भगदड़ होने से कई लोगों के सामान तक छूट गए।

गंगा तट पांचालघाट पर लगे मेला राम नगरिया में कल्पवास करने आये पड़ोसी जिला एटा के जगवीर सिंह बताते है कि आग लगते ही मेला में भगदड़ मच गई। इसी भगदड़ में उनका कृत्रिम पैर गिर गया। जो चलकर राख हो गया। उनका कहना है दुर्घटना में पैर गवाने के बाद यह पैर उन्होंने 1 लाख 50 हजार रुपये में लगवाया था। कौशल्या पत्नी विक्रम सिंह निवासी ग्राम बूंदापुर हरपालपुर हरदोई ने बताया कि 7000 रुपए सिलेंडर कपड़े, राशन, मोबाइल सहित 12000 का सामान जल कर राख हो गया। मालती देवी निवासी अजमतपुर रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद का रजाई गद्दार राशन जल गया। राजेश , सुखदेव ग्राम गैसों तहसील सहाबाद हरदोई, सुरेश गया प्रसाद बमरौली तहसील सवाईजपुर हरदोई, सोनू, कन्हैया लाल ग्राम अमृतपुर, किसन लाल, रतन लाल सिंह ग्राम बिलावलपुर फर्रुखाबाद सहित 36 कल्प वासियों को जिला प्रशासन ने आग से क्षति दिखाई है। जिनकी सूची राजस्व कर्मियों ने बना कर तहसीलदार सदर श्रद्धापाण्डे को सौंप दी है।

- **रुपए, कपड़े, गद्दा, रजाई जले, आग से हुए नुकसान की सूची बनाई गई**

### गैस सिलेंडर फटने पर आग और भड़की

आग में घी का काम गैस सिलेंडरों ने किया। तेज आवाज के साथ एक-एक कर दो तीन गैस सिलेंडर फटे जिससे आग ने और भयानक रूप ले लिया।

# बोर्ड परीक्षा : 178 परीक्षार्थी नहीं पहुंचे इम्तिहान देने

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- **नागरिक शास्त्र का पेपर आया सरल, परीक्षार्थी खुश**

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा में सुबह की पाली में नागरिक शास्त्र का पेपर सरल आने पर परीक्षार्थी खुश नजर आए। राजनैतिक व कृषि आदि से संबंधित सरल प्रश्न आए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। हाईस्कूल व इंटर की तीन विषयों की परीक्षा में 178 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शुक्रवार को सुबह की पाली में इंटर में नागरिक शास्त्र व एग्रीकल्चर विषय और दोपहर को हाईस्कूल की संगीत-गायन की परीक्षा थी। एमआईसी फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य गिरिजाशंकर के नेतृत्व में विद्यार्थियों की तलाशी लेने के बाद प्रवेश दिया। परीक्षा प्रभारी मयंक रस्तोगी व अरविंद कुमार भी मौजूद रहे। नागरिक शास्त्र की परीक्षा में कृषि, राजनैतिक व सामाजिक पहलुओं के प्रश्न आए। प्रश्नपत्र में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न आए। डीआईओएस ने रामानंद बालिका व बालक, रस्तोगी इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद, जीजीआईसी व एमआईसी इंटर कॉलेज फतेहगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा-कक्षों और कॉलेज में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जीजीआईसी से परीक्षा देकर निकल रहीं छात्राओं गौरी, प्रीती और मुस्कान ने बताया कि नागरिक शास्त्र का पेपर सरल था। पेपर से पहले डर लग रहा था, लेकिन प्रश्न पत्र देखा तो डर दूर हो गया। ज्यादातर प्रश्न पढ़ाए गए स्लेवस से ही आए। कंट्रोल रूम प्रभारी रामलखन सिंह ने बताया कि 12वीं नागरिक शास्त्र में पंजीकृत 2351 में 2149, एग्रीकल्चर में पंजीकृत 538 में 516 व हाईस्कूल संगीत-गायन की परीक्षा में पंजीकृत 148 में 144 परीक्षार्थी आए।

# डीडीओ पहुंचे स्कूल, नामांकन से कम मिले बच्चे, गुणवत्ता जांची

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिला विकास अधिकारी ने शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। स्कूलों में छात्र संख्या कम देख बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन में बच्चों से हिंदी के शब्द लिखाकर देखे।

डीडीओ एसके तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन, कन्या प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय बुढ़नामऊ, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय महरूपुर सहजू का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन फतेहगढ में उन्होंने बच्चों से पूछा किस कक्षा में पढ़ते हो तो किसी ने बताया फोर तो किसी ने फाइव। इस पर उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि हिंदी में बताएं कक्षा चार और अंग्रेजी में फोर्थ या फिर फिफ्थ क्लास कहें। बच्चों से उन्होंने हिंदी के शब्द लिखवाकर पढ़वाए, जिन्हें बच्चों ने सही से लिखा और पढ़ा। इस दौरान प्रधानाध्यापक पदमा मौजूद थीं। उच्च प्राथमिक विद्यालय महरूपुर सहजू में कक्षा छह में पंजीकृत 51 बच्चों में 22, कक्षा सात में 62 में 22 और कक्षा छह में पंजीकृत 61 बच्चों में 29 बच्चे मौके पर मिले। प्रधानाध्यापक प्रशांत कटियार ने डीडीओ को बताया कि खेत में आलू खोदे जाने के चलते अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे। इसी तरह अन्य विद्यालयों में भी उपस्थिति कम मिली। डीडीओ ने प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया कि छात्र संख्या बढ़ाएं। दोबारा निरीक्षण में छात्र संख्या कम मिली तो कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिबरान व राजदीप आदि मौजूद रहे।

निरीक्षण करते डीडीओ। अमृत विचार

# फाइलेरिया की जांच में जुटा चिकित्सा विभाग

**फर्रुखाबाद।** जिले में फलेरिया रोगियों की खोज के लिए माह के प्रत्येक बुधवार को जिला मलेरिया विभाग में नाइट क्लीनिक चलाई जा रही है। फाइलेरिया रोगियों की पहचान के लिए रात 8 बजे से 10 बजे तक नाइट ब्लड सर्वे किया जा है। नोडल अधिकारी डॉ राजेश माथुर का ने कहा कि फाइलेरिया के लक्षण प्रतीत होने पर जल्द से जल्द पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सम्पर्क करें और इसके इलाज में लापरवाही न बरतें। हाइड्रोसील से ग्रसित मरीज भी फाइलेरिया के अंतर्गत आते हैं। वह अपना आपरेशन डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में मुफ्त करा सकते हैं। फाइलेरिया निरीक्षक अनिमेष शुक्ल ने बताया कि कमालगंज ब्लॉक के ग्राम कल्लू नगला में बुधवार की रात नाइट ब्लड सर्वे किया गया। जिसमें 58 लोगों के रक्त के नमूने लिए गए।

# एडेड स्कूलों की मरम्मत को मिलेंगे 1.25 करोड़

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रोजेक्ट अलंकार के तहत अब अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों की मरम्मत के लिए भी सरकार बजट देगी। शासन ने इसबार बजट में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

वर्ष 2022 में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत ऐसे एडेड विद्यालयों की सूची मांगी गई थी, जिस विद्यालय की 75 वर्ष की अवधि पूरी हो चुकी है। जनपद से भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज और म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ का प्रस्ताव भेजा गया था। इसके साथ ही पिछले वर्ष 50 प्रतिशत बजट सरकार ने खर्च करने के लिए कहा था। इस बार अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने आदेश दिए हैं कि 75 वर्ष अवधि पूर्ण करने वाले विद्यालयों के अलावा जो एडेड विद्यालय जर्जर अवस्था में है उन सभी का प्रस्ताव बनाकर भिजवाया जाए। इसके साथ ही इस बार 50 के बजाय 75 प्रतिशत बजट आवंटित करने के आदेश दिए गए हैं। 25 प्रतिशत बजट संबंधित विद्यालय को खर्च करना होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सभी एडेड विद्यालयों के प्रधानाचार्य से जर्जर विद्यालयों का प्रस्ताव बनाकर देने को कहा गया है। गौरतलब है कि जनपद में करीब 71 एडेड विद्यालय संचालित हैं।

### यह मिलेगी धनराशि

| छात्र संख्या | मिलने वाली धनराशि |
|---|---|
| 300 से 500 | 25 लाख |
| 500 से 1000 | 50 लाख |
| 1000 से 1500 | 75 लाख |
| 1501 से 2000 | एक करोड़ |
| 2001 से ऊपर | 1.25 करोड़ |

कार्रवाई | विवाद होने पर पहुंची पुलिस, समझा कर माहौल को शांत करवाया

# रोडवेज की भूमि पर बने होटल पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कादरी गेट थाना क्षेत्र में परिवहन निगम की भूमि में बने वैष्ण होटल को गिराने गई जेसीबी को महिलाओं ने लाठी डंडा लेकर खदेड़ दिया। जेसीबी के चालक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी होटल संचालक और ईओ नगर पालिका परिषद के बीच काफी विवाद होता रहा। कादरी गेट थाना इंचार्ज के हस्तक्षेप के बाद होटल भवन को गिराया जा सका।

भवन को किराये पर लेकर होटल चला रहे आवास विकास के रहने वाले रघुराई दुबे और दिनेश दुबे ने आरोप लगाया कि एआरएम आरसी यादव ने उन्हें बिना सूचना दिए उनके होटल को ध्वस्त करवा दिया है। उन्होंने सामान निकालने का भी समय नहीं दिया। रोडवेज की जगह में बने होटल मां वैष्ण 20 साल से चल रहा है। इस भवन की मालिक रूबी शुक्ला ने दिनेश दुबे को भवन किराये पर उठा दिया था। जिसमें वह होटल चला रहे थे। इस होटल को ध्वस्त करने के लिए एआरएम आरसी यादव ने ईओ नगर पालिका परिषद विनोद कुमार को लिख कर दिया। ईओ विनोद कुमार शुक्रवार को जेसीबी लेकर होटल गिरवाने पहुंच गए। जेसीबी चलते ही महिलाएं लाठी डंडे लेकर पहुंच गईं और जेसीबी को खदेड़ दिया। सूचना पर पहुंचे कादरी गेट थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने होटल संचालक को समझा बुझाकर भवन को ध्वस्त कर दिया और उन्हें निर्देशित किया कि वह अपना सामान उठा लें। इस जगह को समतलीकरण कराया जाएगा।

होटल को गिराती जेसीबी। अमृत विचार

# विद्यालय में तोड़-फोड़ से परेशानी

**फर्रुखाबाद।** विद्यालय में आये दिन तोड़ फोड़ से परेशान इंचार्ज प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने अमृतपुर थाने मे तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कुम्हरौर ग्राम पंचायत के मजरा पंचम नगला में बने प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने अमृतपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि अराजकतत्वों द्वारा आए दिन विद्यालय में तोड़ फोड़ कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इससे विद्यालय का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है तथा शिक्षकों और छात्रों को पढ़ाई में भी असुविधा होती है। एसओ मिनेश पचौरी ने बताया तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शिविर में बांटे कृत्रिम अंग, दिव्यांग खुश

कार्यालय फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** एसएन साध ट्रस्ट द्वारा डॉ० रजनी सरीन के संयोजन में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगों 08 व्हील चेयर, 20 छड़ी, 20 कैलीपर, 07 कृत्रिम पैर, 3 कृत्रिम हाथ, 15 वैशाखी, 06 वॉकर, 32 जोड़ी जूते, 55 कान की मशीन बांटी गई। अब शिविर 24 एवं 25 फरवरी को लगेगा। शुक्रवार को 152 रजिस्ट्रेशन किए गए। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुवोध वर्मा, डॉ एके गुप्ता मौजूद रहे। शिविर में जयपुर फुट नामक भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति के 6 विशेषज्ञों ने भी अपनी सेवाएं दी। ईएनटी के स्पेशलिस्ट डॉ शिखर सक्सेना तथा उनकी टीम ने परीक्षण कर दिव्यांगों को

ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क दवायें तथा कान की मशीन दी। दिव्यांग सेवा शिविर में एसएन साध ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध तथा चमकेश साध, डॉकार्तिकेय सिंह और डॉ केजी बाथम अपनी विशेष सेवायें दे रहे हैं। मधु साध, प्रिया साध,रीतेश साध, अमर साध, उदयपाल, विजय कुमार, आकाश सिंह कश्यप, शीष मेहरोत्रा, रोहित गर्ग, राहुल कश्यप, प्रभात पाण्डेय, रजत कश्यप, अभिषेक, सुजीत श्रीवास्तव, विशाल अवस्थी, नरेश, सत नारयन, रोविन साध, शेखर साध आदि मौजूद थे। दिव्यागों को अपना आधार कार्ड लाना आवश्यक है। अगला कैंप 4 माह के बाद होगा।

कृत्रिम अंग पाकर खुश हुए दिव्यांग। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# कूटनीति की ताकत

वर्ष 2024 वैश्विक राजनीति में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। अमेरिका और रूस-चीन के गठबंधन के बीच टकराव ही वैश्विक और क्षेत्रीय तनावों और समीकरणों की दशा-दिशा तय करेगा। आने वाले वर्षों में दुनिया के समीकरणों में बहुत अहम बदलाव होने जा रहे हैं। ये बदलाव भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक क्षेत्रों में भारत के तय उभार से और अधिक रेखांकित होंगे। दुनिया इस जटिल और उभरते भू-राजनीतिक मंजर के साथ तालमेल बिठाने के लिए जूझ रही है, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में सत्ता और निर्णय प्रक्रिया की ताकत के पारंपरिक संतुलन में बहुत बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं जिनसे वैश्विक प्रशासन में एक नए युग की शुरुआत का पता चलता है। चीन-भारत संबंध संतुलन की स्थिति में पहुंचना, इसे बरकरार रखना बड़ी चुनौती होगी। आर्थिक मोर्चे पर एक ऐसा समय आएगा जब चीन की अर्थव्यवस्था वृद्धि नहीं करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को 'रायसीना संवाद' के एक परिचर्चा सत्र में चीन की 'चाल' के खिलाफ आगाह किया और कहा कि भारत को संतुलन की स्थिति पर बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का उपयोग करने के अपने अधिकारों का परित्याग नहीं करना चाहिए।

मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में ऐसा बदलाव ला रहा है, जो स्थायी हैं। ये ऐसा तथ्य है, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। रायसीना संवाद जियो-पॉलिटिक्स और भू-इकोनॉमी पर आधारित एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य दुनिया के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान एक बड़ी शक्ति के रूप में भारत की छवि उभर कर सामने आई। विवादास्पद मुद्दों के समाधान के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में आमूल-चूल सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक नियम एकपक्षीय हित में नहीं होने चाहिए। अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था और आबादी, सामरिक रूप से अहम भौगोलिक स्थिति और बढ़ते प्रभाव की वजह से भारत, विश्व मंच पर अधिक अहम भूमिका निभाने जा रहा है। ये उभार न केवल भारत के अपने विकास का प्रतीक है, बल्कि ये एक व्यापक चलन यानी, अंतर्राष्ट्रीय मामलों को आकार देने में ग्लोबल साउथ की बढ़ती भूमिका का भी संकेत है। पिछले आठ सालों से इस सम्मलेन में करीब 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल होते आए हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार अपनी कूटनीतिक क्षमता को बढ़ा रही है। भारत सरकार इस कार्यक्रम के जरिए अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और मुद्दों को लेकर अपनी नीति दुनिया के सामने स्पष्ट करती है। सम्मेलन भारत की कूटनीतिक सफलता को दर्शाता है।

# विविधता का रसायन और उसकी अनिवार्यताएं



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

यह बहुत पुराना देश है और बहुत विविधताओं का देश है। यहां सबके लिए जगह है। सहिष्णुता इसके जींस में है। एकरूपता यहां एक बेगानी चीज है, जो भी यहां आया और इसे अपनी धरती समझकर बस गया, इसने सबको अपना लिया। उनके देवी-देवता, उत्सव-त्योहार भी अपना लिए। मेरे बचपन तक कुछ फकीर-जैसे दिखते लोग गाजी मियां का निशान (झंडा) उठाए, गांव-गांव घूमते, सतरिख (बाराबंकी) की यात्रा पर जाते थे। औरतें गाजी मियां की मानता मानती थीं और मानता पूरी होने पर सतरिख की यात्रा करने के बजाय इन्हीं निशान उठाने वालों की मार्फत अपना चढ़ावा भेज देती थीं। ये निशान उठाने वाले मानता मानने वालों के लिए स्वयं सेवक का काम करते थे।

गाजी मियां (गाजी सैयद सालार मसूद) एक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। वे महमूद गजनवी के भांजे थे और गाजी (धर्मयोद्धा) थे तो इस्लाम के विस्तार के लिए युद्ध करने अपने मामा महमूद गजनवी के साथ भारत आए थे। उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी, यही 16 साल के करीब। सतरिख (बाराबंकी) वह जगह थी जिसे अपना सदर मुकाम बनाकर सालार मसूद बहराइच, हरदोई और बनारस के राजाओं से युद्ध कर रहे थे। उनके पिता सैयद सालार साहू की सतरिख में ही मृत्यु हुई थी। बाद में सालार मसूद बहराइच के राजभर राजा सुहेलदेव से हुए युद्ध में पराजित और गंभीर रूप से घायल हो गए। बहराइच में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय उनकी उम्र महज 20 साल थी।

किंवदंती है कि सालार मसूद अपने मामा महमूद गजनवी के ठीक विपरीत, संत स्वभाव के आदमी थे। अभी तक सतरिख में उनकी गद्दी पर धूनी जलती है और हिंदू तथा मुसलमान दोनों उसका दर्शन करने जाते हैं। संत और फकीर में इस देश के लोग भेद नहीं करते थे, खासकर औरतें जिनके बहुत सारे दुःख और बहुत तरह के दुःख होते थे। बच्चों पर संकट के समय तो वे किसी से भी मिन्नत-आरजू करने, गिड़गिड़ाने को तैयार हो जाती थीं। मानता मानना उसी का हिस्सा था। आस-पड़ोस में, नाते-रिश्तेदारी में किसी विशेष की मानता से राहत की खबर हवा में उड़ती रहती थी। वहीं से वे उसे पकड़ लेती थीं और खुद विपत्ति में पड़ने पर उसे त्राता के रूप में याद करती थीं, उससे याचना करती थीं, उसकी मानता मानती थीं। विपत्ति से छुटकारा मिलने पर मानता पूरी करने को लेकर फिक्रमंद रहती थीं, उसे एक देय कर्ज की तरह याद किए रहती थीं और मौका मिलते ही पूरी करने निकल पड़ती थीं। गाजी मियां एक सुविधाजनक त्राता थे जिनकी मजार तक जाने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उनके स्वयं सेवक गांव-गांव घूमते थे।

> बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न-भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है। वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे।

मुहर्रम पर मेरे गांव के बगल के गांव में ताजिया उठता था और दोपहर बाद एक बाग में मेला लगता था। सौदा-सुलफ के अलावा उस मेले का खास आकर्षण कुश्ती और 'लकड़ी' का खेल होता था। लकड़ी दरअसल गतके को कहते थे, जो एक छोटा डंडा होता था जिस पर चमड़े का खोल चढ़ा रहता था। प्रहार और आत्मरक्षा की फुर्ती का बहुत सधा हुआ खेल था जिसमें किसी को चोट नहीं लगती थी, लेकिन अपनी तेज गतिशीलता से खिलाड़ी दर्शकों को रोमांचित कर देते थे। जोड़ियों पर जोड़ियां उतरती जाती थीं और हम हर बार नए-नए दांव-पेंच के प्रदर्शन से अभिभूत एकटक देखते रहते थे। हमारे यहां बोली जाने वाली अवधी में अरबी-फारसी के सैकड़ों शब्द दाखिल होकर इस कदर घुलमिल गए हैं कि लगता ही नहीं, ये अवधी के नहीं हैं, कभी बाहर से आए होंगे। बस गैर-पढ़े-लिखे लोग क, ख, ग, ज, फ की नुक्तेवाली ध्वनि का उच्चारण नहीं कर पाते। हिंदू और मुसलमान दोनों अवधी बोलते हैं। पढ़े-लिखे गैर पढ़े-लिखे सभी। पढ़े-लिखे मुसलमानों की बस यही पहचान है कि वे अवधी में बोलते समय भी बाकायदे नुक्ते की ध्वनि के साथ बोलते हैं। ये ध्वनियां हमें कब और कहां-कहां से मिली होंगी? धीरे-धीरे कुछ खो भी गई होंगी। संस्कृत के मूर्धन्य ष और ऋ और लृ का उच्चारण हम भूल चुके हैं, लेकिन हिंदी में भी कुछ ऐसी ध्वनियां हैं, जो संस्कृत में नहीं हैं। जैसे ड़ और ढ़। संस्कृत में केवल ड और ढ की ध्वनि है जब कि हिंदी में ड और ड़ तथा ढ और ढ़ की अलग-अलग ध्वनियां हैं। मराठी में ड़ और ल के बीच एक और ध्वनि है, जो इधर बहुत प्रचलित है। वह है ळ। यहां मराठी लोग जब इस ध्वनि का उच्चारण करते हैं, बहुत ध्यान से सुनने के बावजूद हम अंतर को इस तरह नहीं पकड़ पाते कि उसे बोल भी सकें। ध्वनियों की और शरीर के ध्वनि-यंत्रों की विविधता का भी यह देश है।

बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है।

वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे। अवधी सहित यहां की बोलियों का इतिहास लौकिक संस्कृत से अधिक प्राचीन है। पता नहीं, अवध के गांवों के गैर-पढ़े-लिखे लोग चार धाम बनने के शुरू के चरण में जब रामेश्वरम और जगन्नाथ पुरी की यात्रा पर जाते रहे होंगे, उनका काम कैसे चलता रहा होगा? अब तो वहां के स्थानीय लोगों के पॉकेट्स हैं, जहां सभी धड़ल्ले से हिंदी बोलते-समझते हैं।

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

## प्रसंगवश

# क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं

संजय वर्मा
इंदौर

आखिर सफलता की कहानियां हमें किस तरह प्रभावित करती हैं? बात इसलिए जरूरी है, क्योंकि हम इंसान सदियों से अपने बच्चों को कहानियां सुनाते हैं। क्योंकि हम मानते हैं कि दूसरे लोगों की सफलता हमारे बच्चे को और मेहनत करने की प्रेरणा देगी, पर क्या बच्चे सचमुच मोटिवेट होते हैं? या और ज्यादाहीन महसूस करने लगते हैं।

मनोविज्ञान में एक शब्द है 'सिग्निफिकेंट अदर्स'। मतलब अजनबी लोगों के इस संसार में वे कुछ नजदीकी लोग, जो हमारे लिए मायने रखते हैं। ऐसा समझें कि यदि कोई अजनबी गरीब बच्चा कलेक्टर बन जाए तो मुझे प्रेरणा मिल सकती है, पर मेरा चचेरा भाई तहसीलदार भी बन गया तो मुझे ईर्ष्या होगी, मैं छोटा महसूस करूंगा? मतलब सफलता की कहानी प्रेरणा तो देगी, लेकिन वह नजदीकी लोगों की नहीं होनी चाहिए।

वहीं दूर के लोगों की कहानी सुनकर इंसान बेहतर बनता है यह मानना भी मुश्किल है। यदि ऐसा होता तो राम की मर्यादा, शिवाजी का साहस और हरिश्चंद्र के त्याग की कहानी सुनकर बड़े हुए बच्चे इतने बेईमान, झूठे और स्वार्थी कैसे हो जाते हैं? अब्दुल कलाम आजाद की गरीबी से निकलकर वैज्ञानिक बनने की कहानी सुनकर कितने बच्चे वैज्ञानिक बने? तो क्या हम मान लें कहानियां अपने मकसद में नाकामयाब रही हैं? अगर कहानी नहीं है तो फिर वह क्या है जिससे हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है? और अगर कहानी अपने मकसद में नाकामयाब रही है तो फिर हम कहानियां क्यों सुनाते हैं?

मेरा अपना मानना है कि किसी असफल या लो फील कर रहे बच्चे को किसी और की सफलता की कहानी सुनाकर आप उसे जलील कर सकते हैं, मोटिवेट नहीं कर सकते। अपने तीस साल के व्यावसायिक जीवन में मैंने दसियों बच्चों को ट्रेंड किया। उनमें से ज्यादातर लोग आज कामयाब हैं। मेरा अनुभव कहता है, लोग दूसरों की नहीं खुद अपनी सफलता से मोटिवेट होते हैं। हौसला देने से आगे बढ़ते हैं, कहानियों से नहीं। मुश्किलों से घिरा इंसान उस टूटे कुंए की दीवार है जिसमें से हर नई सफलता की कहानी एक और ईंट उखाड़ ले जाती है।

# आस्था से खिलवाड़ क्यों

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

> मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था।

मान्य अवधारणा है की देवी नाम केवल मनुष्यों को ही दिए जाते हैं। मगर सिलिगुड़ी वन्यप्राणी उद्यान में शेर और शेरनी का नाम अकबर और सीता पर रख दिया गया। भला ऐसी बेजा हरकत किस इशोपासक को गवारा होगी? अतः स्वाभाविक है कि विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को दोषी और संवेदनहीन करार दिया। परिषद की बंगाल शाखा ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताते हुए, कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगा दी। अदालत ने 20 फरवरी को सुनवाई की। शेरों के जोड़े का नाम बदलने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने शेरनी का नाम सीता रखने और शेर को अकबर नाम देने को लेकर बंगाल सरकार से जवाब मांगा है।

मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था। 'अकबर' के साथ 'सीता' रखना हिंदू धर्म का अपमान है।

इस मामले में राज्य के वन अधिकारियों और सफारी पार्क निदेशक को मुकदमें में पक्षकार बनाया गया है। सिंगल बेंच के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि वह शेर-शेरनी को कोई दूसरा नाम देने पर विचार करें, ताकि विवाद को शांत किया जा सके। अदालत ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग सीता की पूजा करते हैं। वहीं अकबर एक कुशल, और सफल मुगल सम्राट था।

अदालत ने कहा : 'वकील साहब, क्या आप खुद अपने पालतू जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान या मुस्लिम पैगंबर के नाम पर रखेंगे। मुझे लगता है, अगर हम में से कोई भी अधिकारी होता तो हममें से कोई भी उनका नाम अकबर और सीता नहीं रखता। क्या हम में से कोई रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर किसी जानवर का नाम रखने के बारे में सोच सकता है? इस देश का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है।'

एडिशनल एडवोकेट जनरल ने अदालत को बताया कि पश्चिम बंगाल ने इन जानवरों को कोई नाम नहीं दिया है। त्रिपुरा चिड़ियाघर के अधिकारियों ने दिए थे। इस पर अदालत ने कहाः 'धार्मिक देवता या ऐतिहासिक रूप से सम्मानित व्यक्तित्वों के नाम पर शेरों का नाम रखना अच्छा नहीं है। राज्य पहले से ही कई विवादों को देख रहा है। यह विवाद एक ऐसी चीज है जिससे बचा जा सकता है।'

अधिवक्ता ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि शेरों को नए नाम दिए जाएं, लेकिन उन्होंने अदालत से याचिका खारिज करने का भी आग्रह किया। इस पर अदालत ने कहा, 'चूंकि शेरों के नाम लिए गए हैं। याचिकाकर्ता दावा कर रहे हैं कि इससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए मामले की जांच करनी होगी, लेकिन यह एक जनहित याचिका के तौर पर होगी।' अदालत ने आदेश दिया कि याचिका को जनहित याचिका के रूप में लिया जाए। इसे उस खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करती है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहाः 'कृपया विवाद से बचें अपने अधिकारियों से इन जानवरों का नाम बदलने के लिए कहें। किसी भी जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान, मुस्लिम और ईसाई पैगंबर, महान पुरस्कार विजेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों आदि के नाम पर न रखें।'

न्यायमूर्ति ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग-अलग नाम देने के लिए कहें। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। जस्टिस भट्टाचार्य ने पूछाः 'आपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए?'

## सोशल फोरम

# दिल्ली घेरने की जिद

मनोज कुमार
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

पंजाब की सीमा पर पंजाब के तथाकथित किसानों का जमावड़ा है। इनमें कुछ अन्य प्रदेशों के आधारहीन और अराजकता में अपने लिए कुछ लाभ देखने वाले नेता भी शामिल हैं। यह भी एक किस्सा है कि चुनाव से बिल्कुल पहले केंद्र सरकार और मोदी को असहज करने के लिए यह षडयंत्र कांग्रेस द्वारा रचा गया है जिसमें कुछ आंदोलन आयोजित करने वाले व्यवसायी भी शामिल हैं। जाहिर है कि कनाडा और सीआईए भी इस आंदोलन में रुचि ले रहे हैं।

आंदोलनकारियों की दो मुख्य मांगें हैं। पहली मांग है न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाया जाए। मतलब जो कोई भी इस मूल्य से कम पर कृषि उत्पाद खरीदे उसे दंडित किया जाए। दूसरी मांग है स्वामीनाथन कमेटी की संस्तुति के अनुसार कृषि उत्पाद के मूल्य निर्धारित किए जाएं। इस कमेटी के अनुसार मूल्य उत्पादन पर हुए व्यय का डेढ़ गुना होना चाहिए। आंदोलनकारी केंद्र सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं और केंद्र के निर्देश पर इन्हें हरियाणा में प्रवेश से रोका गया है जिस पर इन्होंने सड़क पर बैठकर रास्ता बंद कर दिया है। पंजाब की आप पार्टी की सरकार इन्हें पूरा सहयोग दे रही है जिसके कारण इन्हें हरियाणा सीमा तक आने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

केंद्र सरकार के तीन मंत्री लगातार वार्ता के लिए उपलब्ध रहे हैं, पर कोई समझौता नहीं हो पाया। आंदोलनकारी दिल्ली जाने और दिल्ली का घेराव करने पर अडिग हैं। इस पूरे प्रकरण में मैं एक बात से हैरान हूं। कृषि तो भारत के संविधान के अनुसार राज्य का विषय है।

कृषि उत्पाद का उचित मूल्य दिलाना तो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार इसमें कहां से आ गई? केंद्र तो एक अच्छे खरीदार की भूमिका में है और एक न्यूनतम मूल्य पर खरीद करती है। राज्य चाहे तो उससे अधिक मूल्य दे सकता है। हैरानी इस बात की है कि केंद्र सरकार भी यह नहीं कह रही। अगर वह ऐसा स्टैंड लेते हैं तो इस आंदोलन का आधार ही समाप्त हो जाएगा और अगर फिर भी कोई दिल्ली घेरने की जिद करता है तो उसके प्रति की गई हर कार्यवाही न्यायसंगत होगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# नायकत्व ने पुतिन में अहंकार और आत्ममुग्धता पैदा की

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए।

पुतिन की तानाशाही के मुखर विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की रूस की एक जेल में रहस्यमय मौत हो गई। महज 48 वर्ष की उम्र में। दुनिया ने इस मौत का संज्ञान लिया। कई विशेषज्ञों ने इसे 'राजनीतिक हत्या' की संज्ञा दी, लेकिन रूस के टीवी चैनलों ने अपनी न्यूज बुलेटिन के अंत में बेहद तटस्थ स्वरों में एक लाइन में उनकी मौत की खबर दी जो 'फर्जीवाड़े के आरोप में' जेल में बंद थे। हालांकि रूस के कई शहरों में इस घटना के विरोध में शोकसभाएं आयोजित हुई, प्रदर्शन किए गए जिनका पुलिस ने सख्ती से दमन किया। कितने सारे लोग जेल में डाल दिए गए, कितनों को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

अलेक्जेंडर सोल्जेनित्सिन ने इस रूस की कल्पना तो नहीं ही की होगी, जो सोवियत संघ के दौर में जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए मुखर रहे एक बड़े लेखक थे। उन्हें कम्युनिस्ट तानाशाही के खिलाफ बोलने-लिखने के कारण अमेरिका में लंबा निर्वासन झेलना पड़ा। उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। सोवियत पराभव और विखंडन के बाद वे रूस लौटे, लेकिन जल्दी ही नए रूस में भी उनका मोहभंग होने लगा।

एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए। हमें ऐसे बुद्धिजीवियों की बहुत जरूरत है, जो देश की राजनीतिक संस्कृति को मनुष्यता और नागरिक अधिकारों के साथ देख सकें, उन्हें मुखर समर्थन दे सकें। जिस देश और समाज के बुद्धिजीवी सत्ता का विश्लेषण करने में साहस और ईमानदारी से काम नहीं लेंगे, उसका नैतिक पतन दूर नहीं रह जाएगा। फिर अलग तरह की तानाशाहियों से हम मुकाबिल होंगे, जो जनता के हितों को कुछ चंद मुट्ठियों में कैद कर देंगी।' रूस ने सोल्जेनित्सिन की आशंकाओं को सही साबित किया। सोवियत विघटन के बाद जर्जर और बेहाल रूस वाया येल्तसिन पुतिन के दौर में पहुंचा। देश ने धीरे-धीरे आर्थिक स्थायित्व हासिल किया, सामरिक आधार तो था ही, पुतिन ने उसे नई आक्रामकता और विस्तार दिया। वे नए नायक बन कर उभरे। इस नायकत्व ने पुतिन में अहंकार पैदा किया, आत्ममुग्धता पैदा की और सत्ता में येन केन प्रकारेण बने रहने की लिप्सा जगाई। नई सदी के रूस में नए उद्योग घराने उभरे जिनके लिए व्यावसायिक लाभों की खातिर नैतिकता और मानवीय शुचिता कोई मायने नहीं रखती थी। वे पुतिन के बन गए पुतिन उनके हो गए। नया दौर था टेक्नोलॉजी का जमाना, मीडिया के न जाने कितने रूप। ऊपर से सोशल मीडिया का सर्वव्यापी प्रसार। कितना भी प्रतिबंधित करो, कभी इधर से तो कभी उधर से सूचनाओं और विचारों का कोई झोंका आ ही जाता, जो प्रतिरोध की भावनाओं को बल दे सकता था। नए दौर में नेताओं को ब्रांडिंग की जरूरत अधिक ही महसूस होने लगी। पुराने दौर वालों से बहुत ज्यादा। पुतिन और उनके निकट के सलाहकारों ने भी इस जरूरत को शिद्दत से महसूस किया। फिर तो एक से एक कंपनियों की लाइन लग गई, जो पुतिन के लिए एक से एक पेशकश के साथ खड़े थे' हम आपकी ऐसी छवि बना देंगे जो आपको देश का पर्याय बना देगी।

करोड़ों डॉलर, बोले तो रूबल, झोंके जाने लगे हाड़ मांस के उस नश्वर जीव की छवि के निर्माण के लिए। सर्वत्र पुतिन ही पुतिन...रूस के 'पुराने वाले वैभव' को लौटाने का और 'नया रूस' बनाने का संकल्प दुहराते हुए, तिहराते हुए। रूस के कई विपक्षी नेता जेलों में बंद हैं। किसी पर कोई आरोप, किसी पर कुछ और आरोप, जो जितना साहसी प्रतिरोधी, उस पर उतने ही सख्त आरोप। कोई नहीं बता सकता कि आरोप कितने वास्तविक हैं कितने राजनीतिक। पुतिन के सहयोगी समर्थक कॉर्पोरेट घरानों की बढ़ती संपन्नता की रूस में ही नहीं, दुनिया में तूती बोल रही है। कुछ खास कॉर्पोरेट घरानों पर आरोप हैं कि पुतिन के समर्थन सहयोग के एवज में वे देश के संसाधनों पर अपना कब्जा बढ़ाते गए हैं। पुतिन ने रूस को संभाला, उसे फिर से खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने आत्मविश्वास खो चुके देश में नए विश्वास का संचार किया, लेकिन उनके दौर ने रूस में भयानक रूप से बढ़ती आर्थिक असमानता देखी, नागरिक अधिकारों के दमन का नया दौर देखा, बाजार पर कॉर्पोरेट का सत्ता संरक्षित नाजायज कब्जा देखा, क्या-क्या नहीं देखा।

ब्रांड की कैद में घिरे नेता की चमक बढ़ती गई, बाजार पर खास लोगों का कब्जा बढ़ता गया। अब ब्रांडिंग का जलवा देखना समझना हो तो पेप्सी और कोका कोला को ही देखें जिनके बारे में दुनियाभर के आहार विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे कि यह संकट है, लेकिन उन कंपनियों ने भारत जैसे विशाल बाजार में आकर गंध मचा ही दी। कौन सुपरस्टार, कौन क्रिकेट स्टार, कितने-कितने स्टार उसके मार्केटिंग एजेंट बन करोड़ों कमाते रहे और पब्लिक उस मीठे जहर के घूंट लेती नकल में दुहराती रही...'पेप्सी अहा'। पुतिन कुछ संभाल कर, अधिक बिखरा कर, गिरा कर दृश्य से ओझल होंगे एक दिन। कितने महामानव तो ऐसे हैं जिन्होंने संभाला क्या इस पर तो बहस है, लेकिन बिखराया क्या, गिराया क्या, यह सब देख रहे हैं। अंतर यही है कि बड़े ही जतन से गढ़ी गई उनकी चेतना उन्हें इन बिखरावों, इन गिरावटों पर कूदने और हर्षित होने लायक ही बनाकर छोड़ती है।

# समतल हो गई दुनिया

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बिल गेट्स (दुनिया के बहुत अमीर, माइक्रोसॉफ्ट के मालिक) कहते हैं कि माइक्रोसॉफ्ट में वे केवल एक ही बात जानते हैं: चार वर्षों में, उनके द्वारा बनाया गया प्रत्येक उत्पाद अप्रचलित हो जाएगा। एक मात्र सवाल यह है कि क्या माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देगा या इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देगा। यदि माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देता है तो कंपनी फलेगी-फूलेगी। यदि इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देता है तो माइक्रोसॉफ्ट संकट में पड़ जाएगा।

हम जब भी भवाली से हल्द्वानी जाते हैं, रास्ते की घड़ी बनाने की अपने समय की मशहूर एचएमटी कंपनी यही कहानी मुझे बार-बार याद दिलाती है। सब उजाड़ सा है वहां अब। ऐसे ही मेरे जिले रायबरेली की टेलीफोन फैक्ट्री। वहां पड़ोस के जनपद कानपुर की कपड़ा मिले। मोबाइल के क्षेत्र में नोकिया, जो समय के साथ नहीं दौड़ेगा, वह पिछड़ जाएगा। वैसे अब दुनिया समतल हो गई है और दुनिया के दृष्टिकोण से देखें तो मैन्यूफैक्चर सेक्टर में देश पिछड़ रहा है। चीन तो बहुत आगे निकल ही गया था, अब कपड़ा उद्योग में बांग्लादेश कमाल कर रहा है, हमसे बहुत आगे हो गया, उसकी जीडीपी रफ्तार भी हमसे आगे है। अब कारण मत पूछिएगा, न आपको सुनते अच्छा लगेगा, न मुझे बताते।

# विकास कार्यों के लिए चार करोड़ का बजट हुआ पास

## क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक से नदारद रहे प्रधान मनरेगा को मिला 1867.74 लाख का बजट

**महेवा ब्लॉक**

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत महेवा की खुली बैठक में वित्त वर्ष 2024 -25 की कार्ययोजना में करीब 4 करोड़ रुपये के कार्य पंचम व 15वें वित्त से कराये जायेंगे तथा ब्लाक में मनरेगा के लिये 1867.74 लाख रुपये का बजट पारित किया गया।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख पवित्रा दोहरे ने सदन में घोषणा करते हुए कहा कि वित्त वर्ष में सबसे पहले उन क्षेत्र पंचायत सदस्यों के गांव में काम कराये जायेंगे जहां अभी तक एक भी कार्य नहीं हुआ। साथ ही पूरे ब्लॉक में बिना किसी भेदभाव के व जरूरत के अनुसार भी विकास कार्य होंगे। बैठक का संचालन करते हुए बीडीओ सूरज सिंह ने सबसे पहले सदन में पिछली कार्यवाही को पढ़कर सुनाया व पिछले वित्त वर्ष के कार्यो के बारे में बताया जो कि विभिन्न गांवों में चल रहे हैं। वहीं उन्होंने आगामी वित्त वर्ष के कार्यो में सबसे पहले पेयजल, जलनिकास, गली निर्माण आदि को कराने के प्रस्ताव भी सदस्यों से मांगें। बैठक में ग्राम प्रधान की संख्या शून्य रही। क्षेत्र पंचायत सदस्य शिखा देवी, राजेन्द्र सिंह, मिथुन पाण्डेय, गम्भीर सिंह यादव, राजवीर सिंह, राघवेंद्र कुमार, राखी, लज्जावती, उमादेवी, अरुण कुमार, दिलसाराम, शशि दिवाकर, अन्नू पाल, रोहित, अनुराग दोहरे भी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य लिपिक शैलेन्द्र कुमार, मनरेगा लेखाकार राजीव कुमार, कुलदीप चौहान, आवास लिपिक सुरजीत कुमार, कमलेश कुमार, मनोज दुबे, रितिक कुमार, सीमा आदि मौजूद रहे।

क्षेत्र पंचायत महेवा की खुली बैठक में शामिल बीडीसी व अन्य। अमृत विचार

### सदस्यों ने रखीं समस्याएं, समाधान का मिला आश्वासन

**महेवा।** बैठक में कई सदस्यों ने गांव की समस्याओं को सदन में रखा। जिसमें कुशगवा –अहिरान के क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप यादव ने गांव में प्रधान व सचिव द्वारा चहेतों और अपात्रों को शौचालय देने, गोपियापुर से बीडीसी बलराम कुमार ने डॉ .आंबेडकर पार्क सही कराने, नबादाखुर्द कला से क्षेत्र पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह ने नगला कुशल स्कूल के लिए रास्ता न होने व पंचायत में पात्रों को आवास व शौचालय देने की मांग की। जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि जितेंद्र दोहरे ने मनरेगा द्वारा क्षेत्र पंचायत में पक्के कार्य कराने, सभी गांव में जनहित के कार्य वरीयता में कराने तथा कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न करने की बात रखी। सभी लोगों की समस्याओं का खण्ड विकास अधिकारी द्वारा समाधान किया गया।

# इसरो ने युवा विज्ञानी कार्यक्रम शुरू किया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- दो सप्ताह के लिए दी जाएगी इसरो केंद्रों पर विशेष ट्रेनिंग
- कक्षा नौ में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिये है सुविधा

**अमृत विचार।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के द्वारा कक्षा 9 में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान तथा अंतरिक्ष तकनीकी की जानकारी देने के लिए विशेष कार्यक्रम युवा विज्ञानी कार्यक्रम लॉन्च किया गया है।

हिंदू विद्यालय जसवंतनगर के भौतिकी प्रवक्ता प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि युवा विज्ञानी कार्यक्रम के लिए पंजीकरण 20 फरवरी से स्टार्ट होकर 20 मार्च तक चलेंगे। चयनित होने वाले बच्चों को सरकारी खर्चे पर इसरो के द्वारा विभिन्न केंद्रों देहरादून, श्रीहरिकोटा, हैदराबाद, तिरुवनंतपुरम, अहमदाबाद, शिलांग में आवासीय युवा विज्ञानी कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 8 में अच्छा प्रदर्शन करने वाले तथा विज्ञान मेलों तथा स्काउट गाइड ,एनसीसी तथा खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों व ग्रामीण बच्चों को वरीयता प्रदान की जाएगी।

इसरो ने इस कार्यक्रम के द्वारा स्कूली बच्चों में विज्ञान तकनीकी इंजीनियरिंग तथा गणित में प्रवीणता हासिल करने के लिए बच्चों को आवासीय कार्यक्रमों के द्वारा प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2024 को कक्षा 9 में पढ़ने वाले बच्चे ही केवल इस युवा विज्ञानी कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# काला दिवस के आह्वान पर किसानों ने हुंकार भर कर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी काला दिवस के आह्वान पर किसानों ने प्रदर्शन किया। इन किसानों ने कहा कि किसान आंदोलन में नौजवान किसान शुभकरण सिंह की हत्या का केस केन्द्रीय गृहमंत्री, हरियाणा के मुख्यमंत्री के खिलाफ दर्ज किया जाए तथा सुप्रीम कोर्ट के जज से जांच कराई जाए। इसके साथ ही शहीद परिवार को एक करोड़ का मुआवजा, क्षतिग्रस्त ट्रैक्टरों का मुआवजा के साथ साथ एमएसपी की गांरटी दी जाए।

यहां यासीनगर, खडकौली में तथा ताखा तहसील प्रांगण में किसानों ने प्रदर्शन किया। किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य ने बताया कि यासीनगर, खडकौली में जुलूस के साथ पुतलों का दहन किया गया, ताखा तहसील में काले झण्डों के साथ प्रदर्शन व सभा का आयोजन किया गया।

ताखा तहसील में किसान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष नाथूराम यादव, उपाध्यक्ष विश्राम सिंह, राज्य काउंसिलर रामबृजेश, श्रीकृष्ण, रामसिंह, यदुनाथ सिंह आदि ने सम्बोधित किया। यासीनगर में सीटू के प्रांतीय नेता अमर सिंह शाक्य, किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य, पिंटू शाक्य, इंद्रपाल यादव ने अपने विचार रखे। इन वक्ताओं ने आंदोलन तेज करने की बात भी कही।

प्रदर्शन करते संयुक्त किसान मोर्चा के किसान। अमृत विचार

# प्रेमबाबू को मिला ब्रजभाषा भूषण सम्मान

कार्यालय संवाददाता ,इटावा

**अमृत विचार।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय, संस्कृति विश्वविद्यालय मथुरा व ऑडियो प्लेटफॉर्म गाथा द्वारा आयोजित बृज साहित्य उत्सव में बृज भाषा में लोक गीत रचने वाले जिले के वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम बाबू प्रेम को बृज भाषा भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता एवं गाथा के संस्थापक अमित तिवारी ने लोक गीतकार प्रेम जी सहित दस विभूतियों को सम्मानित किया।

जिले के वरिष्ठ साहित्यकार और आम जन मानस की पीड़ा की मुखर अभिव्यक्ति करने वाले प्रेम जी वियोग शतक, विकर्ण प्रतिज्ञा, मांटी, गोपाल और श्रीकृष्ण करमायण जैसे प्रबन्ध काव्य का प्रणयन कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर अनुराग असफल, डॉ कुश चतुर्वेदी, महेश तिवारी, गोविन्द माधव शुक्ल, साबिर इटावी, रौनक़ इटावी, सलीम इटावी हरिओम सिंह विमल, रोहित तिवारी, सत्यदेव आज़ाद, वैभव कुमार, डॉ बाल मुकुद ने बधाई दी है।

प्रेमबाबू प्रेम को सम्मानित करते अतिथि।

# खेत में जबरन बकरियां चराने से रोकने पर भाइयों को पीटा

संवाददाता, बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** खेत में जबरन बकरियां चरा रहे तीन नामजदों ने दो भाइयों को डंडों व कुल्हाड़ी से प्रहार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना में इसी क्षेत्र के गांव अंदावा की मड़ेया यादवान में रहने वाले सुखवीर सिंह ने दर्ज कराए मुकदमा में कहा है कि वह अपराह्न एक बजे खेत पर फसल देखने गया था, उसका छोटा भाई रामजीवन पशुओं के लिए बरसीम काट रहा था तभी गांव के विनोद कुमार, चन्द्रवीर, रामवीर खेत में जबरन बकरियां चराने लगे। रामजीवन ने मना किया तो नामजदों ने लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से उस पर प्रहार करने लगे, चीख पुकार सुनकर छोटे भाई को बचाने गया तो मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू की।

# फलों के रस से हुआ नित्यानंद महाप्रभु का अभिषेक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भगवान श्री कृष्ण के अग्रज वशेषावतार बलराम जी के अवतारी नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण दिवस श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वावधान में श्रद्धाभाव के साथ हर्सोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर हरिनाम के बीच महाप्रभु का पंचामृत ,फलों के रस व नारियल पानी से महाभिषेक किया गया। इस दौरान भक्तों के द्वारा भगवान पर खूब पुष्प वर्षा भी की गयी। हरिनाम संकीर्तन पर श्रद्धालु खूब झूमें वही नित्यानंद महाप्रभु के जयघोष गुंजायमान होते रहे।

नित्यानंद महाप्रभु का अभिषेक करते पंडित मनु पुत्र दास। अमृत विचार

माघ मास की त्रयोदशी पर भगवान नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण दिवस मनाया जाता है। श्री

- गौर निताई परिवार ने हर्सोल्लास से मनाया महाप्रभु का अवतरण दिवस

श्री गौर निताई परिवार के तत्वाधान में पक्का तालाब के किनारे स्थित सत्संग स्थल पर अवतरण दिवस आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। यहां पर परिवार के मुखिया व सनातन धर्म प्रचारक पंडित मनुपुत्र दास ने श्रद्धालुओं के साथ पंचामृत ,फलों के रस व नारियल पानी से नित्यानंद महाप्रभु का अभिषेक किया और भगवान का श्रंगार कर भोग अर्पित किया और आरती भी उतारी। अभिषेक के बीच में हरी नाम संकीर्तन चला रहा जिस पर श्रद्धालु झूमते रहे भगवान के अवतरण दिवस की खुशी में पंडित मनुपुत्र दास के द्वारा भक्तों के ऊपर जमकर फल फूल मेवा व अन्य सामानों की लुटाई भी की गई।

इस मौके पर पंडित मनुपुत्र दास ने भक्तों को भगवान के अवतरण दिवस पर वताया कि नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण पश्चिम बंगाल के गांव एक चक्र में हुआ था।कलयुग में गौरांग महाप्रभु जिन्हें चैतन्य महाप्रभु के नाम से भी जाना जाता है। कार्यक्रम के बाद सभी भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया।

# देवरानी -जेठानी के झगड़े में देवर घायल

**इकदिल, इटावा।** क्षेत्र के गांव देसरमऊ में जेठानी और देवरानी के बीच आपस मे झगड़ा हो गया। बीच बचाव करने गए देवर को भाभी ने ईंट मार कर घायल कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव देसरमऊ के रहने वाले इंदल सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि उसके परिवार की भाभी व उसकी पत्नी के बीच विवाद हो गया। जब वह बीच बचाव करने के लिए गया तो भाभी ने उसे ईंट मारकर घायल कर दिया। घायल का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया है।

# युवती ने फंदे से लटककर दी जान

संवाददाता भरथना, इटावा

- प्रेमी की आत्महत्या से थी दुखी भरथना क्षेत्र के गांव में हुई घटना

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव में चार दिन पहले प्रेमी की खुदकुशी से क्षुब्ध नवविवाहिता ने भी मायके आकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की रात चंद दिनों पहले शादी रचाकर भविष्य के सुनहरे सपने संजोने वाली 19 साल की नवविवाहिता विदा होने पर अपने मायके आई तो उसे पता चला कि चार दिन पहले उसके प्रेमी ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली। इसी बात से दुखी होकर रात में सभी परिजनों के सो जाने पर उसने कमरे में छत के कुंडे पर दुपट्टे से फंदा लगाकर फांसी पर झूल गई। कमरे में सो रही छोटी बहन की आंख खुलने पर घर में चीखपुकार मच गई। परिजनों ने उसका शव फांसी के फंदे से उतार लिया। शुक्रवार सुबह खेत में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सूचना पर फॉरेंसिक टीम व पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल करके पूछताछ की।

थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका की शादी होने से क्षुब्ध गांव के ही उसके प्रेमी ने सल्फास का सेवन करके जान दे दी। प्रेमी की मौत से दुखी नवविवाहिता ने मायके आकर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

मृतका के पिता ने बताया कि बेटी का गांव के युवक से प्रेम प्रसंग था इसकी जानकारी नहीं थी। बेटी की शादी वाली रात को उसने खुदकुशी कर ली। बेटी को विदा के बाद उसके ससुरालीजनों के कहने पर गुरुवार को घर ले आए थे। रात के दौरान उसने फांसी लगाकर जान दे दी। गांव के लोगों तथा ससुरालीजनों की सहमति पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# गरीब रथ से कटकर छात्र की मौत

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** गरीब रथ सुपर फास्ट ट्रेन से कटकर एलएलबी छात्र की मौत हो गई। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर गुरुवार रात आठ बजे दिल्ली से रांची जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन से औरैया के थाना अछल्दा क्षेत्र में गांव झीघुरिया इटैली में रहने वाले 25 साल के शिवम टकरा गया, जिसका शव खंभा नंबर 1134/6 के निकट पड़ा मिला। मृतक के चाचा शिक्षक महेश चंद यादव ने बताया उसका भतीजा शिवम एलएलबी का छात्र था, मृतक दो भाई तीन बहनों में सबसे छोटा था। मौत की खबर सुनते ही मां मुन्नी देवी, पिता महेरवान सिंह, बड़े भाई हरिओम सिंह सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

शिवम।

# पिकअप और कार में हुई टक्कर

संवाददाता भरथना इटावा

- कार सवार चार बाराती हुए घायल, इलाज जारी

**अमृत विचार।** ऊसराहार भरथना मार्ग पर कल्पना नगर में एक मैरिज होम के पास दूध से भरी पिकअप ने बारातियों की कार में पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें कार में सवार चार बाराती बुरी तरह से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल भिजवाया गया।

थाना फफूंद के गांव उजेतीपुर के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार अपने ममेरे भाई की बारात में अपने पिता, भाई, जीजा और मामा के साथ कार से उपरोक्त मोहल्ला में मैरिज होम पहुंचा। कार को रोड किनारे खड़ी करने के बाद सभी लोग कार से उतर रहे थे तभी दूध के कंटेनरों से भरी पिकअप लोडर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें उसके पिता प्रधान व छोटा भाई धीरेंद्र प्रताप सिंह, जीजा उदय प्रताप सिंह तथा मामा अनिल कुमार बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को अन्य बारातियों व पुलिस के सहयोग से भरथना चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर गम्भीर घायल पिता और जीजा उदय प्रताप को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना को अंजाम देने वाली पिकअप को पुलिस थाना ले गई।

# सात घंटे नहीं आयेगी बिजली

**इटावा।** 24 फरवरी को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक के फीडर न. 4 पर आरडीएसएस योजनान्तर्गत अनुरक्षण संबंधी कार्य के कारण विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक से संबंधित मोहल्ला वैशालीपुरम की विद्युत आपूर्ति सात घंटे तक बंद रहेगी।

जेई विनयशील ने बताया कि शनिवार की सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक इस क्षेत्र की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

# डीएम और एसएसपी होंगे सम्मानित

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के जनपद में संचालित होने वाले कार्यक्रमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात नियमों को आम जनमानस में जागरुकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस जागरुकता से एवं यातायात नियमों के पालन करने से जनपद में सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या में वर्ष 2022 के सापेक्ष 17.2 फीसदी की कमी हुई। जनपद इटावा का स्थान प्रदेश में द्वितीय रहा। दिनांक 27 फरवरी को डीएम एवं एसएसपी को सम्मानित किया जायेगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सहसारपुर विकास खण्ड सैंफई–इटावा**

पत्रांक: मेमो/निविदा विज्ञप्ति–ग्रा0पं0अ0/2023–24 दिनांक: 22.02.2024

**अल्पकालीन निर्माण सामग्री आपूर्ति विज्ञप्ति**

ग्राम पंचायत सहसारपुर विकास खण्ड सैंफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु वि0ख0 सैंफई–इटावा के पंजीकृत सप्लायर/कॉन्ट्रैक्टरों से निविदायें/ टेण्डर दिनांक 23.02.2024 से 26.02.2024 समय 2:00 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 27.02.2024 को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 3:30 पर खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.02.2024 से 26.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में प्रातः 10:30 से 1:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं। आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से संम्बधित नियम /नियमों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | योजना | कार्य का विवरण | अनुमानित सामग्री लागत | धरोहर धनराशि (2%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | मनरेगा | ग्राम पंचायत सहसारपुर में नरोत्तम के घर से जबर सिंह के घर तक इण्टर लॉकिंग निर्माण कार्य। | 595569 | 11912 | 200 |

ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत सहसारपुर विकास खण्ड सैफई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मनगाँव विकास खण्ड सैफई–इटावा।**

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत मनगाँव/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांक: 23.02.2024

**निविदा सूचना**

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत मनगाँव सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत मनगाँव विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 24.02.2024 से 28.02.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 28.02.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.02.2024 से 28.02.2024 तक ग्राम पंचायत मनगाँव सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम नगला मंगली में मनोज के घर से सूबे के घर तक सीसी नाली निर्माण कार्य | 15वां वित्त 9वां वित्त | 372409.78 | 7448.18 | 300 |
| 2 | नगला सिंह में सीसी से अमृत सिंह के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 15वां वित्त 9वां वित्त | 146349.02 | 2926.98 | 300 |
| 3 | मड़ा की शीशी से रामसेवक के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 15वां वित्त 9वां वित्त | 137674.16 | 2753.48 | 300 |
| 4 | मड़ा की सीसी से टिल्लू के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 15वां वित्त 9वां वित्त | 192447.95 | 3848.94 | 300 |
| 5 | नगला ईश्वरी में पक्की सड़क से सतीश के घर होते हुए रामफल के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 15वां वित्त 9वां वित्त | 419431.67 | 8388.62 | 300 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत मनगाँव कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01– अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/टेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान ग्राम पंचायत मनगाँव, विकास खण्ड सैफई (इटावा) सचिव

**तैयारी** जुलाई में रामनगर फ्लाईओवर से स्कूल जाएंगे बच्चे, इस योजना से आम लोगों को होगी सुविधा

# एक साल में शहर के हर घर तक पहुंचे पीएनजी : सांसद

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा है कि घर घर गैस पहुंचाने का काम तेजी से किया जाए और एक साल के अंदर शहर के सभी घरों में पीएनजी पहुंच जाए। टोरंटो पीएनजी गैस के ड्राइव की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना आम लोगों के लिए काफी फायदेमंद और सुविधाजनक है।

यहां गायत्री पार्क में इस ड्राइव का उद्घाटन करते हुए सांसद डॉ.. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि पहले बड़े शहरों में यह सुविधा मिलती थी लेकिन अब इटावा में भी लोगों के घरों तक रसोई गैस पहुंचने लगी है इससे सिलेंडर आदि के झंझटों से छुटकारा मिल जाएगा। उन्होंने पीएनजी के कर्मचारियों से कहा कि एक साल में हर घर में पीएनजी पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि पीएनजी एलपीजी से सस्ती पड़ती है और आसानी से सुलभ होती है।

सांसद ने इटावा लोकसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि रामनगर फाटक पर फ्लाई ओवर बनाना बहुत जरूरी था।

सपा नेताओं के आवास लाइन के इस पार है और कई बार सरकार रहने के बाद भी सपा ने यह काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब यह कार्य तेजी से चल रहा है और जुलाई तक पूरा हो जाएगा। जुलाई में स्कूल खुलने पर बच्चे इसी फ्लाईओवर से स्कूल जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लाइनपार से जलभराव की समस्या का निदान भी कराया जाएगा। इस मौके पर पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

टोरंटो के उपाध्यक्ष राम मनोहर ने सांसद का स्वागत किया। सभासद अतुल पचौरी, पूर्व सभासद राकेश पाल, वरिष्ठ नागरिक हरी नारायण चतुर्वेदी, रवीन्द्र गुप्ता, व्यापारी नेता आलोक दीक्षित,भाजपा नेता अंशुल दुबे, अरविन्द दीक्षित, अमित तिवारी मानू, सीपू चौधरी, नवल शुक्ला व टोंरटो के अधिकारी मौजूद रहे।

गायत्री पार्क के कार्यक्रम में भाग लेते सांसद डॉ. राम शंकर कठेरिया। अमृत विचार

### पूर्व सासंद ने की वर्तमान सांसद की तारीफ

**इटावा।** पीएनजी ड्राइव के उद्घाटन के मौके पर पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य ने सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया द्वारा कराए गए विकास कार्यो केलिए उनकी जमकर प्रशंसा की। श्री शाक्य ने कहा कि वे भी दो बार सांसद रहे हैं और उन्हे पता है कि बड़े काम कराने में कितनी कठिनाई होती है लेकिन डॉ. रामशंकर कठेरिया ने फ्लाईओवर बनवाने के साथ ही स्टेशन पर सीढ़िया, लिफ्ट लगवाई और कई ट्रेनों को इटावा के साथ ही भरथना और फफूद जैसे स्टेशनों पर भी ठहराव कराया।

# भाजपा सहकारिता कार्यकर्ता अपने बूथ मजबूत करें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय पर सहकारिता प्रकोष्ठ के विधानसभा संयोजकों और सह संयोजकों की आवश्यक बैठक हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कमजोर बूथों पर सहकारिता कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य जल्द से जल्द पूरा करने का आह्वान किया गया।

बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय उपभोक्ता भंडार इटावा एवं औरैया के चेयरमैन अभिनव दीक्षित ने की। बैठक का संचालन जिला संयोजक गोविंद शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय उपभोक्ता भंडार इटावा के डायरेक्टर नरेंद्र बरुआ,संजीव पांडे, सुबोध गुप्ता, रिचा मिश्रा, ध्रुव कठेरिया, निर्मल दुबे आदि उपस्थित रहे। बैठक में केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के चेयरमैन अभिनव दीक्षित ने अबकी बार 400 पार के लिए कमजोर बूथों पर पूरी रणनीति और मजबूती के साथ इटावा में बूथों को ए श्रेणी में लाने का सफल प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने बैठक में आगामी समय में संपन्न होने वाले महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा सहकारीजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया और सहकारीजनों की सूची भी जल्द से जल्द तैयार करने पर जोर दिया।

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक मे भाग लेते अभिवन दीक्षित व अन्य।

## एक नजर

### किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**फफूंद औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव से प्रवेश पत्र लेने गई किशोरी को बहला फुसलाकर एक युवक ले गया और उससे दुष्कर्म किया । थाना क्षेत्र के एक गांव से बुधवार को एक किशोरी अपने घर से दिबियापुर में स्थित विद्यालय में प्रवेश पत्र लेने के लिए गई थी। तभी रास्ते मे उसको प्रिन्स दोहरे उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित किशोरी जब उसके चंगुल से छुटी तो वह थाने पहुंची जहां पर उसने पूरी कहानी बताई पुलिस ने किशोरी का डॉक्टरी परीक्षण करवाकर युवक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक 25 को

**औरैया।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जनपद औरैया की मासिक बैठक माहेश्वरी गेस्ट हाउस फफूंद में दिनांक 25 फरवरी 2024 दिन रविवार दोपहर 12 :00 बजे से अपराहन 2 :00 तक होगी इस मासिक बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विष्णु दत्त शुक्ला करेंगे जिसमें संगठन के समस्त पदाधिकारियों का आना अनिवार्य है इसके अलावा जिले के सभी ब्राह्मण बंधु सादर आमंत्रित हैं बैठक में सभी ब्राह्मण बंधुओ से निवेदन है की अधिक से अधिक संख्या में आने को कहा है।

# अब साधारण किराए से कानपुर-इटावा जा सकेंगे यात्री

## सस्ता हुआ पैसेंजर ट्रेनों का किराया,यात्रियों को होगी सुविधा

संवाददाता कंचौसी औरैया

**अमृत विचार ।** कोविड के समय शुरू की गईं मेमू स्पेशल ट्रेनों का दर्जा अब हट चुका है। रेलवे ने एक्सप्रेस ट्रेनों में जनरल कोच भी बहाल करने के निर्देश दे दिए हैं। यात्री सुविधाओं में भी धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है। ऐसे में अब यात्रियों को फिर से पुराने किराए पर सुविधाओं के साथ सफर करने का मौका मिलेगा।

रेलवे ने कोरोना काल में ट्रेनों को स्पेशल दर्जा देते हुए 30 से 40 फीसद तक किराया बढ़ा दिया था। जनरल कोच में भी आरक्षण जरूरी होने पर टिकट के दाम में दोगुनी बढ़ोत्तरी हो गई थी।रेलवे ने सामान्य टिकट पर यात्रा की सुविधा बहाल कर दी है। इसके बाद से कंचौसी रेलवे स्टेशन से होकर जाने वाली चार जोड़ी मेमू ट्रेनों से भी स्पेशल का तमगा पूरी तरह से हट गया है। अब एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल कोच में पूर्व का किराया ही लिया जाएगा।इस जानकारी से यात्रियों में खुशी का माहौल है।

टिकट काउंटर का दृश्य । अमृत विचार

### मेमू ट्रेन से रोजाना सफर करने वाले यात्रियो को होगा फायदा

कंचौसी रेलवे स्टेशन से जनरल टिकट पर मेमू ट्रेन का किराया कम होने से सबसे बड़ा फायदा कानपुर , इटावा , टुंडला, पनकी धाम, रूरा, अछल्दा, भरथना, फिरोजाबाद, लखनऊ, उन्नाव आदि जगहों पर आने जाने वाले एक हज़ार से अधिक दैनिक यात्रियों को मिलेगा। दैनिक यात्री पहले मेमू ट्रेन से 45 रुपये में कानपुर जाते थे। इटावा के लिए 40 रूपए देने पड़ते थे।ऐसे में अब एक तरफ के किराए में ही यात्री कानपुर, इटावा से होकर वापस भी आ सकेंगे। पैसेंजर और मेमू ट्रेनों में 25से 30 रुपये ही देने होंगे। बुकिंग क्लर्क राहुल तिवारी ने बताया मेमू और पैसेंजर ट्रेनों के किराए को रेलवे ने कम कर दिया है। इस संबन्ध में स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया रेलवे कोविड में मेल एक्सप्रेस के किराए से मेमू ट्रेन मै सफर करने वाले यात्रियो को राहत दी, अब यात्री मेमू ट्रेनों में साधारण किराए पर सफर कर सकेंगे।

# आठ घंटे देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची फरक्का एक्सप्रेस

संवाददाता कंचौसी,औरैया

**अमृत विचार।** कोहरे खत्म होने और सर्दी का अन्तिम दौर होने के बावजूद भी एक्सप्रेस ट्रेनें लेट हो रही है। शुक्रवार को फरक्का एक्सप्रेस 8 घंटे देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची।वहीं सबसे अधिक परेशानी दूर दराज से ट्रेन पकड़ने आए यात्रियों को हुई।

फरक्का एक्सप्रेस सुबह अपने निर्धारित समय सुबह 4 बजे के बजाय 8 घंटे की देरी से रेलवे स्टेशन पहुंची।वही दिल्ली , गजियाबाद, फिरोजाबाद, इटावा और कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, उन्नाव, अयोध्या धाम, बनारस, आजमगढ़ , सुल्तानपुर, बनारस, जौनपुर सिटी, लखनऊ ,जफराबाद रेलवे मार्ग पर ट्रेनें लेट होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों के लेट होने के चलते यात्री बसों और अन्य प्राइवेट वाहनों का सहारा लें रहे हैं।भटिंडा से मालदा टाउन जाने वाली फरक्का एक्सप्रेस 8 घंटे की देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची। इसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे आधिकारी ट्रेनें लेट होने के कारण से बचते नजर आए।अयोध्या धाम , बनारस, लखनऊ, जौनपुर, सुल्तानपुर,जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियो का कहना है कि आए दिन ट्रेनों के देरी से पहुंचने के कारण परेशानी हो रही है। यात्रियों को ट्रेनों के समय की एडवांस सूचना भी दी जानी चाहिए। वही चण्डीगढ़ से प्रायगराज जाने वाली ऊंचाहार एक्सप्रेस अपने समय से डेढ़ घंटे की देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची, यात्री कानपुर, उन्नाव, फतेहपुर, प्रयागराज जाने वाले यात्री परेशान हुए।इस संबध में स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया ट्रेनें लेट चल रही जिसकी जानकारी यात्रियों को माइक से अनाउंस करके समय समय पर दी जा रही है।

कंचौसी स्टेशन पर खड़ी फरक्का एक्सप्रेस । अमृत विचार

## राष्ट्रीय सेमिनार 24 और 25 को

**अजीतमल औरैया।** जनता महाविद्यालय अजीतमल औरैया में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर एवं जनता महाविद्यालय अजीतमल औरैया के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 24 एवं 25 फरवरी को वातावरणीय सुरक्षा में विज्ञान व मानविकी का योगदान विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे,मंत्री उत्तम कुमार दुबे पूर्व कुलपति डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के प्रो अरविंद दीक्षित, जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य प्रो राजेश किशोर त्रिपाठी चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय, सैफई के प्राचार्य प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा विषय वक्ता के रूप में तिलक महाविद्यालय औरैया के प्राचार्य प्रो रवि कुमार, केंद्रीय विश्वविद्यालय इलाहाबाद के प्रो एस के मल्होत्रा, प्रो कृष्ण कुमार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से प्रो पूनम मल्होत्रा एवं डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा से प्रो रईस कुमार आदि मौजूद रहेंगे।

# बच्चों से दूर किया परीक्षा का तनाव

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से परीक्षा के डर और तनाव को समाप्त करने के लिए प्रत्येक वर्ष "परीक्षा पर चर्चा" का कार्यक्रम करते हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार को गेल डी.ए.वी. मॉडल स्कूल में "परीक्षा पर चर्चा" कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा के कारण छात्रों में होने वाले तनाव को कम करना तथा छात्रों के बीच परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक नजरिया विकसित करना था। इस कार्यक्रम में कई छात्र-छात्राओं ने अपने प्रश्न व दुविधाएं शिक्षिकाओं को बताई, जिनका शिक्षिकाओं ने उचित मार्गदर्शन करते हुए निवारण किया। शिक्षिकाओं ने दैनिक जीवन से जुड़े कई उदाहरणों के द्वारा छात्र-छात्राओं तक अपनी बात पहुँचाई, उन्होंने बच्चों को बताया कि कैसे वे परीक्षा के दौरान अपने तनाव को कम करें तथा अपने शरीर को स्वस्थ रखें। अंत में प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने बच्चों को बताया कि छात्र-छात्राओं और शिक्षकों-शिक्षिकाओं के बीच एक सकारात्मक रिश्ता होना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षिका डॉली खान, संध्या थपलियाल,पवन तिवारी, अतियां मारूफ, अदिति शर्मा, प्रज्ञा तिवारी,नीलिमा राठौर, राधा मिश्रा,नितशी अज़ीम रहे।

परीक्षा पर चर्चा करते प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर एवं शिक्षिकाएं । अमृत विचार

## छात्राओं को बताये आत्मरक्षा के गुर

**अछल्दा,औरैया।** शासन ने बालिकाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से शारीरिक व मानसिक रूप से आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। ताकि बालिकाएं किसी भी विषम परिस्थितियों में बिना विचलित हुए उसका सामना कर सकें। अटैक इज द बेस्ट फार्म ऑफ सेल्फ डिफेंस के मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए आत्म रक्षा प्रशिक्षण की कार्य योजना तैयार कर अनुदेशक अध्यापकों को बालिकाओं को प्रशिक्षण देने को कहा गया है। अछल्दा के विकासखंड में बने कंपोजिट विद्यालय नल्हुपुर मे अनुदेशक अध्यापक पुष्पेंद्र कुमार द्वारा लगभग 20 बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।

# कृषक भ्रमण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संवाददाता कंचौसी औरैया

- सब मिशन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनाअंतर्गत हुआ भ्रमण कार्यक्रम

**अमृत विचार।** भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन्स में हरित क्रान्ति - कृषोन्नति योजना के अन्तर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (SMAE) को सम्मिलित किया गया है, जिसके अन्तर्गत इस वर्ष के कार्यक्रमों के अनन्तिम लक्ष्य आपको पूर्व में उपलब्ध हो चुके हैं।

तदनुसार आपके द्वारा उन लक्ष्यों की पूर्ति की जा रही जनपद स्तरीय कृषक भ्रमण कार्यक्रम आज ग्राम जमौली में आयोजित किया गया। जिला से आए हुए सभी किसान भाइयों को जगत जैविक प्राकृतिक फॉर्म जमौली पर किसानों को जैविक से होने वाले लाभों के बारे में बताया की जो आज के समय में कैंसर शुगर जैसी बहुत घातक बीमारियां फैल रही हैं उन बीमारियों से निजात के लिए यदि हमारे अन्नदाता किसान भाई जैविक की तरफ मूव कर जाएं और अपने खेत में जैविक से उपजाऊ हुआ अनाज खाएं तो उससे होने वाली बीमारियों से निजात मिल सके। कृषि अधिकारी भाग्यनगर निशांत चौबे,ग्रामीण लोगो में विनोद सुरेश कुशवाह,भूरे कुशवाह,दशरथ,राजेंद्र आदि रहे।

## सार-संक्षेप

अधबने नाले से सड़क पर भरा कीचड़। अमृत विचार

### कुदरकोट में अधूरे नाला निर्माण से जनता परेशान

**कुदरकोट औरैया।** कुदरकोट में अधूरे नाला निर्माण से जनता परेशान हो रही है। सड़क पर खुला पानी बह रहा है। जिससे आने जाने वाले वाहनों और पैदल चलने वाले राहगीरों और स्कूली बच्चों को तथा लोगों को घरों में जाने के लिए लकड़ी के पटेला आदि लगाकर घरों में जाना पड़ रहा है। जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई और ना ही अधूरे नाला का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। जिससे ग्रामीण जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में लोगों ने अपनी समस्या भाजपा सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य को समस्या बताई और नाला निर्माण पूर्ण कराए जाने के लिए गुहार लगाई तो उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारी से वार्ता कर समस्या का जल्द ही निराकरण कराया जाएगा।

ग्रामीणों के बीच भाजपाई। अमृत विचार

# गांव-गांव चलो अभियान के तहत लाभार्थियों से मिल रहे कार्यकर्ता

संवाददाता औरैया फफूंद

**अमृत विचार।** भाजपा का गांव चलो अभियान के तहत मंडल मुरादगंज के शक्ति केंद्र दसरौरा, केशमपुर ,पसईपुर में बूथ अध्यक्षों एवं ग्राम वासियों के साथ रहना हुआ जिसके अंतर्गत पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि आवंटित गांवों में जाकर लोगों से मिल रहे हैं तथा गांव में रात्रि विश्राम भी कर रहे हैं।

इस अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंकित रंजन त्रिपाठी ने गांव में कार्यकर्ताओं के साथ प्रवास किया और मतदाता सूची के माध्यम से पन्ना प्रमुखों का सत्यापन किया तथा जनता और लाभार्थियो से संवाद किया। तथा योजनाओं की जानकारी दी।

# मुसीबत में मित्र का साथ निभाना ही मित्रता का धर्म

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार ।** कस्बा सहार के मां भगवती पर्थेश्वरी देवी मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास सुबोधानंद जी महाराज ने सुदामा चरित और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। कथानक के अनुसार सुदामा जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। वह भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे।

गरीबी के बावजूद हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते थे। उनकी पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार-बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं। उनसे जाकर मिलो। शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के बार-बार कहने पर द्वारका पहुंचते हैं, और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राह्मण आया है तो श्रीकृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते हैं। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंहासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं।

अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते हैं। इसी के साथ कथा का विराम हो गया। अंत में परीक्षित जगदीश स्वरूप पाण्डेय ने अपनी पत्नी रमाकान्ति पाण्डेय के साथ आरती की जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

आरती करते परीक्षित एवं भगवत्प्रेमी। अमृत विचार

### कल होगा हवन यज्ञ

आयोजक जगदीश स्वरूप पाण्डेय (राजू) ने बताया कि 24 फरवरी दिन शनिवार को सुबह 9 बजे से हवन यज्ञ होगा और 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर विवेक पाण्डेय,श्री नारायण पाण्डेय,राकेश पांडेय,दिनेश पाण्डेय,हरिओम पाण्डेय मोनू पाण्डेय,नितिन पाण्डेय,रवि पाण्डेय,दीपक शर्मा,निक्सन सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्तजन मौजूद रहे।

सम्मानित करते ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी। अमृत विचार

### प्रदेश प्रभारी को किया सम्मानित

**औरैया फफूंद ।** शुक्रवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद औरैया उत्तर प्रदेश के प्रदेश और जिले के पदाधिकारियों ने प्रदेश प्रभारी कुलभूषण शुक्ला का सम्मान किया प्रदेश सचिव पंडित बृजकिशोर तिवारी एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ब्राह्मण सुशील कुमार दुबे तथा औरैया के जिला उपाध्यक्ष गिरीश तिवारी जिला कोषाध्यक्ष विवेक दीक्षित जिला सचिव धनंजय दुबे ने प्रदेश प्रभारी के बी शुक्ला को सपत्नीक भगवान परशुराम जी की पट्टिका डालकर स्मृति चिन्ह एवं भगवान परशुराम जी का फरसा भेंटकर सम्मानित किया प्रदेश प्रभारी के साथ प्रदेश और जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की प्रदेश प्रभारी ने सभी पदाधिकारी को उनके कार्य क्षेत्र बताते हुए संगठन को मजबूती देने के लिए दिशा निर्देश जारी किए।

**मिलेगी राहत** एलपीजी की तुलना में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) से उपभोक्ताओं को मिलेंगी तमाम तरह की सुविधाएं

# दिबियापुर से पीएनजी के राष्ट्रीय अभियान की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर नगर में इटावा लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रोफेसर राम शंकर कठेरिया ने सपा विधायक प्रदीप यादव, पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, अजीतमल ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय, अछल्दा ब्लाक प्रमुख शरद राना ,नगर पंचायत अध्यक्ष दिबियापुर राघव मिश्रा आदि ने शुक्रवार को नगर पंचायत भवन में हुए एक कार्यक्रम में पाइप नेचुरल गैस को बढ़ावा देने के लिए टोरेंट गैस द्वारा भारत सरकार की पहल के अंतर्गत पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के निर्देशनुसार, दिबियापुर नगर (औरैया ) में पाइप नेचुरल गैस के राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की। इटावा सांसद, पूर्व कृषि राज्यमंत्री, सपा विधायक, नगर पंचायत अध्यक्ष, अजीतमल एवं अछल्दा ब्लाक प्रमुख उपस्थित रहे।

मंचासीन सांसद, विधायक, पूर्व राज्यमंत्री, चेयरमैन व अन्य। अमृत विचार

पाइप नेचुरल गैस के इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य आम जनमानस में इसके लाभों के बारे में जागरूकता प्रदान करना और पाइप नेचुरल गैस कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। एलपीजी की तुलना में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) उपभोक्ताओं को कई विशिष्ट लाभ प्रदान करती है। पीएनजी सुरक्षित और विश्वसनीय है, न रसोई में एलपीजी सिलेंडर रखने के लिए स्थान की आवश्यकता, न एलपीजी सिलेंडर खत्म होने की चिंता और न बुकिंग और न सिलेंडर बदलने का झंझट है। पाइप नेचुरल गैस में एडवांस बुकिंग की जरूरत भी नहीं और उपभोक्ता उपयोग बाद द्विमासिक बिल भर सकते हैं। ये लाभ, पीएनजी को, उपभोक्ताओं के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाते हैं जोकि उपभोक्ताओं को सुविधा, सुरक्षा के साथ रसोई खर्च में बचत भी करती है। प्रो. डॉक्टर राम शंकर कठेरिया ने कहा पाइप नेचुरल गैस की सुविधा अब दिबियापुर नगर के नागरिकों के लिए उपलब्ध है। नगर में दो हजार से अधिक ग्राहक पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। नगर से सटे मुहाल विकासकुंज, ककराही, इंदिरानगर, लोहिया नगर, रामकृष्ण नगर, बाबू दयाराम नगर, अम्बेडकर नगर, नेहरू नगर, कृष्णा नगर, न्यू कृष्णा नगर, उपाध्याय नगर, संजय नगर आदि में 1500 से अधिक ग्राहक पहले से ही पीएनजी का उपयोग कर रहे हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के ऊर्जा संघटन मे प्राकृतिक गैस का अनुपात सन् 2030 6% से 15% तक बढ़ाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए पाइप नेचुरल गैस के उपयोग को बढ़ाना आवश्यक है । उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिन परिवारों ने अभी तक पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण नहीं कराया है वह जल्द से जल्द पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराए और पीएनजी से मिलने वाले लाभ उठाएं । उन्होंने नागरिकों से आगे बढ़ो, पीएनजी चुनो का आह्वान किया। इटावा सांसद प्रोफेसर राम शंकर कठेरिया ने टोरेंट गैस को दिबियापुर नगर में पीएनजी सप्लाई करने के लिए अपेक्षित गैस पाइपलाइन नेटवर्क और बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए सरकार की ओर से हर संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया। वही उन्होंने

टोरेंट गैस के उपाध्यक्ष जीवी राम मनोहर ने कहा टोरेंट गैस पाइपलाइन के सुरक्षित और विश्वसनीय नेटवर्क के माध्यम से दिबियापुर नगर, औरैया शहर के आवासीय घरों में, वाणिज्यिक संस्थानों और औद्योगिक इकाइयों में ग्राहकों को बचत के साथ-साथ, सुविधाजनक, निरंतर और सुरक्षित पाइप नेचुरल गैस की आपूर्ति कर रही है । आधुनिक समय में, रसोई घर में, पाइप नेचुरल गैस की निरंतर आपूर्ति एक अद्वितीय सुविधा है। श्री जीवी राममनोहर ने घरों में रसोइयों को जोड़ने के लिए बिछाया जाने वाले पाइपलाइन के नेटवर्क की अनुमति एव सहयोग के संदर्भ में दिबियापुर नगर के प्रशासन, चेयरमैन,सभासदों और उत्तर प्रदेश सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम के दौरान टोरेंट गैस के उपाध्यक्ष जीवी राममनोहर, जिला महामंत्री भाजपा कौशल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष चन्द्रकांती मिश्रा, शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजेश अग्निहोत्री, राजेश पांडेय, भगवती दुबे, जिला मीडिया प्रभारी भाजयुमो अमित तिवारी (रवि) वरिष्ठ लिपिक नगर पंचायत नरेंद्र सिंह राजावत, विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल, सभासद धर्मपाल सिंह सेंगर, राहुल दीक्षित, योगेंद्र प्रताप सिंह, इन्द्रपाल सिंह, राजेश कुमार, राजकुमार, इकरार खांन, राहुल अंबेडकर व कार्यक्रम का सफल संचालन कृष्ण कुमार के द्वारा किया गया।

उपस्थित जन समुदाय। अमृत विचार

**राष्ट्रीय पीएनजी अभियान द्वारा ग्राहकों को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए टोरेंट गैस ने कई आकर्षक ऑफर और छूट योजनाएं शुरू की हैं**

### ई एम आई स्कीम

- मुख्य योजनाओ में ग्राहक इसके लिए मात्र 590/- रु. में पंजीकरण करा सकते हैं। शेष सुरक्षा जमा राशि 6500/- रु. का भुगतान रुपये 500 की 13 द्विमासिक किस्तों में बिल के साथ किया जा सकता है।
- 1400 रुपये की छूट की नई स्कीम अब आपको Rs 7090/- रुपये का भुगतान करना होगा, ग्राहक केवल Rs 6090/- रुपये का भुगतान कर सकता है और पहले 2 बिलों में Rs 200 की छूट भी पाएं।
- अब अपने पड़ोसियों और दोस्तों को टोरेंट गैस पाइप्ड नेचुरल गैस के बारे में बताएं और लाभ पायें।

### पीएनजी के मुख्य लाभ

पीएनजी न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि पारंपरिक ईंधन पर कई बेजोड़ फायदे और मन की शांति भी प्रदान करता करती है।

- पीएनजी बेहद सुरक्षित है।
- उपयोग में आसान और सुविधाजनक
- रसोई गैस के खर्च में हमेशा बचत
- 24x7 पीएनजी आपूर्ति से गैस, रसोई में खत्म गैस होने के डर से छुट्टी
- पीएनजी में गैस चोरी का डर नहीं
- रसोई में सिलिंडर स्थान की कोई आवश्यकता नहीं है।

## एक नजर

### आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव 25 फरवरी को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। इस दिन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के भी शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही यात्रा राजधानी से रायबरेली, अमेठी, लखनऊ आदि जिलों से गुजर चुकी है। पूर्व में सपा प्रमुख के यात्रा में शामिल होने की चर्चा थी, पर वह शामिल नहीं हुए। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस व सपा के सीटों पर समझौता होने के बाद कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय उन्हें यात्रा का न्योता देने सपा मुख्यालय पहुंचे थे। सूत्रों ने बताया कि सपा प्रमुख ने 25 फरवरी को यात्रा में शामिल होने पर सहमति दी है।

# 100 प्रत्याशियों की जारी होगी भाजपा की पहली सूची

## लोकसभा चुनाव: मार्च के पहले सप्ताह में सूची जारी करने की तैयारी, प्रत्याशी चयन पर हो रहा मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहली सूची में प्रदेश में हारी हुई 14 लोस सीटों के प्रत्याशियों के होंगे नाम
- प्रत्याशियों को जनता तक पहुंचने का पूरा मौका देने का प्रयास कर रही भाजपा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इसमें 100 प्रत्याशियों के नाम शामिल होने की उम्मीद है। सूची में ज्यादातर वे सीटें होंगी, जिनमें भाजपा 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में हार गई थी। इसमें प्रदेश की 14 लोकसभा सीटें शामिल है।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी पहली सूची जारी कर सकती है। भाजपा की पहली सूची में करीब 100 प्रत्याशियों के नाम होने की भी बात कही जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश पर सबसे ज्यादा फोकस है। इसके अलावा कई प्रदेशों की हारी हुई सीटें शामिल हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर थे। उप्र में भी भाजपा के 14 प्रत्याशी पिछले लोकसभा चुनाव में हार गए थे। साथ ही 10 सीटों पर उनकी जात का अतंर भी कम था। ऐसी सीटों को लेकर भाजपा नेतृत्व ज्यादा सतर्क है। मिशन-80 साधने के लिए भाजपा इन सीटों पर प्रत्याशियों की पहले घोषणा कर उन्हें जनता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त मौका देना चाहता है, ताकि कोई कोर कसर न रहे।

**लोकसभा की 160 सीटों पर फोकस:** भाजपा लोकसभा चुनाव में पूरी शक्ति और क्षमता के साथ उतरने जा रही है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा ने लोकसभा की ऐसी करीब 160 सीट पहले से ही चयनित कर रखी है, जिनमें या तो भाजपा जीत नहीं पाई थी या फिर बहुत कम अंतर से चुनाव जीती थी। यहां पहले ही कलस्टर प्रभारी तैनात कर काम कर रही है।

### 10 लोकसभा सीटें जीतने में छूट गए थे पसीने

उप्र में सभी 80 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा को पिछली बार 10 लोकसभा सीटों पर जीत के लिए पसीने बहाने पड़े थे। इसमें मछलीशहर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बीपी सरोज को महज 181 वोटों से जीत मिली थी। जबकि मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर संजीव बालियान मात्र 6,526 वोटों से जीते। इसी तरह मेरठ लोकसभा सीट पर भी राजेंद्र अग्रवाल मात्र 4,729 वोटों से जीत पाए। सपा की गढ़ रही कन्नौज सीट पर भी पिछली बार भाजपा के सुब्रत पाठक ने डिंपल यादव को मात्र 12,353 वोटों से हराया था। चंदौली लोकसभा सीट पर महेंद्र नाथ पांडेय करीब 14 हजार वोट से जीते थे। सुल्तानपुर में मेनका गांधी भी महज 14,526 वोटों से जीत सकीं। बलिया में भी सिर्फ 15,519 वोटों से वीरेंद्र सिंह मस्त जीते। पश्चिम की बदायूं लोकसभा सीट पर संघमित्रा मौर्य को भी मात्र 18,454 वोटों से जीत हासिल हुई। बागपत सीट पर सत्य पाल सिंह भी मात्र 23,502 वोटों से जीत पाए थे। दूसरे स्थान पर रालोद के जयंत चौधरी थे, जो अब भाजपा गठबंधन के तहत यह लोकसभा सीट ले सकते हैं। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर पिछली बार भाजपा चंद्रसेन जौदान 28,781 वोटों से जीते थे। उनकी जीत का अहम फैक्टर था कि पिछली बार बागी होकर शिवपाल सिंह यादव ने ताल ठोकी थी, और 91869 वोट हासिल हुए थे। इस बार शिवपाल सपा के साथ हैं। ऐसे में भाजपा के लिए इस सीट पर जीत हासिल करना आसान नहीं होगा।

# विधान परिषद की खाली 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश विधान परिषद की खाली 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चार मार्च से मतदान शुरू होगा, जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इसी के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम घोषित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रत्याशियों के नाम-निर्देशन की अधिसूचना चार मार्च की जाएगी। इसी दिन से प्रत्याशी नामांकन शुरू कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 14 मार्च तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे।21 मार्च को पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह चार बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी।

### इनका कार्यकाल होगा समाप्त

भाजपा के डॉ. महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा, अशोक कटियार, अशोक धवन, बुक्कल नवाब, यशवंत, विजय बहादुर पाठक, -विद्यासागर सोनकर, डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, निर्मला पासवान, अपना दल केआशीष पटेल, सपा के नरेश उत्तम पटेल व बसपा के भीमराव अंबेडकर।

# छह का लैब टेस्ट, जारी किया तीन हजार उत्पादों का हलाल प्रमाण पत्र

## प्रमाण पत्र जारी करने वाली सात संस्थानों की कुंडली खंगाल रही एसटीएफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहम्मद मदनी और हलाल काउंसिल के पदाधिकारियों के खातों की जांच शुरू
- प्रमाण पत्र बांटने के नाम पर करोड़ों रुपये की हुई वसूली हजरतगंज में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** हलाल प्रमाण पत्र में एसटीएफ के हाथ कई अहम दस्तावेज हाथ लगे। इसमें हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया ने जिन 3000 उत्पादों को हलाल प्रमाण पत्र जारी किया था। उनमें से सिर्फ छह का ही लैब टेस्ट कराया गया था। इन जांच के साक्ष्य मिले है। बाकी अन्य उत्पादों जांच कराए जाने के प्रमाण नहीं मिले। प्रमाण पत्र बांटने के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली की गई। वहीं, कोर्ट दायर याचिका का जवाब भी तैयार किया जा रहा है।

स्पेशल टास्क फोर्स ने हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली करने के मामले में हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया, मुंबई के अध्यक्ष सहित चार पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ हजरतगंज थाने में पिछले साल नवंबर माह में केस दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में अध्यक्ष मौलाना हबीब युसुफ पटेल, उपाध्यक्ष मौलाना मुइदशीर सपाडिआ, जनरल सेक्रेटरी मो. ताहिर जाकिर हुसैन चौहान और ट्रेजरार मो. अनवर शामिल है।

**याचिका का तैयार किया जा रहा जवाब :** वहीं, हलाल मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। यह याचिका मदनी की करीबी वकीलों ने दायर की। इसका जवाब भी तैयार किया जा रहा है। एसटीएफ की टीम ने मुकदमे से संबंधित सारे दस्तावेज जुटा लिए है। कोर्ट में दायर याचिका के हर बिंदु पर जवाब विधि विशेषज्ञों के सहयोग से तैयार किए जा रहे हैं।

**हवाला कारोबार से कनेक्शन का संदेह:** एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक हलाल प्रमाण पत्र जारी करने का अवैध कारोबार हवाला से जुड़ने का संदेह गहराता जा रहा है। इसमें कई ऐसे लेन-देन सामने आये हैं। जो कोडवर्ड और पर्ची के जरिए किए गए हैं। एसटीएफ की टीम इस बारे में भी जांच कर रही है। अधिकारी के मुताबिक रुपये लेने के कई तरीके अपनाए गए। इसमें बैंक खातों में सिर्फ दिखावे की रकम मंगाई जाती थी। वहीं, कई एजेंसी व ट्रस्ट ने हवाला के जरिए भी रुपये वसूले हैं। इसका ब्योरा जुटाया जा रहा है।

**7-8 संस्थाओं का ब्योरा जुटा रही एसटीएफ :** हलाल प्रमाण पत्र मामले में पिछले साल नवंबर से ही एसटीएफ कई संस्थाओं का ब्योरा जुटा रही है। इसमें 7-8 एजेंसी व ट्रस्ट के नाम सामने आये। इनमें प्रमुख रूप से हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जमीयत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट और हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया प्रमुख है। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। एसटीएफ की टीम इन सभी संस्थाओं के खातों की डिटेल जुटा रही है।

### मदनी से छह घंटे हुई थी पूछताछ

चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने जमीयत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट के चीफ महमूद मदनी को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया। उनसे छह घंटे की पूछताछ की गई। इस दौरान हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में कई सवाल किए गए। एसटीएफ की टीम ने मदनी से खाते के बारे में भी जानकारी मांगी। मामले के विवेचक व एसटीएफ के विवेचना टीम अधिकारी के मुताबिक महमूद मदनी से दोबारा पूछताछ की जाएगी। इस मामले से संबंधित कई जरूरी दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं।

# भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति

## प्रधानमंत्री मोदी ने बीएचयू में सांसद संस्कृत प्रतियोगिता पुरस्कार समारोह को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के स्वतंत्रता भवन समागार में आयोजित सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति। भारत एक यात्रा है तो संस्कृत उस इतिहास यात्रा का प्रमुख अध्याय है। भारत विविधता में एकता की भूमि है तो संस्कृत उसका प्रमुख उर्वरक है।

प्रधानमंत्री ने बीएचयू में आयोजित समारोह में अपने उद्बोधन में कहा कि महामना के इस प्रांगण में सभी विद्वानों खासकर युवा विद्वानों के बीच आकर ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाने जैसा अनुभव हो रहा है। काशी समय से भी प्राचीन कही जाती है। इसकी पहचान को हमारी आधुनिक युवा पीढ़ी इतनी जिम्मेदारी से सशक्त कर रही है, ये दृश्य हृदय में संतोष भर देता है और ये विश्वास दिलाता है कि अमृत काल में आप सब देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

**विजेताओं और प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं :** प्रधानमंत्री ने काशी सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद ज्ञान प्रतियोगिता और सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को उनके परिश्रम और प्रतिभा के लिए बधाई दी। यहां उन्होंने दो बुकलेट भी विमोचित की जिसमें यहां हुए विकास के हर पड़ाव और संस्कृति का वर्णन किया गया है। इसके अलावा जितनी भी सांसद प्रतियोगिताएं काशी में आयोजित की गई हैं, उनपर भी छोटी छोटी पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, काशी विश्वनाथ न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र पांडेय, काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ त्रिपाठी, मंत्री दयाशंकर मिश्र ''दयालु'', रवींद्र जायसवाल, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### परिवारवादी पार्टियों ने प्रथम आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने से रोकने की कोशिश की : प्रधानमंत्री

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सीर गोवर्धनपुर स्थित गुरु रविदास जन्मस्थली मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद गुरु के 647वें प्रकाशपर्व समारोह को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा, देश को जाति के नाम पर उकसाने और लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलितों वंचितों के लिए हर योजना का विरोध करते हैं और जाति के नाम पर अपने परिवार के स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टी अपने परिवार के बाहर किसी दलित और आदिवासी को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते। देश में पहली आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने का किन किन लोगों ने विरोध किया था, ये हर कोई जानता है। ये सब वही परिवारवादी पार्टियां हैं, जिन्हें चुनाव के वक्त दलित की याद आने लगती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को जाति के नाम पर उकसाने और लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलितों वंचितों के लिए हर योजना का विरोध करते हैं और जाति के नाम पर अपने परिवार के स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं।

### प्रधानमंत्री के प्रयास से यूएई में बना पहला हिंदू मंदिर: योगी

लखनऊ/वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा व प्रयास से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहला हिंदू मंदिर बना है। बीते सप्ताह ही उसका लोकार्पण कर प्रधानमंत्री काशी में पधारे हैं। योगी ने कहा कि गुरुवार रात 11 बजे भी अपने संसदीय क्षेत्र काशी में रहकर प्रधानमंत्री को आप सभी ने विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए देखा होगा। रात्रि 11 बजे जब दुनिया सोती है, तब प्रधानमंत्री जगकर आपके हित में कार्य कर रहे थे। उक्त बातें योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित सांसद खेलकूद, सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण को संबोधित करते हुए कहीं।

# ... तो 10 जिलों ने ज्यादा डिलीट किए जॉब कार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** मनरेगा में किसी कारण शिफ्ट या मृत श्रमिकों के जॉब कार्ड 10 जिलों में सर्वाधिक डिलीट किए गए हैं। इसमें पारदर्शित बरती गई या नहीं इसका परीक्षण कराने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग द्वारा दिए गए हैं। जिलों में मनरेगा श्रमिकों के जॉब कार्ड डिलीट करने हैं। उनमें वह श्रमिक शामिल हैं जो कहीं शिफ्ट हो गए या फिर उनकी मृत्यु हो गई है। या फिर ग्राम पंचायत नगर में शामिल होने के कारण काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे प्रदेश में 56,01,146 जॉब कार्ड डिलीट किए गए हैं। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी, प्रयागराज, सीतापुर, बस्ती, हरदोई, आजमगढ़, गाजीपुर, बहराइच, जौनपुर व कुशी नगर ने कार्ड डिलीट किए हैं। इन जिलों में संख्या अधिक होने के कारण कार्रवाई उचित हुई या नहीं इसका परीक्षण कराया जाएगा। संयुक्त आयुक्त मनरेगा अनिल कुमार पांडेय ने सभी जिले से रिपोर्ट मांगी है।

# प्रदेश बनेगा मैन्युफैक्चरिंग, ईवी, टूरिज्म, एनर्जी और फॉर्मा का हब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दुनिया में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर प्रदेश मजबूत स्थिति में

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश विकास की नई गाथा लिखने जा रहा है। 10 लाख करोड़ से अधिक धनराशि की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं के भूमिपूजन से न सिर्फ विकास को गति मिलने जा रही है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी सुपर बूस्टअप मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था में अभी प्रदेश 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा है, इसमें और वृद्धि होगी और दूसरे स्थान पर स्थिति और मजबूत होगी।

जीबीसी-4 के बाद प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग, ईवी, फॉर्मा, एनर्जी, डाटा सेंटर, एमएसएमई, रिन्यूएबल एनर्जी, रीयर एस्टेट, वेस्ट मैनेजमेंट समेत अनेक सेक्टर्स में प्रदेश का दबदबा बढ़ने जा रहा है। सर्वाधिक 21 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में परियोजनाएं आने से प्रदेश इसका हब बनेगा।

इसके अतिरिक्त रिन्यूएबल एनर्जी में 13 प्रतिशत, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में 9 प्रतिशत, पावर में 8 प्रतिशत, फूड प्रॉसेसिंग में 6 प्रतिशत, रीयल एस्टेट में 6 प्रतिशत, एमएसएमई में 5 प्रतिशत, हॉस्पिटैलिटी एंड एंटरटेनमेंट में 3 प्रतिशत, वेस्ट मैनेजमेंट में 3 प्रतिशत और एजुकेशन में 3 प्रतिशत निवेश हुआ है। जाहिर है इन सभी सेक्टर में प्रदेश क्षमता बढ़ेगी, अधिक वर्कफोर्स लगेगा, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के विकास और इसकी अर्थव्यवस्था को होगा। इसके अतिरिक्त हेल्थकेयर, वुड बेस्ड इंडस्ट्रीज, डिस्टलरीज, डेयरी, कोऑपरेटिव्स, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, फॉर्मा एंड मेडिकल डिवाइस और एनीमल हस्बैंड्री जैसे सेक्टर में भी बड़े पैमाने पर निवेश अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होगा।

साथ ही प्रदेश अब जॉब क्रिएटर बन रहा है। सभी 75 जनपदों में निवेश से हर जनपद में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। 56 प्रतिशत कामगार आबादी वाला प्रदेश अब भारत के अर्थ शक्ति पुंज वाला प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है।

### पर्यटन से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

जीबीसी 4.0 के तहत पर्यटन स्थलों पर भी विकास परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। पर्यटन स्थलों पर विकास होने से यहां पर्यटकों का आमद बढ़ेगी, जिससे इन स्थलों की अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी और लोगों को रोजगार मिलेगा। उदाहरण के तौर पर अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक 60 से 65 लाख लोगों ने यहां दर्शन किए हैं। काशी और मथुरा-वृंदावन भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। प्रयागराज में अगले वर्ष लाखों-करोड़ों लोग महाकुंभ में स्नान करेंगे।

### रीढ़ बनेंगी एमएसएमई इकाईयां

जीबीसी 4.0 के ताजा आंकड़ों पर नजर डालें तो एमएसएमई के तहत 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं का भी शुभारंभ हुआ है। प्रदेश में अभी 96 लाख से अधिक एमएसएमई यूनिट हैं। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत के साथ अब इनका एक करोड़ के पार जाना सुनिश्चित है। प्रदेश सरकार ने एमएसएमई सेक्टर को समर्थन देने के लिए विभिन्न योजनाओं और अनुदानों की शुरुआत की है। इसी वजह से बड़ी संख्या में एमएसएमई को लेकर निवेश हो रहा है, जो प्रदेश के विकास में नया आयाम स्थापित करेगा।

## वर्ग पहेली-352

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।
5. डरावना, भयानक।
6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।
7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।
2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।
3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक़्क़ारख़ाना।
5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।



### वर्ग पहेली - 351 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | ■ | ■ | म | ■ | वी |
| मा | ■ | 4 वि | ल | स | न |
| ला | ■ | ■ | ता | ■ | ता |
| ■ | 5 सु | खा | स | न | ■ |
| ■ | दि | ■ | ■ | ■ | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | ■ | लू |

## सुडोकू -69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 17.59 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- गुरु रविदास जयंती। दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 22.20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करने का प्रयास करें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। आपको किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है।

**वृष** — आज मन में असमंजस जैसी स्थिति बन सकती है। स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही बिल्कुल न करें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। बच्चों के साथ आनंद का समय व्यतीत करेंगे।

**मिथुन** — आज धार्मिक और अध्यात्मिक चर्चाओं में रुचि ले सकते हैं। माता-पिता आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। सेहत की दृष्टि से दिन बहुत अच्छा है। इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**कर्क** — आज परिजनों के साथ मतभेद सामने आ सकते हैं। छोटी-मोटी दुर्घटना होने की आशंका है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत न करें। किसी बात को लेकर मन में तनाव रहेगा। क्रोध में आकर कुछ भी बोलने से बचें।

**सिंह** — आज फिर भी विवादित मुद्दों पर चर्चा से दूरी बनाकर रखना चाहिए। धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बना सकते हैं। संतान के लिए समय अच्छा रहेगा। घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। लोग आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होंगे।

**कन्या** — आज यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। दिनचर्या बहुत अच्छी नहीं रहेगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में जल्दबाजी न करें। कारोबार में कुछ व्यवहारिक चूक कर सकते हैं। जीवनसाथी से बहस हो सकती है।

**तुला** — आज व्यापार में सहयोगियों से परामर्श लेना हितकर होगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। कुछ महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।

**वृश्चिक** — आज धैर्यपूर्वक विचार करना बेहतर होगा। काम की अधिकता के कारण थकान हो सकती है। कुछ नजदीकी सहकर्मियों की कार्यशैली से आप नाखुश हो सकते हैं। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे।

**धनु** — आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी सहभागिता बढ़ने वाली है। यात्रा का आनंद उठाएंगे। घर में बड़ों की सलाह से काम करना बेहतर होगा। स्वास्थ्य से जुड़े कष्टों का निवारण होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — आज आर्थिक पक्ष कमजोर होगा। किसी से भी धन उधार लेन-देन न करें। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आपको भागदौड़ का सामना करना पड़ेगा। अवमानना झेलनी पड़ सकती है।

**कुंभ** — आज अपने निजी मामलों में दूसरों का हस्तक्षेप न करने दें। किसी उलझन से बाहर निकल सकते हैं। अपने दायित्वों को निर्वहन करना चाहिये। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। दांपत्य जीवन में प्रेम भावना और सामंजस्य भाव बढ़ेगा।

**मीन** — आज आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। विरोधियों को अच्छी तरह से परास्त कर पाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
खेल — सुबह : 10.00
शान — रात : 07.00

**SONY MAX**
परिनीता — सुबह : 09.21
हुड़दंग — शाम : 05.24

**SONY PIX**
एनाकोंड़ास — सुबह : 10.13
जर्नी 2 — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
गंगाजल — सुबह : 10.30
कहो ना...प्यार है — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
गब्बर इज बैक — सुबह : 09.36
देवदास — रात : 09.24

### आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू से उसकी पत्नी बोलीं, सुनो! तुम्हारा जिगरी दोस्त चंपू शादी करने जा रहा है और जिस लड़की से उसकी शादी होने वाली है, वह बिल्कुल घटिया है। तुम्हारे दोस्त का जीवन बरबाद हो जाएगा। चलो, चलकर उसे समझाएं। मैं नहीं जाऊंगा। मुझे कौन समझाने आया था? सोनू ने गुस्से से कहा।

प्लंबर- सर, नल ठीक हो गया लेबर चार्ज एक हजार रुपये
घर का मालिक इंजीनियर- अरे, दो घंटे की इतनी फीस तो मेरी भी नहीं है।
प्लम्बर-सर, जब मैं इंजीनियर था तो मेरी भी नहीं थी।

# दूसरे दिन कड़ी चौकसी के बीच परीक्षा संपन्न

## अधिकारियों एवं सचल दल ने जनपद के कॉलेज में किया निरीक्षण

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता औरैया

**80** छात्र और छात्राएं रहीं परीक्षा में अनुपस्थित

- सचल दल ने तमाम स्कूलों में जाकर किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** आज 23 फरवरी शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा-2024 में प्रथम पाली में हाईस्कूल की अरबी फारसी तथा इण्टरमीडिएट में नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा में पंजीकृत नागरिक शास्त्र विषय में 1133 में से 1053 छात्र उपस्थित व 80 अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल परीक्षा के अरबी विषय का 01 परीक्षार्थी पंजीकृत था वह अनुपस्थित रहा। द्वितीय पाली में कृषि शस्त्र विज्ञान प्रथम पेपर 157 में 146 उपस्थित 11 अनुपस्थित कृषि शस्त्र विज्ञान षष्टम पेपर में 102 पंजीकृत सभी उपस्थित रहे। सामान्य आधारिक विषय में 146 में से 139 उपस्थित 07 अनुपस्थित तथा हाईस्कूल विषय में संगीत गायन विषय में पंजीकृत 01 छात्र में से 01 उपस्थित रहा।

प्रातः कालीन पाली में जिला विद्यालय निरीक्षक औरैया द्वारा श्री रामसहाय इंटर कॉलेज पन्हर, तिलक इण्टर कालेज औरैया, नगर पालिका इंटर कॉलेज औरैया, चौधरी विशंभर सिंह भारती विद्यालय इंटर कॉलेज औरैया, चौधरी विशंभर सिंह बालिका इंटर कॉलेज भारती औरैया का निरीक्षण किया गया। द्वितीय पाली में वैदिक टै० एवं औरैया इंटर कॉलेज दिबियापुर, सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज दिबियापुर व सुंदर सिंह इंटर कॉलेज रामगढ औरैया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सचल दल प्रभारी प्राचार्य डॉयट अजीतमल औरैया द्वारा प्रातः कालीन पाली में राजकीय इण्टर कालेज अयाना, जनता इंटर कॉलेज बिरूहनी, एकलव्य इंटर कॉलेज बल्लापुर, सर्वोदय इंटर कॉलेज सांफर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। खण्ड शिक्षा अधिकारी औरैया द्वारा प्रातः कालीन सेंट सांईनाथ दिबियापुर वैदिक इंटर कॉलेज दिबियापुर, सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज दिबियापुर, स्वामी प्रेम शिवानंद इंटर कॉलेज दिबियापुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दिबियापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## महिला पत्रकार की बाइक चोरी का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

**ककोर, औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीएनजी पंप के सामने गिर्राज पैलेस में 27 जनवरी को महिला पत्रकार प्रतिभा निमंत्रण में आई थी। इस निमंत्रण में खाना खाने के बाद जब वह घर वापस जाने लगी। तो जाकर देखा कि उनकी बाइक गायब हो गई है। इसके बाद तुरंत ही पुलिस को सूचना दी गई।लगभग एक घंटे बाद पुलिस जब गिर्राज पैलेस पहुंची। तो वहां के कैमरे को खंगाला गया लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका। गिर्राज पैलेस के कुछ कैमरे सही रूप से काम नहीं कर रहे थे। वहीं पुलिस ने बाइक पता करने की कोशिश की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिबियापुर थाने में दिया। तो पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन 25 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक बाइक का कोई सुराग पुलिस नहीं लगा सकी। दिबियापुर थाने में पहुंचकर पत्रकार प्रतिभा ने जब थाना अध्यक्ष से बाइक के बारे में जानकारी चाही। तो थाना अध्यक्ष मुकेश बाबू चौहान ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

## पेट्रोल पंप से नकदी चोरी करने वाला हुआ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चालीस हजार पांच सौ पचास रुपये व कार हुई बरामद

**अमृत विचार।** बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक पेट्रोल पम्प से मोबिल आयल खरीदने के बहाने कार से आए दो लोगों ने मौका पाकर कैश बॉक्स से साढ़े 83 हजार रुपया चोरी कर लिए थे।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि मैनेजर के द्वारा मामला दर्ज कराने के बाद पुलिस ने रुपया चुराने वालों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा और रुपया चुराने वालों की पहचान की। गुरुवार की रात को थाना बसरेहर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान जानकारी मिली कि पेट्रोल पम्प के कैश बॉक्स से रुपयों को चोरी करने वाले अभियुक्त सैफई से लोहिया पुल की ओर आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना बसरेहर पुलिस टीम द्वारा कार के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसक पास से 40,550 रुपया बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम फकीर चंद्र उर्फ शिवा पुत्र करम चंद निवासी राम नगर फजलका पंजाब बताया। पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि यह पैसे मैंने व मेरे अन्य साथी अरूण और रिंकू ने मिलकर 12 फरवरी को बसरेहर स्थित पेट्रोल पम्प से चोरी किए थे। बाद में हम लोग गाड़ी से पंजाब चले गये थे।

## कुत्तों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को किया जख्मी

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के नगला दरयाय गांव में कुत्तों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को नोच कर घायल कर दिया। गांव के ही व्यक्ति नीलू कुमार ने मोर के घायल होने की सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर पहुंचे वन विभाग से दशरथ सिंह व पशु डॉक्टर देवेंद्र सिंह व 112 की पुलिस की मदद से घायल मोर का उपचार किया।

## सार-संक्षेप

मंगल गीत गाती महिलाएं। अमृत विचार

### हवन-पूजन व कन्या भोज के साथ मनाया स्थापना दिवस

**औरैया।** औरैया शहर से लगभग 8 किलोमीटर दूरी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति ग्राम-लुहियापुर में शुक्रवार को समिति के संस्थापक सेवानिवृत शिक्षक कैलाश नाथ गुप्ता की देखरेख में वार्षिक स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसके अंतर्गत आचार्य पंडित सत्य नारायण दीक्षित द्वारा मंत्रोंच्चार के साथ विधि विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया तथा बिहारी जी के मंदिर में मौजूद महिलाओं ने ढोलक की थाप पर राधा रानी के भजनों का गुणगान किया उसके उपरांत कन्या भोज तथा कमेटी के सदस्यों व ग्राम वासियों के हेतु भंडारे का आयोजन किया गया, श्री राधा कृष्ण मंदिर ग्राम-लुहियापुर कमेटी के अध्यक्ष आनन्द नाथ गुप्ता ने बताया कि स्थापना दिवस के अंतर्गत श्रद्धालु भक्तों गढ़मान्य बंधुओ माताओं बहनों व बच्चों का एक साथ समागम होता है जिससे लोगों के विचार व सुझाव के उपरांत सर्वसम्मति से कमेटी द्वारा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श करके उनको अंतिम रूप प्रदान करने में सहूलियत रहती है, कमेटी का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सर्व समाज की आर्थिक रूप से कमजोर बेटियों के विवाह में यथासंभव सहयोग व जरूरतमंद लोगों की मदद करना हैं। स्थापना दिवस समारोह में प्रमुख रूप से सेवानिवृत शिक्षक कैलाश नाथ गुप्ता, मनीष पुरवार (हीरु), कपिल गुप्ता, आनन्द गुप्ता (डाबर), राजीव पोरवाल (रानू), राम आसरे गुप्ता, आदित्य पोरवाल, राकेश गुप्ता बैंक वाले, धर्मेंद्र पोरवाल, मनोज आढ़ती, हिमांशु दुबे, सतीश पोरवाल आदि सैकड़ों श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

### फाटक न खुलने से लगा भीषण जाम

**अछल्दा, औरैया।** अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर शुक्रवार शाम रेलवे फाटक देर से खुलने के चलते लंबा जाम लग गया। क्रॉसिंग के दोनों तरफ जाम लगने से वाहनों की लंबी कतार लग गईं। जिसके चलते लगभग आधा घंटा लोगों को जाम से परेशानी झेलनी पड़ी।दिल्ली-हावड़ा रूट के अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर शाम 05:53 बजे गेट बंद हुआ। जिसके बाद लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर तक गेट नहीं खोला गया। इसके चलते अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।लगभग आधा घंटा फाटक बंद रहने के बाद गेट शाम 06:23 बजे खोला गया। गेट खुलते ही बड़े वाहनों के आगे बाइकों का काफिला निकल पड़ा। जिससे बड़े वाहन अपनी जगह से भी नहीं हिल सके। वहीं जाम के चलते पैदल निकल रहे राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।जाम की सूचना पर पहुचे सिविल थाना कांस्टेबल ने कड़ी मशक्कत से जाम को खुलवाया।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाला गया जेल

**अजीतमल औरैया।** अयाना थाना प्रभारी हेमंत कुमार ने टीम के साथ शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर हसुलिया चौराहे के पास से कानपुर देहात के शिवली थाना के गांव असदपुर बटुइया निवासी देवानंद को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित मुर्गी फार्म पर मजदूरी करता था। इस दौरान उसके संबंध उसी गांव की एक 16 वर्षीय किशोरी से हो गए। 10 फरवरी की रात को आरोपित किशोरी को बहला कर अपने साथ ले गया। मामले में किशोरी के पिता ने अज्ञात युवक के खिलाफ 11 फरवरी को मुकदमा दर्ज करवाया था। 19 फरवरी को मुरादगंज ओवरब्रिज के पास से किशोरी को बरामद किया गया। किशोरी द्वारा कोर्ट में करवाये गए बयान के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता बिधूना औरैया

**अमृत विचार।** शुक्रवार को नगर पंचायत के चंदरपुर वार्ड में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुणा सक्सेना मंडल अध्यक्ष सविता राजावत भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष वर्मा जिला मंत्री लाल सिंह सेंगर आदि की मौजूदगी में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं का प्रपत्र आदि देकर प्रचार प्रसार किया गया।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुणा सक्सेना ने कहा भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला समृद्धि योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री मातृ बंदन योजना, आदि के अलावा देश की संसद से लेकर विधानसभाओं में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सविता राजावत ने कहा भाजपा ने महिलाओं की शक्ति को पहिचान कर उनके कल्याण के लिए योजनाओं के माध्यम से सशक्तीकरण करने का प्रयास किया है।

## युवाओं को जोड़ेंगे भाजयुमो कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कार्यशाला में तैयार की गई कार्यक्रम की रणनीति

**अमृत विचार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में गांव चलो अभियान के अंतर्गत देशभर में युवा चौपाल आयोजित करने की रूपरेखा के सबंध में सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में कार्यशाला हुई। युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री सौरव भूषण शर्मा ने बताया कि युवा मोर्चा देश भर में भारत सरकार की उपलब्धियां बताने के लिए युवा चौपाल का आयोजन करने जा रहा है। युवा चौपाल के माध्यम से केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां जन जन तक पहुंचाने का कार्य युवा मोर्चा के कार्यकर्ता करेंगे।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष विवेक चौधरी संजू ने कहा कि आगामी 24 फरवरी से 5 मार्च तक प्रत्येक मंडल पर युवा चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से देश भर के युवाओं को भारतीय जनता पार्टी और मोदी जी की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करके भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने का आवाहन किया जाएगा। जनपद स्तरीय युवा चौपाल कार्यशाला में मुख्य रूप से क्षेत्रीय शोध विभाग प्रमुख अभिषेक मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री मोनू चौहान ने किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कुशल चौधरी, मृत्युंजय चौधरी, डंपी चौहान, सौरभ भदौरिया, बंटू चौहान, प्रीती दुबे, अंकित सैनी, सूरज चौधरी, श्रेयश मिश्रा, मीडिया प्रभारी अनुरुद्ध गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी गिर्राज चौधरी, तरुण रंजन गुप्ता, एकलव्य भदौरिया, मंडल अध्यक्ष सार्थक सक्सेना, अर्पित तिवारी सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते भाजयुमो जिला अध्यक्ष विवेक चौधरी संजू।

## भागवत के श्रवण से पुण्य में बदलते हैं पाप

**बिधूना औरैया।** शिव मंदिर भिखरा गढी पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्री वृंदावन धाम मथुरा के भगवताचार्य पंडित सुदीप कृष्णदेव जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मानव में ज्ञान वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं और व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर हर जगह विद्यमान है लेकिन वह हमें नजर नहीं आता है ऐसे में सभी को सदाचरण करना चाहिए किसी को भी अपमानित करने से बचना चाहिए क्योंकि जिसे अपमानित करोगे उसके अंदर बैठे भगवान का भी अपमान होगा। जिस दिन इस शरीर से ईश्वर चला जाएगा उसी दिन यह शरीर मिट्टी में मिल जाएगा। भागवत कथा सुनने के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही।

## व्यापारियों ने सांसद को ट्रेन ठहराव का दिया ज्ञापन

संवाददाता ककोर, औरैया

- व्यापारियों ने ट्रेन ठहराव को लेकर बताई पीड़ा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता पैराडाइज में अपने कमेटी के सदस्यों ने सांसद को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा कि नगर दिबियापुर का रेलवे स्टेशन फफूंद कानपुर इटावा के मध्य सर्वाधिक आय देने वाला स्टेशन है। उसके बावजूद भी आने जाने के लिए ट्रेनों का ठहराव नहीं है। इस स्टेशन से रोजाना हजारों यात्री आवागमन करते हैं। जबकि कोरोना कल से पहले जम्मू वैष्णो माता दर्शन के लिए मुरी, हरिद्वार के लिए लिंक एक्सप्रेस का ठहराव होता था। आज नगर दिबियापुर की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लिंक, मुरी,फरक्का एक्सप्रेस तथा ब्रम्हपुत्र का ठहराव सुनिश्चित कराया जाए। फरक्का एक्सप्रेस के ठहराव से जिले वासियों को अयोध्या धाम जाकर प्रभु श्री राम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा। जबकि पटना बिहार जाने के लिए कोई सीधी ट्रेन का ठहराव नहीं है। सांसद कठेरिया को दिए गए ज्ञापन में अन्य सुविधाओं की मांग की है। जिस पर सांसद ने कहा दिबियापुर में जल्दी ही अन्य ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके साथ ही अगले साल स्टेशन का नाम फफूंद से दिबियापुर करने का काम भी करा दिया जायेगा।

## खाद के गड्ढों पर अतिक्रमण, समस्या

**अजीतमल औरैया।** विकासखंड अजीतमल के ग्राम पंचायत ब्योरा नवलपुर में एक व्यक्ति ने गांव में खाद के गड्ढे की गाटा संख्या 428 जिसका क्षेत्रफल 0.0450 है० है और ग्राम पंचायत द्वारा छोड़ी गयी है। जिस पर गांव के ही निवासी ने कब्जा कर अपनी निजी गाटा संख्या 429 में मिलाकर खेत बना लिया है।

उस पर फसल बोकर पैदावारी कर रहे है। जिसकी शिकायत कई बार की गयी लेकिन कोई सुनवायी नही हो रही है। जिसका सबूत मौका पैमाईस रास्ते से स्थिति दक्षिण दिशा की गाटा संख्या 429 उत्तर दिशा की लम्बाई भू मानचित्र के मुताबिक 345 कड़ी मय खाद्य के गड्ढों सहित है लेकिन मौके पर आज भी 370 कड़ी पर लगभग कब्जा कर रखा है।

## शांति पूर्ण व निष्पक्ष चुनाव प्राथमिकता: शैलेंद्र प्रताप

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** नवागत क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र प्रताप गौतम ने कहा सर्किल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के साथ शांति पूर्ण व निष्पक्ष लोकसभा चुनाव कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। शराब तस्करी, साइबर अपराध के साथ ही थानों में फरियादियों की शिकायतें सुनी जाएं।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्राधिकारियों के कार्यकाल में फेरबदल किया था। सैफई सीओ नागेंद्र चौबे को चकरनगर का सीओ बनाया। जिले में अयोध्या से स्थानांतरण होकर आए नए सीओ शैलेंद्र प्रताप गौतम को सैफई सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी। शैलेंद्र प्रताप गौतम ने अपना कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने पर सीओ ऑफिस के स्टाप ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद सीओ ने सैफई सर्किल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों के साथ बैठक की। यहां उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में मरीज व उनके तीमारदार इलाज कराने के लिए आते हैं जिनसे लोग ठगी का कर लेते हैं ऐसी वारदातों को रोकने के लिए विशेष रूप से निगरानी की जाएगी।

सीओ।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **राहुल कुमार पुत्र बराती लाल, निवासी- ग्राम- कुंदेरामपुर अमौली, फतेहपुर** है।जिनका पॉलिसी संख्या- 2055 75134 जो की वास्तव में खो गया है यह पॉलिसी न हीं कहीं बंधक है और न ही किसी अन्य प्रकार से उपयोग में लाई गई है।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **फूलचन्द्र पुत्र रामप्रताप, निवासी- पूरे खैरी मजरे झकरासी थाना भदोखर जिला रायबरेली,** मेरा पुत्र उमेश शराबी किस्म का व्यक्ति है जो मेरा व मेरे परिवार में आये दिन लड़ाई-झगड़ा व मारपीट करता है किसी दिन कोई अप्रिय घटना न कारित कर दे इसलिए अपने पुत्र उमेश को अपने पारिवारिक जिम्मेदारी से मुक्त करता हूँ तथा अपनी चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ यदि कोई भी कानूनी व विधिक भूल उमेश करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

**सूचना**

मैं कलई पुत्र दूबर निवासी ग्राम सीयर कला पोस्ट तिघरा तहसील धनघटा जनपद संतकबीर नगर अपने चौथे पुत्र जुगुल के कृत्यों से आजिज आकर उसे आज दिनांक 6.2.2024 से अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज से उसके किसी भी कृत्य या लेन-देन का उत्तर दायित्व मेरा नहीं होगा।
**कलई पुत्र दूबर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र महताब कुछ गलत कृत्य करने वाले लोगों की संगत में आ गया है, जिससे उसका चाल-चलन बिगड़ गया है और वह मेरे कहने-सुनने में नहीं है। उसे मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। अपने किसी कृत्य के लिए वह खुद जिम्मेदार होगा। **-शब्बीर पुत्र हबीब निवासी-खतमसराय शंकरपुर, थाना छावनी जिला- बस्ती**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे हाईस्कूल वर्ष 2014 जिसका अनुक्रमांक 1646150 व इंटरमीडिएट वर्ष 2016 जिसका अनुक्रमांक 1234028 है के कागजात वास्तव में खो गए हैं। **कु0 किरन देवी पुत्री रामनरेश निवासिनी ग्राम जल्लापुर पोस्ट गौर तहसील भोगनीपुर जिला कानपुर देहात।**

**निविदा सूचना**

भारत सरकार से आच्छादित पी0एम0 श्री विद्यालय छितौनी रुपईडीह गोण्डा में बाल-वाटिका निर्माण कार्य के संबंध में इच्छुक फर्म जो विभागीय मानकानुसार संपूर्ण कार्य कर सकती हो दिनांक 28 फरवरी 2024 तक निविदा विद्यालय प्रबंधन समिति से प्राप्त करके उक्त तिथि तक जमा कर सकती हैं।
**विद्यालय प्रबंधन समिति**
**छितौनी रुपईडीह गोण्डा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मैकू पुत्र चांदिका, निवासी- ग्राम पचौरी, थाना मोहनलालगंज, जनपद लखनऊ** मेरा पुत्र दीवान चन्द्र नशेड़ी किस्म का व्यक्ति है जो आये दिन स्मैक दारू, शराब गांजा आदि पीता है और नशे में धुत होकर मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों को बुरी तरह से मारता पीटता है वह किसी भी समय मेरी जान ले सकता है। मै अपने पुत्र की यातनाओं से पूरी तरह से असंतुष्ट रहता हैं और अपनी जान बचाने हेतु इधर नाते रिश्तेदारों के यहाँ गुजर बसर कर रहा हैं। अपने पुत्र की यातनाओं से परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र दीवान चन्द्र को बेदखल कर रहा है।

**खेल के मैदान से** ब्राइटेंड एजुकेशनल में बच्चों ने खेलकूद में दिखाया दमखम, पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक सोच

# लेमन रेस में अनन्या और जलेबी रेस में नव्या ने मारी बाजी

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** ब्राइटेंड एजुकेशनल एकेडमी कोठी कैस्त पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्कूल के प्रबंधक रामधन धनगर ने हरी झंडी दिखाकर किया।

स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र धनगर ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ होते हैं। इस प्रतियोगिता में स्लो साइकिल रेस में राजदेव प्रथम, देव द्वतीय, इवाद खा तृतीय रहे। सेक रेस में अनुष्का प्रथम, नव्या द्वतीय, पलक तृतीय रही। जलेबी रेस में नव्या प्रथम, वेसनवी द्वतीय, रोशनी तृतीय रही। 50 मीटर दौड़ में कृतिका प्रथम, आराध्य द्वतीय, जागृति तृतीय रही। लेमन रेस में अनन्या प्रथम, लविश द्वतीय,तनवी तृतीय रही। खेलकूद का आयोजन शेलेन्द्र दुबे तथा सौदान सिंह ,आशा, लवली, कविता,काजल शाक्य,कीर्ति शर्मा, प्रियंका ने किया।

कार्यक्रम का संचालन अध्यापक अनुभव, आशीष ने किया। प्रधानाचार्य सुरेन्द धनगर ने विजेता बच्चो को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर सजाये चार्ट

- पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में लगी प्रदर्शनी

**इटावा।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान विषय के अलावा गणित, सामाजिक विज्ञान ,अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृति के भी चार्ट व मॉडल तैयार किए। यह कार्यक्रम कक्षा वार कराया गया। प्रत्येक कक्षा के छात्र-छात्राओं को मॉडल अथवा चार्ट बनाकर लाना था।आजादी का अमृत महोत्सव की थीम वाला यह कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत दिखा। छोटे-छोटे बच्चों ने चार्ट पेपर्स पर अपनी कल्पनाओं को साकार रूप प्रदान किया। बच्चों ने मॉडल बनाकर भविष्य के वैज्ञानिक होने की बात साबित की। इस कार्यक्रम का प्रारंभ कार्यक्रम के अतिथि प्रधानाचार्य चित्र इंटर कॉलेज डॉक्टर उमेश यादव ,आनंद मित्तल डायरेक्टर साइंस कॉन्सेप्ट क्लासेस ,पवन कुमार अध्यक्ष एच एन स्कूल एवं पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर शुरुआत की। डॉक्टर कैलाश यादव ने कहा कि बच्चे कक्षाओं में थ्योरी पढ़ते हैं किंतु मॉडल के माध्यम से वे इसको साकार रूप प्रदान करते हैं। जिससे विषय को समझने में एवं समझाने में आसानी होती है। आनंद मित्तल ने कहा कि कम समय में बच्चों के द्वारा तैयार किए गए मॉडल एवं चार्ट पेपर्स सराहनीय हैं। उमेश कुमार ने बच्चों के मॉडल को देखकर उन मॉडल पर आधारित प्रश्नों को कर बच्चों द्वारा दिए गए उत्तर की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं बच्चों को शुभाशीष दिया कि वह इसी तरह अपने जीवन में आगे बढ़ते रहें। पवन कुमार ने प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विगत 20-22 वर्षों में सैकड़ो बच्चों ने शिक्षा ग्रहण की है और वह आज समाज में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। विभिन्न जगह पर उच्च पदों पर आसीन है। तथा आज के बच्चे के बच्चे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें कैलाश सर के नेतृत्व में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला है।

कक्षा 2 ए, 3 ए, 7 सी को सर्वोत्तम कक्षा का पुरस्कार प्राप्त हुआ। चार्ट एवं मॉडल बनाने वाले बच्चों में निधि ,अदिति ,शशांक ,अनुष्का, चिराग, जैस्मिन आकाश, अविरल , रजनीश ,आशु ,तनु ,शिवानी, आयुष ,गोपी, अनामिका सहित तमाम बच्चों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र ने कहा कि इन सभी बच्चों को दिनांक 26 फरवरी को पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। उन्होंने बच्चों को शुभ आशीष देते हुए कहा कि वह जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति हेतु निरंतर समर्पित होकर के प्रयास करते रहे।

पानकुंवर स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते डॉ. कैलाश चंद्र यादव।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,142.80 | 22,212.70 |
| बढ़त | 15.44 | 4.75 |
| प्रतिशत में | 0.02 | 0.02 |



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

**अनाज**

| | |
|---|---|
| गेहूं दड़ा | 2525-2550 |
| आरआर .21 | 2700-2750 |
| गेहूं फारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |

**दलहन (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़द हरा | 10000-10200 |
| उड़द काला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |

**दाल (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| अरहर फूल | 14600-14800 |
| अरहर स्पेशल1 | 12100-12200 |
| चना दाल | 7100-7200 |
| मटर दाल | 5000-5100 |
| मसूर दाल | 7000-7050 |
| उड़द दाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूंग दाल | 8800-10300 |
| मूंग धोवा | 9800-11500 |

**चावल (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं1. | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं2. | 6500-7500 |

**आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)**

| | |
|---|---|
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |

**चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)**

| | |
|---|---|
| शाह पसंद | 1430-1475 |
| धनिया | 6000-13000 |
| लाल मिर्च | 28000-34000 |
| जीरा | 58000-62000 |
| अजवाइन | 20000-28000। |

# मोदी पर गूगल एआई टूल की प्रतिक्रिया आईटी नियमों का उल्लंघन: केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने लगाए आरोप

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जैमिनी की प्रतिक्रिया अपराध संहिता के कई प्रावधानों के साथ ही आईटी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

मंत्री ने इस संबंध में एक पत्रकार के विशिष्ट एकाउंट द्वारा उठाए गए मुद्दे का संज्ञान लिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गूगल जैमिनी की, मोदी संबंधी एक सवाल पर प्रतिक्रिया पूर्वाग्रह से ग्रस्त थी, जबकि यही सवाल जब

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बारे में किया गया तो उसने स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, 'ये आईटी अधिनियम के मध्यस्थ नियमों (आईटी नियमों) के नियम 3(1) (बी) का प्रत्यक्ष उल्लंघन और आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का उल्लंघन हैं।' मंत्री ने आगे की कार्रवाई के संकेत के साथ पोस्ट को गूगल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को प्रेषित किया है।

पत्रकार ने एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें गूगल जैमिनी से मोदी के बारे में एक सवाल किया गया था। जवाब में, जैमिनी ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अशोभनीय टिप्पणियां कीं, लेकिन जब ट्रम्प और जेलेंस्की के बारे में वही प्रश्न पूछा गया तो उसने सीधा जवाब नहीं दिया।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल एक यूजर ने गूगल के एआई चैटटूल जेमिनी से पूछा था कि क्या नरेंद्र मोदी फासीवादी हैं? इस सवाल के जवाब में जेमिनी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं और भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। उन पर ऐसी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया गया है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे फासीवादी बताया है। ये आरोप कई पहलुओं पर आधारित हैं। इसमें भाजपा की हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा भी शामिल है।'

## अब तीन दिन में मिलेगा बिजली का नया कनेक्शन

**नई दिल्ली।** सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए कनेक्शन लेने और छतों पर लगने वाली सौर इकाइयों के लिए नियम सरल बनाए हैं। इसके तहत नए बिजली कनेक्शन अब महानगरीय क्षेत्रों में तीन दिन, नगरपालिका क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन में मिलेंगे। बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने इससे संबंधित बिजली (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने कहा कि संशोधनों के बाद छत पर सौर बिजली इकाई लगाने की प्रक्रिया भी सरल हो गई है। साथ ही इसमें बहुमंजिला फ्लैटों में रहने वाले लोगों को भी कनेक्शन का प्रकार चुनने का अधिकार दिया गया है। आवासीय सोसाइटी में सामान्य क्षेत्रों और बैक-अप जनरेटर के लिए अलग-अलग बिलिंग सुनिश्चित की गई है।

## रवींद्रन को बायजू के निदेशक मंडल से हटाने का प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के बहुलांश शेयरधारकों ने शुक्रवार को लोकप्रिय तकनीकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' को लेकर संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के लिए मतदान किया, लेकिन बायजू मंच का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने इस मतदान को 'अमान्य' बताते हुए इसे नकार दिया। कंपनी के निदेशक मंडल में फिलहाल रवींद्रन, उनकी पत्नी एवं सह-संस्थापक दिव्या गोकुलनाथ और उनके भाई रिजु रवींद्रन शामिल हैं।

कंपनी के छह निवेशकों ने रवींद्रन एवं उनके परिजनों के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए असाधारण आम बैठक बुलाई थी, लेकिन अंत में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले शेयरधारकों ने बैठक में लाए गए प्रस्तावों के पक्ष में मत दिए। लेकिन कंपनी ने इस बैठक में सिर्फ 20 प्रतिशत शेयरधारकों के ही शामिल होने और उनके पास सामूहिक रूप से 47 प्रतिशत हिस्सेदारी होने का दावा किया। रवींद्रन और उनका परिवार ईजीएम को 'प्रक्रियात्मक रूप से अमान्य' बताते हुए इससे दूर रहा। भले ही ईजीएम में रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के पक्ष में मतदान हुआ है, लेकिन इस बैठक का नतीजा 13 मार्च तक लागू नहीं होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,400-47,600 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 712 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

## रिजर्व बैंक ने पेटीएम हैंडल पर यूपीआई करने वालों को दी राहत

मुंबई, एजेंसी

- बैंक ने एनपीसीआई को भुगतान के मामले में कदम उठाने का कहा

रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के जरिये बैंक और वॉलेट सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कुछ अतिरिक्त कदम उठाए। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई भुगतान के लिए पेटीएम हैंडल (@पेटीएम) का उपयोग कर रहे पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों के चार-पांच अन्य बैंकों से जुड़ने की संभावना पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से गौर करने के लिए कहा है। इस पहल का मकसद भुगतान व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा को रोकना है।

आरबीआई ने पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 मार्च, 2024 के बाद अपने ग्राहक खातों और वॉलेट में धन लेने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की वेबसाइट के अनुसार उसके 30 करोड़ वॉलेट और तीन करोड़ बैंक ग्राहक हैं। एनपीसीआई भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों के संचालन के लिए एक केंद्रीय संगठन है।

## मारुत ड्रोन को मिला धान की सीधी बुवाई उपकरण के लिए पेटेंट

**नई दिल्ली।** तेलंगाना स्थित मारुत ड्रोन को अपने 'मल्टी-नोजल बीज वितरण उपकरण' के लिए पेटेंट मिला है। इस ड्रोन की मदद से धान की सीधी बुवाई की जा सकती है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह पेटेंट अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के तहत 20 वर्षों के लिए दिया गया दुनिया का पहला जनकेंद्रित पेटेंट है। यह पेटेंट मारुत के सीधे बीज बोने वाले चावल ड्रोन को मान्यता देता है। इसे प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय (पीजेटीएसएयू) के सहयोग से विकसित किया गया है। इसमें एक मल्टी-नोजल बीज वितरण उपकरण शामिल है।

## मटर को टक्कर देगी सोयाबीन की खास किस्म

इंदौर, एजेंसी

- इंदौर के भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित की विशेष किस्म

भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) के वैज्ञानिकों ने करीब सात साल के अनुसंधान के बाद सोयाबीन की ऐसी खास किस्म विकसित की है, जिसे हरी मटर के दानों की तरह सब्जी के तौर पर खाया जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रोटीन से भरपूर यह किस्म देश में कुपोषण घटाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है।

'एनआरसी 188' नाम की इस किस्म को विकसित करने वाले दो सदस्यीय अनुसंधान दल में शामिल प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विनीत कुमार

ने बताया, 'सोयाबीन की इस किस्म की हरी फली के दानों में सुक्रोज (शक्कर का एक स्वरूप) होने से इसमें थोड़ी मिठास होती है। यह खूबी सोयाबीन की अन्य किस्मों में नहीं पाई जाती।' उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' किस्म की हरी फली के दानों को नमक के पानी में उबालकर सब्जी की तरह इसका उपयोग किया जा सकता है।

कुमार के मुताबिक, हरी मटर की तुलना में सोयाबीन की इस किस्म के दानों में तीन से चार गुना ज्यादा प्रोटीन होता है। उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' की फलियों को सब्जी की तरह बेचकर सोयाबीन उत्पादक किसान मोटी कमाई कर सकते हैं। इसके अलावा इसकी फलियों के दानों को उचित पैकेजिंग के साथ फ्रिज में जमाकर निर्यात भी किया जा सकता है। कुमार ने बताया कि मध्य भारत में खरीफ सत्र के दौरान 'एनआरसी 188' की खेती की सिफारिश की गई है।

# राष्ट्रीय

## संदेशखालि: भीड़ ने शाहजहां की संपत्तियों में लगाई आग

### पश्चिम बंगाल के इस अशांत क्षेत्र में शुक्रवार को फिर हुए प्रदर्शन, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में अशांत संदेशखालि के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को फिर से विरोध प्रदर्शन हुए। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दोषियों के प्रति पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ प्रदर्शन करने के अलावा शाहजहां शेख समेत आरोपी तृणमूल नेताओं की संपत्ति में आग लगा दी।

पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने संदेशखालि के झूपखाली क्षेत्र में पुलिस वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए सड़कों पर लट्ठे लगाकर उनमें आग लगा दी। तनाव का यह दूसरा दिन है और तृणमूल कांग्रेस के

नेताओं पर हमलों तथा उनके घरों में लूटपाट किए जाने की खबरें हैं। लाठी-डंडों से लैस प्रदर्शनकारियों ने संदेशखालि के बेलमाजुर इलाके में मछली पकड़ने के एक यार्ड के पास छप्पर वाले ढांचे को आग लगा दी और फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख एवं उसके भाई सिराज के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया।

इस संबंध में एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया। यही कारण है कि हम अपनी जमीन और सम्मान वापस पाने के लिए सबकुछ कर रहे हैं।' बाद में पुलिस इलाके में दाखिल हुई और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। पुलिस महानिदेशक कुमार दोपहर बाद अशांत क्षेत्र में पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की। पुलिस ने जब आगजनी और संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले ग्रामीणों को पकड़ने के प्रयास शुरू किए तो फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा रहीं महिलाएं सड़कों पर उतर आईं। उन्होंने प्रदर्शन किया और यहां तक कि पकड़े गए लोगों को ले जाने से पुलिस को रोकने के लिए वाहनों के सामने लेट गईं।

संदेशखालि में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जबरन जमीन हड़पने तथा वर्षों तक उनका यौन उत्पीड़न करते रहने का आरोप लगाया है, जिसके बाद से यह जगह सुर्खियों में है।

### शाहजहां के सहयोगियों के आवासों पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** ईडी ने धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख से जुड़े कारोबारियों के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडी ने हावड़ा, विजयगढ़ और बिराती सहित शहर में और उसके आसपास के पांच अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारी ने कहा, 'यह छापेमारी शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी करके जमीन हड़पने के एक पुराने मामले से संबंधित है। ये लोग शाहजहां के साथ मछली के कारोबार में शामिल थे। हम कुछ विशिष्ट दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं।'

### संदेशखालि पहुंची एनएचआरसी की टीम

**कोलकाता।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की एक टीम शुक्रवार को संदेशखालि पहुंची और महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों में तथ्य जुटाने के लिए ग्रामीणों से बात की। एनएचआरसी ने कहा कि उसने प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर हिंसा के संबंध में चार सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा है।

## महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 'गोपनीय' सूचना मीडिया में कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा, '(याचिका) खारिज की जाती है।'

मोइत्रा ने जारी जांच के सिलसिले में 'कोई भी गोपनीय, संवेदनशील, सूचना मीडिया को लीक करने से' ईडी को रोकने के लिए एक निर्देश जारी करने का अदालत से अनुरोध किया था। उन्होंने कई मीडिया संस्थानों को ईडी द्वारा की जा रही जांच/कार्यवाही के सिलसिले में कोई भी सूचना लीक/प्रकाशित करने या प्रसारण करने से रोकने के लिए भी निर्देश देने का अनुरोध किया था।

## भाजपा एजेंसियों के जरिए चंदा वसूल रही: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयराम रमेश ने कहा- 30 कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये का चंदा मिला

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि जांच एजेंसियों के माध्यम से 30 कंपनियों को धमकी देकर और 'ब्लैकमेल' करके 335 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिलवाया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर 'हफ्ता वसूली सरकार' होने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच जरूरी है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या सरकार इस मामले पर 'श्वेत पत्र' लाने, बिंदुवार स्पष्टीकरण देने और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच के लिए तैयार है? जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, 'हफ्ता वसूली और ब्लैकमेल की राजनीति हो रही है। ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। निजी कंपनियों से चंदा लेने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया है।' उन्होंने दावा किया, 'वर्ष 2018-19 से 2022-2023 में 30 कंपनियों से 335 करोड़ रुपये वसूले गए।'

रमेश ने आरोप लगाया कि यह 'हफ्ता वसूली सरकार' है। उनके मुताबिक, इन 30 कंपनियों में से 23 कंपनियों ने वर्ष 2018 से पहले भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया था।

## एक नजर

### नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में दो की हत्या की

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो आम नागरिकों की हत्या कर दी। चिंतागुफा पुलिस सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बस्तर संभाग के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। ग्रामीणों के नाम सोड़ी हूंगा और माड़वी नंदा हैं। दोनों कहेर दुल्लेड़ गांव के निवासी थे। इसके साथ ही दो अन्य ग्रामीणों को भी नक्सलियों ने सजा देने की चेतावनी दी है। सूत्रों ने बताया कि नक्सली वर्चस्व वाले इलाकों के गांवों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थपित होने से नक्सली बौखला गए हैं और आम नागरिकों को लक्ष्य बना रहे हैं।

### बैंक लूटने आए बदमाशों ने कैशियर को मारी गोली

**जयपुर।** जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में दो बदमाशों ने शुक्रवार सुबह पीएनबी की ब्रांच में लूट की कोशिश की और इस दौरान उन्होंने बैंक के कैशियर को गोली मार दी। कैशियर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैसे ही बैंक खुला दो नकाबपोश बदमाश घुस गए और और नकदी लूटने का प्रयास किया। बैंक कैशियर नरेंद्र सिंह वहां आ गए तो एक ने उन पर गोली चला दी।

## बीआरएस विधायक नंदिता की सड़क हादसे में मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधायक जी. लस्या नंदिता की शुक्रवार सुबह संगारेड्डी जिले के पाटनचेरू में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नंदिता (36) जिस कार में यात्रा कर रही थीं, वह सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर आउटर रिंग रोड पर सड़क किनारे लगे धातु के अवरोधक से टकरा गई, जिसके चलते दुर्घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## गुजरात: नौका से 350 करोड़ की हेरोइन जब्त

**गांधीनगर।** गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ अभियान में 350 करोड़ का ड्रग्स जब्त करने में एक और बड़ी सफलता मिली है। संघवी ने एक्स पर पोस्ट में शुक्रवार को कहा है कि गुजरात पुलिस ने वेरावल बंदरगाह के नलिया गोली किनारे पर छापा मारकर नौका से 350 करोड़ रुपये के हेरोइन ड्रग्स के 50 किलो सीलबंद पैकेट जब्त किए हैं। ऑपरेशन को एसओजी एवं एनडीपीएस की टीम ने संयुक्त रूप से सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए इस ऑपरेशन के तहत नौ लोगों को पकड़ लिया है और कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा है कि गुजरात पुलिस की सतर्कता से ड्रग्स के खिलाफ का यह बहुत बड़ा अभियान सफलता की नई मंजिल की ओर बढ़ रहा है।

## होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**हावड़ा/कोलकाता।** भाजपा के एक स्थानीय नेता और 10 अन्य लोगों को हावड़ा जिले के एक होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय भाजपा नेता सब्यसाची घोष और उनके 10 सहयोगियों को संकरेल इलाके के एक होटल पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस छापेमारी के दौरान कथित तौर पर भाजपा नेता द्वारा संचालित होटल से कई लड़कियों और महिलाओं को बचाया गया।

## पालम एयरपोर्ट से फर्जी विंग कमांडर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** खुद को भारतीय वायुसेना का विंग कमांडर बताकर दिल्ली छावनी क्षेत्र स्थित पालम वायुसेना स्टेशन में प्रवेश करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया विनायक चड्ढा नाम का आरोपी अपने पिता का इलाज वायुसेना स्टेशन के डेंटल अस्पताल में कराना चाहता था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने बताया कि पुलिस को घटना के बारे में सूचना बुधवार को दी गई। उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति खुद को विंग कमांडर बताकर थिमैया मार्ग स्थित वायुसेना के डेंटल अस्पताल में दाखिल हुआ। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पहचान के तौर पर उसने जाली दस्तावेज का इस्तेमाल किया और सुरक्षा के पहले घेरे को पार कर लिया, लेकिन बाद में वायुसेना के सुरक्षा कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया।

## कांग्रेस को उम्मीद: आप व तृणमूल के साथ जल्द हो जाएगा गठबंधन

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के साथ सीट बंटवारे की घोषणा के बाद कांग्रेस को उम्मीद है कि आम आदमी पार्टी (आप) और तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। पार्टी सूत्रों का कहना है कि आप के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है तथा तृणमूल कांग्रेस के साथ बातचीत जारी है।

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस और आप दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में सीटों के तालमेल पर सहमत हैं, लेकिन गुजरात की भरूच सीट को लेकर पेंच फंसा है, क्योंकि दिवंगत अहमद पटेल के कारण पार्टी के लोगों की 'भरूच से भावना' जुड़ी है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में उत्तर मध्य दिल्ली लोकसभा सीट को लेकर पेंच फंसा है, लेकिन इसका समाधान जल्द निकाल लिया जाएगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि राहुल गांधी भरूच सीट आप को दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'भरूच से भावना जुड़ी है। हमें उम्मीद है कि बहुत जल्द इस मामले का समाधान हो जाएगा और कांग्रेस एवं आप के बीच सीट बंटवारे की घोषणा हो जाएगी।' उधर, कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे दिवंगत अहमद पटेल के पुत्र फैसल पटेल ने भरूच सीट आप के खाते में नहीं जाने का फैसला होने का संकेत दिया।

## जदयू नेता नरेंद्र नारायण यादव बिहार विस के उपाध्यक्ष चुने गए

**पटना।** जनता दल यूनाइडेट (जद यू) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव शुक्रवार को बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यादव को सदन का उपाध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। इस पद पर अपनी नियुक्ति के बाद विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा, 'मुझे यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं मुख्यमंत्री और अन्य राजग नेताओं का आभारी हूं। मैं समझता हूं कि जिस पद के लिए मुझे चुना गया है, उसका महत्व है। मैं सदन के सभी विधायकों को आश्वस्त करता हूं कि मैं अपना संवैधानिक कर्तव्य निभाते हुए निष्पक्ष रहूंगा।'

## विशेष योजनाएं लागू करने के निर्देश नहीं दे सकतीं अदालतें

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सरकार के नीतिगत मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार के नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है और अदालतें राज्यों को इस आधार पर किसी विशेष नीति या योजना को लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती हैं कि बेहतर, निष्पक्ष या समझदार विकल्प उपलब्ध है। भूख-कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की अपील करने वाली एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की।

शीर्ष न्यायालय ने यह कहते हुए मामले में कोई भी निर्देश पारित

करने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य कल्याणकारी योजनाएं केंद्र और राज्यों द्वारा लागू की जा रही हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि नीति की विवेकशीलता या सुदृढ़ता के बजाय नीति की वैधता न्यायिक समीक्षा का विषय होगी। पीठ ने कहा, "यह सर्वविदित है कि नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। अदालतें किसी नीति की शुद्धता, उपयुक्तता या औचित्य की जांच नहीं करती हैं और न ही कर सकती हैं, न ही अदालतें उन नीतिगत मामलों में कार्यपालिका की सलाहकार हैं जिन्हें बनाने का कार्यपालिका को अधिकार है। अदालतें राज्यों को किसी विशेष नीति या योजना को इस आधार पर लागू करने का निर्देश नहीं दे सकतीं कि एक बेहतर, पारदर्शी या तार्किक विकल्प उपलब्ध है।"

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर है कि वह वैकल्पिक कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें। पीठ ने कहा, "जब खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'अधिकार आधारित दृष्टिकोण' के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू है और जब लोगों को गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए किफायती मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन की पहुंच सुनिश्चित करने के वास्ते उक्त अधिनियम के तहत अन्य कल्याणकारी योजनाएं भी भारत संघ और राज्यों द्वारा बनाई और कार्यान्वित की गई हैं, तो हम उस संबंध में कोई और दिशा देने का प्रस्ताव नहीं करते।"

## एक नजर

### चीनः बांध के निर्माण को लेकर बौद्ध भिक्षुओं का विरोध प्रदर्शन

**बीजिंग।** चीन अक्सर अपने आक्रामक रुख के लिए सुर्खियों में रहता है। आए दिन चीन अपने पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद को लेकर बवाल खड़ा करता रहा है। अब चीन के सुरक्षा अधिकारी अपने ही देश के भीतर उठ रही विरोध की आवाज को कुचलने का काम कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में एक विशाल बांध के निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन को दबाने के लिए चीन के सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बौद्ध भिक्षुओं और स्थानीय लोगों को गिरफ्तार किया है। तमाम प्रदर्शनकारियों का मानना है कि अगर यहां बांध का निर्माण होता है, तो जल क्षेत्र में छह बौद्ध मठ डूब जाएंगे और दो गांवों को विस्थापित होना पड़ेगा।

### तरनतारन में बीएसएफ ने बरामद की आधा किलो हेरोइन

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के तरनतारन जिले से लगभग 519 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को एक विशेष जानकारी के बाद तरनतारन जिले के गांव डल में बीएसएफ जवानों और पंजाब पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। प्रवक्ता ने कहा कि अभियान के दौरान, सैनिकों ने संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट सफलतापूर्वक बरामद किया। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप से लपेटा गया था और लोहे के तार से बांधा गया था। यह बरामदगी तरनतारन जिले के गांव डल के नजदीक डीसीबी रोड पर लोहे के पुल के पास हुई।

### पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाला पत्रकार गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाले पत्रकार पर कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। टीवी एंकर और यूट्यूबर इमरान रियाज खान को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रियाज खान का कहना है कि उन्हें झूठे केस में गिरफ्तार किया गया है। वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक हैं। पंजाब की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था की ओर से कहा गया है कि इमरान रियाज खान और उनके पिता पर चकवाल में धाराबी झील से संबंधित एक अनुबंध को अधिक कीमत पर हासिल करने का आरोप है।

### अमेरिकी उप विदेश मंत्री भारतीय अधिकारियों से मिले, मुद्दों पर चर्चा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने नई दिल्ली में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इसका उद्देश्य दोनों देशों की वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के साथ ही सुरक्षित हिंद प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना था। अमेरिकी विदेश विभाग में रिचर्ड वर्मा सर्वोच्च पद पर आसीन भारतीय अमेरिकी हैं। वह भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत भी रह चुके हैं। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को कहा कि रिचर्ड वर्मा ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश सचिव विनय मोहन क्वत्रा आदि से मुलाकात की। बैठक के दौरान स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका-भारत सहयोग मजबूत पर चर्चा हुई।

# आदित्य-एल1: पेलोड ने दी सूर्य से आने वाले सौर वायु प्रभाव की जानकारी

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 पर लगे पेलोड के उन्नत सेंसरों ने कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के प्रभाव का सफलतापूर्वक पता लगा लिया है। इसरो के एक बयान में कहा गया है, 15 दिसंबर, 2023 को सीएमई, एक एकल घटना थी। इस अवधि के दौरान पीएपीए अवलोकनों ने कुल इलेक्ट्रॉन और आयन गणना में अचानक वृद्धि देखी गई।"

इसरो के अनुसार, पेलोड के उन्नत सेंसर एक ऊर्जा और द्रव्यमान विश्लेषक है जिसे कम ऊर्जा सीमा में सौर पवन इलेक्ट्रॉनों और आयनों के इन-सीटू माप के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें दो सेंसर हैं: सौर पवन इलेक्ट्रॉन ऊर्जा जांच और सौर पवन आयन संरचना विश्लेषक शामिल है। एकत्र किए गए डेटा से कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) से 15 दिसंबर, 2023 और 10-11 फरवरी, 2024 के दौरान हुई घटनाओं की घटना का पता चला है। बता दें, पेलोड के



उन्नत सेंसरों को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/इसरो की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला और एवियोनिक्स इकाई द्वारा विकसित किया गया है। इसरो के बयान में कहा गया है कि पीएपीए द्वारा की गई जानकारियां अंतरिक्ष मौसम की स्थिति की निगरानी में इसकी प्रभावशीलता और सौर घटनाओं का पता लगाने और विश्लेषण करने की क्षमता पर जोर देते हैं। गौरतलब है कि, पीएसएलवी-सी57 रॉकेट द्वारा आदित्य-एल1 को 2 सितंबर को इसरो द्वारा सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष यान सूर्य का अध्ययन करने के लिए सात पेलोड ले गया है।

# गाजा में 90 फीसदी लोग भुखमरी के शिकार

*राफा/तेल अवीव। मिस्र की सीमा से सटे राफा शहर में 14 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। यहां रहने वाले अधिकांश लोग वो हैं, जो उत्तर गाजा में इजराइली सेना के हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाई से बचने के लिए बेघर होने के बाद यहां पहुंचे हैं। दुनियाभर से मिलने वाली राहत में कटौती के बाद यहां रहने वाले 90 फीसदी लोग भूखमरी का सामना कर रहे हैं। हर रोज हजारों परिवारों के बच्चों और महिलाओं को पेट भर खाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इजराइली हमलों के बाद यहां गिनी-चुनी बेकरी बच्ची है, जहां खाने के लिए हंगामा सामान्य है। गाजा में चल रही जंग के चलते 23 लाख की आबादी वाले गाजा के 80 फीसदी लोग बेघर हो गए हैं।*

### रमजान से पहले सभी बंधक रिहा करे हमासः इजराइल



इजराइल की युद्ध कैबिनेट में शामिल बेनी गेंज ने चेतावनी दी है कि अगर रमजान से (संभवतः 10 मार्च) से पहले हमास ने सभी बंधकों को रिहा नहीं किया तो राफा में इजराइली सेना कार्रवाई शुरू कर देगी। बेनी गेंज को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का करीबी माना जाता है। वहीं, अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल प्रशासन ने फैसला किया है कि रमजान के दौरान फिलिस्तीनी लोगों को अल अक्सा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसे लेकर तनाव बढ़ गया है।

### अब तक कितने लोगों की हुई मौत

गाजा में मरने वाले लोगों की संख्या 29 हजार के पार हो गई है। हमास के कब्जे वाले स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि पिछले 24 घंटे में 107 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ 7 अक्टूबर से अब तक मरने वालों का आंकड़ा 29,092 हो गया है। वहीं, 69 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। मृतकों और घायलों में आधे से ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। वहीं, इजराइल में हमास के हमले में 1200 लोगों की मौत हुई है, जबकि 250 लोगों को बंधक बना लिया गया है। इनमें से 130 से ज्यादा लोग अभी भी हमास के कब्जे में हैं।

# जबरन रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती विदेश मंत्रालय बोला-जंग से दूर रहें युवा

## रणधीर ने कहा- युवाओं को वापस लाने के लिए रूस के संपर्क में भारत सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग में जबरन रूसी सेना में भारतीय युवाओं को भर्ती किए जाने पर विदेश मंत्रालय का जवाब आया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीयों से अपील की है जंग से दूर रहें, और सावधान रहें।

रूस में फंसे भारतीयों के मामले में विदेश मंत्रालय ने मदद का भरोसा दिलाया है। सरकार ने कहा है कि रूसी सेना के साथ सपोर्ट स्टाफ के रूप में काम कर रहे लोगों को सुरक्षित भारत लाने का प्रयास किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार रूसी सेना में सहायक कर्मचारियों के रूप में कार्यरत भारतीयों को जल्द मुक्त कराने के लिए मॉस्को से लगातार संपर्क में बनी हुई है। भारत ने अपने नागरिकों से कहा है कि रूस के साथ जारी युद्ध के कारण हिंसाग्रस्त इलाकों में जाने से बचें।

विदेश मंत्रालय का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई कि कुछ भारतीय युद्धग्रस्त इलाकों में रूसी सेना के सहायक के रूप में काम कर रहे हैं।

जायसवाल ने कहा, सरकार इस बात से अवगत है कि कुछ भारतीय रूसी सेना में सहायक पदों पर नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मॉस्को में भारतीय दूतावास नियमित रूप से इस मामले पर संबंधित रूसी अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयों की शीघ्र वापसी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### रूसी सेना की तरफ से लड़ रहे 100 से ज्यादा भारतीय

रूस की सेना की तरफ से 100 से ज्यादा भारतीय युद्ध लड़ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया है कि पिछले एक साल के दौरान सौ से ज्यादा लोगों को मॉस्को स्थित भर्ती केंद्र से भर्ती किया गया था। रिपोर्ट में सामने आया है कि रूसी सेना के साथ लड़ने वाले अधिकांश भारतीय युद्ध शुरू होने के बाद टूरिस्ट वीजा पर रूस गए थे। साथ ही, वास्तव में रूस की सेना में शामिल होने वाले भारतीयों की संख्या और अधिक हो सकती है क्योंकि यह आंकड़ा सिर्फ मॉस्को का है। देश के कई हिस्सों में भी रूसी सेना के रिक्रूटमेंट सेंटर हैं। उन्होंने कहा है कि इन लोगों को रूसी सेना में भर्ती किए जाने से पहले कोई पैसा नहीं लिया गया था। रूसी सेना का कॉन्ट्रेक्ट एक साल का है और किसी भी व्यक्ति को 6 माह से पहले न तो छुट्टी मिलती है और न ही वह सेना छोड़

सकता है। सेना में शामिल होने वाले भारतीय युवाओं को 1.95 लाख रुपये मासिक वेतन और 50 हजार से अतिरिक्त बेनिफीट का प्रावधान है। हेल्पर के रूप में भर्ती होने के बाद कहां तैनात किया जाएगा, यह फैसला कमांड लेती है। उन्हें युद्ध के मोर्चे या फिर पोर्टर का काम करने के लिए कहा जा सकता है।

### शादी को अवैध करार देने के फैसले को इमरान बुशरा ने दी चुनौती

**इस्लामाबाद।** कई मामलों में जेल की सजा काट रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने शुक्रवार को पाकिस्तान के अलग-अलग निचली अदालत में गैर इस्लामिक शादी मामले में फैसले को चुनौती दी है।

दरअसल, इस मामले में दोनों को सात साल की जेल की सजा हुई थी और कोर्ट ने उनकी निकाह को भी अवैध घोषित किया था। इस महीने की शुरुआत में, पिछले साल नवंबर में बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मेनका द्वारा दायर एक मामले में इस महीने की शुरुआत में सुनवाई हुई। इस दौरान एक ट्रायल कोर्ट ने इमरान और पत्नी बुशरा बीबी को 'इद्दत' के दौरान शादी का अनुबंध करने के लिए सात साल की जेल की सजा सुनाई गई और प्रत्येक पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। मीडिया के मुताबिक, जिला एवं सत्र अदालत शुक्रवार को अपील पर सुनवाई करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बुशरा बीबी ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद करने की मांग करते हुए अपने वकीलों के माध्यम से अदालत में अपील दायर की।

# सरोगेसी कानून शीर्ष कोर्ट के सवाल के बाद हुआ संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के सवाल उठाने के बाद सरोगेसी नियमों में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है, जिसके बाद यदि पति-पत्नी में से कोई चिकित्सीय समस्या से पीड़ित है तो उन्हें दाता के अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग करने की अनुमति होगी। बता दें, केंद्र सरकार ने हाल ही में किराए की कोख यानी सरोगेसी से जुड़े कुछ नियमों में बड़ा बदलाव किया है।

इन नियमों के बदलाव से देश के लाखों ऐसे दंपती को भी राहत मिलेगी, जो अपने घर में किलकारी सुनना चाहते हैं। सरोगेसी कानून के तहत, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अब तक बने कानून के अनुसार स्पर्म और एग सेल्स पति-पत्नी का ही होना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार ने इन नियम में अब संशोधन कर दिया है। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत की एक पीठ ने पिछले साल दिसंबर में दो दर्जन से अधिक याचिकाकर्ताओं को सरोगेसी के जरिए मां बनने के लिए दाता अंडे (एग) का इस्तेमाल करने की अनुमति देते हुए कहा था कि इस तरह के नियमों से सरोगेसी का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले के नियमों में संशोधन किया है, जिसमें कहा गया था कि सरोगेसी से गुजरने वाले जोड़ों के पास इच्छुक जोड़े से दोनों युग्मक होने चाहिए। जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि कई महिलाओं द्वारा शिकायतों के बावजूद निर्णय क्यों नहीं लिया जा रहा है।

- अब पीड़ित दंपती को अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग को होगी अनुमति

### यौन इच्छा नियंत्रण की सलाह वाली टिप्पणी पर शीर्ष कोर्ट करेगा सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह दो मई को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले से जुड़े मामले में सुनवाई करेगा जिसमें न्यायाधीशों ने लड़कियों को यौन इच्छाओं पर नियंत्रण' करने की सलाह दी थी। शीर्ष अदालत इस संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर अपील पर भी उसी दिन सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कथित यौन उत्पीड़न के एक मामले में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों पर संज्ञान लिया था।

## सड़कों पर उतरे हजारों लोग...

**ब्रातिस्लावा :** यूरोपीय देश स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में हजारों लोग अभिव्यक्ति की आजादी के लिए सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन किया। करीब 55 लाख की आबादी वाले स्लोवाकिया में हर साल 21 मार्च को 'फॉर डिसेंट स्लोवाकिया' रैली का आयोजन होता है। सरकार विरोधी प्रदर्शनों की लहर के बीच एक खोजी पत्रकार और उसकी मंगेतर की हत्या की छठी बरसी मनाने के लिए स्लोवाकिया के दर्जनों शहरों और कस्बों में हजारों लोगों ने रैली निकाली। बता दें, 21 फरवरी 2018 को वेल्का मैका शहर में 27 वर्षीय जान कुसियाक और मार्टिना कुशनिरोवा की उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ● एजेंसी

# भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता हैः मुरलीधरन

रियो दि जेनेरियो (ब्राजील), एजेंसी

दुनियाभर में संघर्ष के बीच भारत ने ब्राजील में जी-20 मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक ढंग से संबोधित कर, साझा जमीन तैयार करने की जरूरत पर बल दिया। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने रूस-यूक्रेन युद्ध को कूटनीति से हल करने और इजराइल-हमास संघर्ष पर द्वि-राष्ट्र समाधान पर भरोसा जताया। भारत का जोर पश्चिम एशिया में युद्ध रोकने के प्रयासों पर रहा।

अंतर्राष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी-20 की भूमिका' शीर्षक वाले सत्र में बोलते हुए, मुरलीधरन ने संघर्ष के कई बिंदुओं को छुआ और उन पर भारत के रुख की पैरवी की।

- जी-20 बैठक में विदेश राज्य मंत्री बोले- इजराइल हमास युद्ध का द्वि-राष्ट्र समाधान निकालें

उन्होंने कहा, भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता है और हमें पश्चिम एशिया में युद्ध को और अधिक फैलने से रोकने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। लाल सागर में समुद्री जहाजों पर हमलों का जिक्र करते हुए, उन्होंने समुद्रों में सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया और समुद्री मार्गों की सुरक्षा जरूरी बताई। उन्होंने भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक रूप से संबोधित करने और आम जमीन खोजने की जरूरत पर भी ध्यानाकर्षित किया।

# पश्चिमी देशों की नीतियां रूस चीन को पास ला रहीं: जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और उनके दुष्परिणामों का जिक्र किया। इस साथ ही उन्होंने कहा कि रूस शासन कला की एक विशाल परंपरा वाली ताकत है और वह एशिया या दुनिया के गैर-पश्चिम हिस्सों की ओर अधिक रुख कर रहा है। जयशंकर ने रायसीना डायलॉग में मॉस्को और बीजिंग की बढ़ती नजदीकियों के सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

विदेश मंत्री ने कहा कि रूस अन्य देशों, खासतौर पर एशिया के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों की नीतियां रूस और चीन को करीब ला रही हैं। एक तरफ आपके पास ऐसे लोग हैं जो नीतियां

- रायसीना डायलॉग में विदेश मंत्री ने पश्चिमी देशों को फिर सुनाई खरी-खरी

बनाते हैं। दोनों को एकसाथ लाते हैं और फिर कहते हैं उनके एक साथ आने से सावधान रहें। दोनों देशों की नजदीकियों को लेकर यह सवाल ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक माइकल फुलिलोव ने पूछा था। इससे पहले जयशंकर ने कहा था कि रूस के साथ भारत के स्थायी और बहुत दोस्ताना संबंध हैं। मॉस्को ने कभी भी नई दिल्ली के हितो को नुकसान नहीं पहुंचाया है। रूस के हमले के बावजूद भारत के संबंध मजबूत है।

### पाकिस्तानः चुनाव में धांधली के आरोप से पलटे पूर्व नौकरशाह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह लियाकत अली चट्ठा अपने बयान से पलट गए। पूर्व नौकरशाह ने आरोप लगाया था कि रावलपिंडी से 13 प्रत्याशियों को जबरन विजेता घोषित किया गया। उन्होंने कहा है कि वह अपने दावों पर अत्यंत शर्मिंदा हैं।

मीडिया के अनुसार रावलपिंडी के पूर्व कमिशनर लियाकत ने कहा, 'मैं अपने काम की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई के लिए स्वयं को अधिकारियों के सामने समर्पित करता हूं। घटनाक्रम पर पीएमएलएन ने इमरान की पार्टी पर चुनाव को विवादास्पद बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

# सरकार के कहने पर एक्स से कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गए

नई दिल्ली, एजेंसी

अरबपति एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' ने पहली बार दावा किया है कि भारत सरकार के आदेश पर कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गए हैं। साथ ही पोस्ट भी हटाई गई हैं। एक्स ने अपने ग्लोबल गवर्नेंस अफेयर्स अकाउंट पर लिखा, 'हम इस कार्रवाई से सहमत नहीं हैं।

यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। भारत सरकार के आदेश के अनुसार यदि कंपनी एक्स कुछ अकाउंट्स और पोस्ट ब्लॉक नहीं करती तो उस पर जुर्माने और जेल की सजा हो सकती है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि ब्लॉक किए अकांउट और पोस्ट भारत में नहीं देखे जा सकेंगे। अन्य देशों में इन्हें देखा जा सकेगा। एक्स ने दावा किया

- सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने भारत सरकार पर लगाया आरोप यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है

कि कानूनी बाध्यता के कारण वह सरकारी आदेश सार्वजनिक नहीं कर सकती।

हालांकि, उसका मानना है कि पारदर्शिता के लिए इसे सार्वजनिक करना चाहिए। गौरतलब है कि कर्नाटक हाई कोर्ट में एक्स की सरकार के खिलाफ अर्जी लंबित है। इस पर 20 मार्च को सुनवाई होगी। मीडिया के अनुसार, किसान आंदोलन के चलते सरकार ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 177 अकाउंट्स ब्लॉक करने के आदेश दिए हैं।

**विज्ञान** अंतरिक्ष के विशाल तारों में सोने चांदी की तलाश, वैज्ञानिकों ने नए शोध में लगाया पता

# न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचारः** पृथ्वी पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी कहां से आया होगा। यह ऐसा प्रश्न है जिसका हल ढूंढने के लिए वैज्ञानिक अध्ययनरत हैं। अब नए शोध से पता लगा है कि दो न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से सोना चांदी जैसे बहूमूल्य धातुओं की उत्पत्ति संभव है।

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन दिन पर दिन घटते जा रहे हैं, जबकि आबादी का लगातार विस्तार हो रहा है। इस परिस्थिति में स्वाभाविक है कि वस्तुओं की मांग बढ़नी है। मगर प्राकृतिक संसाधनो की आपूर्ति कैसे हो। जिसके चलते वैज्ञानिको की नजरें ब्रह्मांड में जा टिकी है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी हमारे नजदीकी ग्रहों व पिंडो पर लगातार अध्ययन कर रहे हैं और

न्यूट्रॉन स्टार की टक्कर का चित्र।

अंतरिक्ष यान भेजकर धातुओं को धरती पर लाने के प्रयास कर रहे हैं। हमारी धरती पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी के भंडार लगातार कम होते जा रहे हैं। इनकी आपूर्ति को लेकर अध्ययन जारी हैं। अब एक नया शोध किया गया है। नेचुरल साइंस विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो ब्रैडली शेरिल की टीम ने पांच आधार पर यह शोध किया है। जिसमे उनका कहना है कि दो न्यूट्रॉन तारे की टक्कर ब्रह्मांड के सबसे भारी तत्वों का संश्लेषण करती है यानी निर्माण होता है। शोधकर्ताओं ने पांच नए आइसोटोप संश्लेषित किए हैं जो मृत तारों के तत्वों को पृथ्वी पर लाने में मदद कर सकते हैं। इस शोध से वैज्ञानिकों यह समझने के लिए एक कदम आगे बढ़ सकते हैं कि कैसे अति-घने, मृत तारों के बीच टकराव से सोने और चांदी जैसे भारी तत्व बन सकते हैं। बहरहाल यह शोध ब्रह्मांड से बहूमूल्य धातुओं की तलाश में पहला कदम है। इस दिशा में प्रयास जारी रखे जाएंगे तो निश्चित ही भविष्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

### तारों की टक्कर से ही तत्वों की उत्पत्ति संभव

अब तक के शोध बताते हैं कि भारी तत्वों की उपत्ति तारों से ही होती है। पृथ्वी मे सोना व चांदी भी इन्ही से आया होगा। मगर एक सामान्य तारे से यह उपलब्ध नही हो सकते। इनकी उत्पत्ति तभी संभव है, जब दो विशाल तारों की अंतिम अवस्था में टक्कर हो। तभी उच्च स्तर पर बने ताप से इन तत्वों की उपत्ति संभव है। एक सामान्य तारे से सिर्फ लोहे जैसे धातु ही बन सकती है। नए शोध से इसकी पुष्टि हुई है।

# अमेरिका के निजी स्पेसक्राफ्ट की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की निजी कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग हो गई है। लगभग 50 साल बाद रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस चांद की सतह पर उतरा है। 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है।

चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है। यह छह पैरों वाला एक रोबोट लैंडर है जो भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह 4:30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा। संयुक्त राज्य अमेरिका का ओडीसियस अंतरिक्ष यान गुरुवार (स्थानीय समय) को सफलतापूर्वक

चंद्रमा पर उतरा, जो 50 से अधिक वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान बन गया। इसके साथ, इंटुएटिव मशीन्स (आईएम) नोवा के पीछे का वाणिज्यिक उद्यम -सी लैंडर - चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग करने वाला पहला निजी उद्यम बन गया है। चांद का दक्षिणी ध्रुव वही हिस्सा है, जिसके करीब भारत के चंद्रयान 3 का विक्रम लैंडर उतरा था। लैंडिंग से पहले ओडिसियस के नेविगेशन सिस्टम में कुछ खराबी आई थी। इसके बावजूद लैंडिंग कराई गई। यह स्पेसक्राफ्ट मून के साउथ पोल पर उतरा है।